दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | छत्तीसगढ़ 4 | अभिव्यक्ति 11 | कारोबार/खेल

बिलासपुर, सोमवार, 5 जनवरी 2026 शुक्ल पक्ष-द्वितीय, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-11 अंक- 257 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

संगम तट पर कल्पवास शुरू, लाखों श्रद्धालुओं ने शुरू की एक महीने की कठिन साधना

नई दिल्ली। मां गंगा की गोदी में सबकी अपनी कामना, सबका अपना भक्ति-भाव। तंबुओं की नगरी में टेंट की बनी एक छोटी सी कुटिया, जिसमें सीमित सामग्री में सिमटी सकल गृहस्थी। शयन के लिए एक कोने में जमीन पर बिछा पुआल, दूसरे कोने में रसोई और एक कोने में चौकी पर विराजित रामचरित मानस, शंख और भगवान विष्णु का आसान। न कोई सांसारिक मोह-माया न ही कोई खेती-पाती की चिंता।

अभिलाषा यही कि जब तक शरीर साथ दे पतित पावनी मां गंगा के निमित्त जीवन समर्पित रहे। जीवन-मृत्यु के बंधन से मुक्ति मिले। इसी भक्ति-भाव और अक्षय पुण्य की कामना के साथ माघ मास के पहले स्नान पर्व पर शनिवार को लगभग पांच लाख श्रद्धालुओं ने कल्पवास का संकल्प लिया।

ब्रह्ममुहूर्त में गंगा स्नान कर कल्पवासियों ने मां गंगा का पूजन किया। घाट पर दीप, फल, पुष्प, मिष्ठान, नैवेद्य अर्पित कर संकल्प पूर्ण होने की कामना की। तीर्थपुरोहित को यथाशक्ति अन्न, वस्त्र, द्रव्य आदि दान किया। स्नान-दान के बाद शिविर में हवन-पूजन कर मानस का पाठ, श्रीमद्भागवत पाठ व भजन-कीर्तन किया। शाम को पंडालों में सत्संग सुनने पहुंचे। कल्पवास के पहले दिन स्नान के लिए घर से आए लोगों के कारण शिविरों में चहल-पहल रही।

मेले में नौकरी के साथ कल्पवास की साधना

अन्नपूर्णा मार्ग पर कल्पवास कर रहे करछना के जटाशंकर पांडेय मेला में राजस्व निरीक्षक का दायित्व संभाल रहे हैं। लेकिन वे अपने पिता माधव प्रसाद पांडेय के साथ कल्पवास भी करते हैं। स्नान-दान व स्वल्पाहार के बाद ड्यूटी पर चले जाते हैं और शाम को शिविर में आकर पिताजी की सेवा करते हैं। जटा शंकर का कहना है कि कल्पवास का यह भी नियम है कि मेला क्षेत्र में ही प्रवास जरूरी है। वह मैं कर रहा हूं, लेकिन अपने शासकीय दायित्व को निष्ठा से निभा रहा हूं। इंटर कॉलेज के पूर्व प्रधानाचार्य माधव प्रसाद 20 साल से कल्पवास कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि कल्पवास से मिली आत्मिक शक्ति से शारीरिक परेशानियां कमजोर हो जाती हैं।

पंचायत चुनाव की छूट गई चर्चा

करछना के शेष मणि पांडेय ने बताया कि कल्पवास करने से पूरी दिनचर्या बदल गई। गांव में अलाव के सामने बैठकर पंचायत चुनाव की चर्चा छूट गई। घर पर रोज सुबह और शाम को बस प्रधानी के चुनाव पर ही बातचीत होती रहती थी। कोहड़ोर के रहने वाले दुर्गा प्रसाद पांडेय ने बताया कि घर पर गर्म पानी से स्नान करता था, लेकिन यहां तीन बार ठंडे जल से स्नान करना होगा।

आज बेबाक

कहते हैं न कि जो दूसरों के लिए गढ्ढा खोदता है वह खुद कुएं में गिरता है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भी भारत को झुकाने के लिए उसकी राह में कांटे बिछाए और टैरिफ बम से डराने की कोशिश की लेकिन भारत की एक आंख फोड़ने के चक्कर में ट्रंप अपनी दोनों आंखें फोड़वा बैठे। भारतीय अर्थव्यवस्था तो तेजी से बढ़ रही है इसके उलट अमेरिकी अर्थव्यवस्था गढ्ढे में जा रही है। भारत को डेड इकानामी बताकर भारत से पंगा मोल लेने वाले अमेरिका की हालत आज यह है कि उसके सामने नंगा नहाए क्या और निचोड़े क्या वाली स्थिति बन गई है।

वेनेजुएला के गिरफ्तार राष्ट्रपति, उनकी पत्नी विमान से पहुंचे न्यूयॉर्क

वाशिंगटन। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी सिलिया फ्लोरेस को लेकर एक विमान न्यूयॉर्क के एक सैन्य अड्डे पर पहुंच गया है। इन दोनों को शनिवार तड़के वेनेजुएला में हुए अमेरिकी सैन्य हमले के दौरान गिरफ्तार किया गया था। यह जानकारी स्थानीय मीडिया ने दी। वेनेजुएला की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज ने सरकारी टेलीविजन चैनल पर प्रसारित राष्ट्रीय रक्षा परिषद के एक सत्र में राष्ट्रपति दंपति की तत्काल रिहाई की मांग की। उन्होंने कहा कि श्री मादुरो वेनेजुएला के एकमात्र राष्ट्रपति हैं। वेनेजुएला पर अमेरिका के हालिया हमलों और श्री मादुरो की गिरफ्तारी की पूरी दुनिया में निंदा एवं चिंता व्यक्त की गई है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने शनिवार को घोषणा किया कि वह वेनेजुएला के खिलाफ अमेरिकी अभियान पर सोमवार को एक आपातकालीन बैठक आयोजित करेगा।

गंगा के प्रदूषण ने ली डॉल्फिन की जान, खुलासा- डैमेज हो गया था लिवर

नई दिल्ली। कानपुर के जाजमऊ पुल के पास मृत मिली डॉल्फिन की मौत गंगा में प्रदूषण से हुई है। पोस्टमार्टम में इस बात के संकेत डॉक्टरों को मिले हैं क्योंकि डॉल्फिन का लिवर डैमेज हो चुका था। फिलहाल, डॉल्फिन का विसरा जांच के लिए भेजा जा रहा है। जांच रिपोर्ट ही डॉल्फिन की मौत का सच बयां करेगी, फिलहाल बिसरा सुरक्षित रखा गया है। जाजमऊ स्थित पुराना और नया पुल के बीच गंगा नदी में किनारे की ओर शुक्रवार को मृत डॉल्फिन मिली थी। शुक्रवार रात करीब डेढ़ बजे चकेरी थाना पुलिस ने डॉल्फिन को वन विभाग को सौंपा। शनिवार को चिड़ियाघर के पशु चिकित्सकों ने डॉल्फिन का पोस्टमार्टम किया। पोस्टमार्टम डेढ़ घंटे से अधिक समय तक चला। डॉल्फिन के पेट में चीरा लगाया गया तो लिवर देख डॉक्टर भी चौंक गए क्योंकि लिवर पूरी तरह काला हो चुका था। यह इस बात का संकेत दे रहा था कि गंगा में भारी धातुओं और रसायन का बढ़ता प्रदूषण डॉल्फिन की मौत की बना।

डीवीसीएम मुक्का और एसीएम माड़वी हितेश समेत 60 लाख के इनामी मारे गए

सुकमा के जंगलों में बड़ा एनकाउंटर

सुकमा/नवप्रदेश। नक्सल प्रभावित सुकमा जिले में सुरक्षा बलों को बड़ी सफलता मिली है। जिले के दक्षिणी क्षेत्र अंतर्गत किस्टाराम थाना इलाके के पामलूर जंगलों में हुई मुठभेड़ में कोंटा एरिया कमेटी के शीर्ष कैडर समेत कुल 12 माओवादी मारे गए। मारे गए माओवादियों में 5 महिला कैडर भी शामिल हैं। सुरक्षा बलों ने घटनास्थल से भारी मात्रा में अत्याधुनिक हथियार और संचार उपकरण बरामद किए हैं। कुख्यात माओवादी कोंटा-किस्टाराम एरिया कमेटी इंचार्ज (डीवीसीएम) वेट्टी मंगडू उर्फ मुक्का और कोंटा एरिया कमेटी सचिव (एसीएम) माड़वी हितेश उर्फ हूंगा भी मुठभेड़ में मारे गए हैं। दोनों लंबे समय से सुरक्षा एजेंसियों की मोस्ट वॉन्टेड सूची में शामिल थे।

60 लाख के इनामी, एएसपी शहीद कांड में थे शामिल: पुलिस के मुताबिक मारे गए माओवादी CYPC, DVCM, ACM और पार्टी मेंबर रैंक के थे, जिन पर कुल मिलाकर 60 लाख रुपये का इनाम घोषित था। ये सभी माओवादी जून 2025 में कोण्टा क्षेत्र के ढोढरा गिट्टी क्रेशर में हुए आईईडी ब्लास्ट में शामिल थे, जिसमें अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आकाश राव गिरिपुंजे शहीद हुए थे।

आईजी का संदेश: बस्तर रेंज के पुलिस महानिरीक्षक सुंदरराज पी. ने कहा कि बस्तर में शांति और स्थिरता की दिशा में निर्णायक प्रगति हो रही है। उन्होंने माओवादी कैडरों से हिंसा का रास्ता छोड़कर लोकतांत्रिक

कोंटा एरिया कमेटी ध्वस्त, 12 कुख्यात माओवादी ढेर

नक्सलवाद के खात्मे पर बड़ी तैयारी: गृहमंत्री अमित शाह इसी माह कर सकते हैं समीक्षा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 31 मार्च 2026 तक देश से नक्सलवाद को समाप्त करने का ऐलान किया है। उनके ऐलान के बाद से लगातार नक्सलियों के खिलाफअभियान चल रहा है और अब नक्सलवाद अंतिम सांसें गिन रहा है। डेडलाइन के लिए अब तीन माह से भी कम का समय बचा है। खबर है कि नक्सलवाद में आखिरी कील ठोकने की तैयारी चल रही है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह इसी महीने छत्तीसगढ़ दौरे पर आ सकते हैं और नक्सलवाद की समीक्षा कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि, नक्सलवाद को समाप्त करने की डेडलाइन तय होने के बाद केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह लगातार छत्तीसगढ़ के दौरे पर आ रहे हैं। वे यहां पर नक्सलवाद को लेकर रणनीति बनाने का काम करते हैं। केंद्र सरकार नक्सलवाद को समाप्त करने के लिए बहुत ज्यादा गंभीर है। इसका नतीजा भी दिख रहा है। जहां लगातार नक्सली मारे जा रहे हैं, वहीं नक्सली आत्मसमर्पण भी कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ में भी पहली बार डीजी-आईजी कांफ्रेंस का आयोजन किया गया था। इसमें यहां पर तीन दिनों तक जहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रहे, वहीं केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह चार दिनों तक रहे थे। इस कांफ्रेंस के समाप्त होने 12 दिनों बाद ही अमित शाह बस्तर ओलंपिक के समापन में आए थे।

सुबह से चली मुठभेड़, डीआरजी ने घेरा

पामलूर क्षेत्र के जंगलों में सशस्त्र माओवादियों की मौजूदगी की पुख्ता सूचना के आधार पर जिला रिजर्व गार्ड की टीमों को सर्च ऑपरेशन के लिए रवाना किया गया था। अभियान के दौरान सुबह करीब 8 बजे से सुरक्षा बलों और माओवादियों के बीच रुक-रुक कर गोलीबारी होती रही। सर्च ऑपरेशन के दौरान अलग-अलग मुठभेड़ स्थलों से कुल 12 माओवादियों के शव हथियारों सहित बरामद किए गए।

किरण चव्हाण, पुलिस अधीक्षक सुकमा

बांग्लादेश में हिंदू नेता के चुनाव लड़ने पर रोक

■ शेख हसीना की सीट पर आरएसएस से जुड़े गोबिंद का नामांकन खारिज

ढाका/एं। बांग्लादेश में एक हिंदू नेता को चुनाव लड़ने से रोक दिया गया है। बांग्लादेश में 12 फरवरी को चुनाव होने वाले हैं। गोबिंद चंद्र प्रमाणिक ने संसदीय चुनावों के लिए गोपालगंज-3 सीट से पर्चा दाखिल किया था, लेकिन रिटर्निंग ऑफिसर ने शनिवार को उनका नामांकन वापस कर दिया।

पूर्व पीएम शेख हसीना गोपालगंज-3 से सांसद थीं। यहां 50% से ज्यादा हिंदू वोटर्स हैं। गोबिंद निर्दलीय चुनाव लड़ना चाहते थे। वह पेशे से वकील हैं और बांग्लादेश जातीय हिंदू महाजोत नामक संगठन के महासचिव भी हैं। BJHM कुल 23 संगठनों का हिंदुत्ववादी गठबंधन है, जो राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़ा है।

खालिदा जिया की पार्टी पर लगाए गंभीर आरोप: रिपोर्ट्स के मुताबिक, गोबिंद ने कहा कि बांग्लादेश में एक प्रावधान है जिसके हिसाब से एक निर्दलीय उम्मीदवार को अपने इलाके के 1% वोटरों के साइन लाने होते हैं। वह नियम का पालन करते हुए 1% वोटरों के हस्ताक्षर लेकर आए थे, लेकिन बाद में उन वोटरों ने रिटर्निंग ऑफिसर से आकर कहा कि उनके साइन लिए ही नहीं गए थे।

प्रमाणिक की सीट पर 51% वोटर हिंदू

गोबिंद ने दावा किया है कि वो निर्दलीय चुनाव इसलिए लड़ना चाहते थे, क्योंकि उन्हें अपनी जीत पर भरोसा था। उनका कहना है कि गोपालगंज के 3 लाख मतदाताओं में से 51% हिंदू हैं। बीएनपी ने उन्हें रास्ते से हटाया क्योंकि यहां उसके जीतने की संभावना बिल्कुल भी नहीं थी। उन्होंने कहा, मैं चुनाव आयोग से इसकी शिकायत करूंगा। अगर मुझे न्याय नहीं मिला तो मैं कोर्ट भी जाउंगा।

बड़ा हादसा टला: एअर इंडिया फ्लाइट का फ्यूल लीक

जयपुर/वार्ता। राजस्थान के जयपुर इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर शनिवार शाम एक बड़ा हादसा टल गया। एअर इंडिया की फ्लाइट AI-622 में फ्यूल लीकेज की वजह से टेकऑफ रोक दिया गया। यह फ्लाइट शाम 7:55 बजे जयपुर से मुंबई के लिए रवाना होने वाली थी और एयरक्राफ्ट रनवे की ओर बढ़ रहा था।

इसी दौरान तकनीकी सिस्टम में खराबी का अलर्ट मिला, इसके बाद पायलट और ग्राउंड स्टाफने तुरंत टेकऑफ रोक दिया। वहीं, सभी यात्रियों को विमान से सुरक्षित बाहर निकाला गया और उन्हें

वापस टर्मिनल बिल्डिंग में ले जाया गया।

अचानक हुई इस घटना से यात्रियों में कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल बन गया, हालांकि किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। एयरपोर्ट से जुड़े सूत्रों के मुताबिक जांच करने पर

आठ घंटे के लिए रिमांड पर लिए गए पूर्व विधायक दीपनारायण

झांसी (ए.)। यूपी के झांसी में डकैती और रंगदारी के मामले में फरार समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधायक दीपनारायण सिंह यादव ने बीते साल 18 दिसंबर कोर्ट में पुलिस को चकमा देकर आत्मसमर्पण किया था। तबसे वह जेल में बंद हैं। पुलिस ने उन्हें तीन दिन की रिमांड पर लेने के लिए अर्जी दाखिल की थी। वहीं विशेष न्यायाधीश एमपी-एमएलए जीतेंद्र यादव की अदालत ने आठ घंटे की मंजूरी दी है।

पीएम मोदी ने नेशनल वॉलीबॉल चैंपिशनशिप का किया उद्घाटन, मथुरा पहुंचे भागवत

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश में देश की धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक राजधानी काशी ने खेल जगत में नया इतिहास रच दिया। सिगरा स्थित नवनिर्मित डॉ. संपूर्णानंद स्पोर्ट्स स्टेडियम में 4 से 11 जनवरी तक आयोजित 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री योगी ने कहा आज खेल समय बर्बादी का नहीं बल्कि जीवन की सफलता का माध्यम है। इस अवसर मुख्यमंत्री योगी

आदित्यनाथ ने कहा कि 72वीं सीनियर नेशनल वॉलीबॉल चैंपियनशिप के शुभारंभ कार्यक्रम में सभी खिलाड़ियों का स्वागत है। उन्होंने कहा, ''प्रधानमंत्री जी, यह आपकी अविनाशी काशी भव्य आयोजन के लिए तैयार है।'' सबसे पहले प्रधानमंत्री जी का हृदय से स्वागत करते हुए आभार व्यक्त किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत रविवार सुबह मथुरा पहुंचे। कोहरे के कारण उनकी ट्रेन 'तेलंगाना एक्सप्रेस' अपने निर्धारित समय से करीब एक घंटा देरी से सुबह 6:30 बजे जंक्शन रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर

गरमा-गरम

परीक्षा पे चर्चा 2026 | 81,533 पालकों का पंजीयन: पहले स्थान पर छत्तीसगढ़

बड़ी उपलब्धि: पालक सहभागिता में छत्तीसगढ़ देश में प्रथम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा परीक्षा को तनावमुक्त उत्सव के रूप में मनाने की पहल परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ ने उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ ने पालकों की भागीदारी में प्रथम स्थान हासिल कर पूरे देश में उदाहरण प्रस्तुत किया है।

अब तक छत्तीसगढ़ से 25.16 लाख प्रतिभागियों ने पंजीयन किया है, जिनमें 22.75 लाख विद्यार्थी, 1.55 लाख शिक्षक और 81,533 पालक शामिल हैं। यह उपलब्धि राज्य में परीक्षा प्रबंधन, समय प्रबंधन, पालकों को अपने बच्चों को परीक्षा में अधिक अंक लाने हेतु अनावश्यक दबाव देने

से बचने तथा उनके आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए किए जा रहे सुनियोजित प्रयासों को दर्शाती है।

'परीक्षा पे चर्चा' में पालकों की भागीदारी के मामले में छत्तीसगढ़ पूरे देश में प्रथम स्थान पर है। कुल पंजीयन के मामले में छत्तीसगढ़ राष्ट्रीय स्तर पर चौथे स्थान पर है। बलोदाबाजार जिले में 14,658 तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में 9,952 पालकों द्वारा पंजीयन किया गया है, जो इस अभियान के प्रति अभिभावकों की बढ़ती जागरूकता, सहभागिता और विश्वास का स्पष्ट प्रमाण है। यह उपलब्धि केवल संख्यात्मक सफलता नहीं है, बल्कि यह परीक्षा के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण में सकारात्मक बदलाव का भी संकेत देती है।

इस उल्लेखनीय सफलता के पीछे राज्य में अपनाई गई नवाचारपूर्ण रणनीतियाँ महत्वपूर्ण रही हैं। जिला स्तरीय समीक्षा बैठकों के माध्यम से अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित की गई, शिक्षक प्रशिक्षण केंद्रों पर ऑन-साइट पंजीयन की व्यवस्था की गई तथा युवा क्लब और 'अंगना म शिक्षा कार्यक्रम' के माध्यम से समुदाय को बड़े पैमाने पर जोड़ा गया।

नोएडा में 1000 से अधिक लोगों की पीएफ पेंशन रोकी

नोएडा (ए.)। नोएडा शहर के एक हजार से अधिक लोगों की पीएफ पेंशन रोक दी गई है। इन लोगों ने एक साल से अधिक समय बीतने के बाद भी अब तक पीएफ पेंशन के लिए आवश्यक जीवन प्रमाण पत्र (लाइफ सर्टिफिकेट) अपडेट नहीं कराया है। कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के अनुसार, जीवन प्रमाण पत्र दुरुस्त कराने पर इन लोगों को पेंशन फिर से मिलने लगेगी। नोएडा के 1085 लोगों ने पीएफपेंशन के लिए अपना जीवन प्रमाण पत्र अपडेट नहीं कराया है। इसमें एक से पांच साल तक जीवन प्रमाण पत्र दुरुस्त नहीं

कराने वाले लोग शामिल हैं।

भविष्य निधि आयुक्त प्रथम सुयश पांडे ने कहा कि पीएफ पेंशन के लिए व्यक्ति को साल में एक बार अपना जीवन प्रमाण पत्र अपडेट कराना होता है। जिन लोगों ने यह प्रक्रिया पूरी नहीं की है और एक साल से अधिक समय हो गया है अब उनकी पेंशन अस्थायी

नव प्रदेश
छत्तीसगढ़

न्यूज गैलरी

महापौर ने किया अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का औचक निरीक्षण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। नगर के महापौर श्री मधुसूदन यादव ने द्वारा शहर के गौरव, अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम का विस्तृत निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने स्टेडियम के मैदान की स्थिति (एस्ट्रोटर्फ) बदलने को लेकर विस्तृत चर्चा की गई साथ ही खिलाड़ियों को मिलने वाली बुनियादी सुविधाओं का जायजा लिया। महापौर ने एस्ट्रोटर्फकी गुणवत्ता की जांच की और खेल अधिकारियों को निर्देश दिया कि अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप मैदान की सफाई और पानी के छिड़काव में कोई कोताही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने चेंजिंग रूम, जिम और खिलाड़ियों के विश्राम गृह का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खिलाड़ियों को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होनी चाहिए। स्टेडियम परिसर में साफ-सफाई और सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए। निरीक्षण के दौरान महापौर ने कहा, ÷यह स्टेडियम हमारे शहर की पहचान है और यहाँ से राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी तैयार हो रहे हैं। हमारी प्राथमिकता है कि हम खिलाड़ियों को विश्वस्तरीय बुनियादी ढांचा प्रदान करें। स्टेडियम के उन्नयन के लिए बजट की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

पिता का हत्या करने वाला आरोपी बेटा हुआ गिरफ्तार

राजनांदगांव/नवप्रदेश। 20.06.2025 को शेख बशीर पिता शेख बिसारत, उम्र 75 साल, निवासी ग्राम भटगुना, थाना डोंगरगांव जिला राजनांदगांव छ.ग.को दिनांक 19.06.25 को उसके बेटा शेख सलीम उम्र 26 साल के द्वारा मारपीट करने से घायल होने पर ईलाज हेतु परिजनों के द्वारा सीएचसी डोंगरगांव लाया गया था मुर्तजरर की बहु श्रीमति संजू खान से पुछताछ करने पर आरोपी शेख सलीम पिता शेख बशीर उम्र 26 साल साकिन भटगुना के द्वारा हाथ मुक्का से मारपीट करना बताने पर थाना डोगरगांव में अपराध क्रमांक 201/25 धारा- 296, 115(2),351(2) बीएनएस कायम कर विवेचना में लिया गया जिसकी जिसकी मृत्यु दिनांक 23.06.25 को होने से प्रकरण धारा 109(1), 103(1) बीएनएस जोडी गई। सूचना वरिष्ठ अधिकारी को दिया गया जिस पर श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा, अति पुलिस अधीक्षक महोदय श्रीमती वैशाली जैन व पुलिस अनुविभागीय अधिकारी डोंगरगांव श्री दिलीप सिसोदिया के दिशा-निर्देश में थाना प्रभारी डोंगरगांव निरीक्षक आशीर्वाद राहटगांवकर द्वारा थाना डोंगरगांव की टीम गठीत कर अपराध विवेचना एवं आरोपी पता साजी किया जा रहा था। दौरान विवेचना के आरोपी शेख सलीम पिता शेख बशीर उम्र 26 साल साकिन भटगुना, थाना डोंगरगांव, जिला राजनांदगाव (छ0ग0) से पुछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार कर बताया कि, दिनांक 19.06.25 को अपने अब्बू शेख बशीर को बोला कि जमीन जायदाद का पैसा बटवारा किसी को मत दो मेरा छोटा बच्चा है उसी के नाम से करेंगे।

छेरछेरा पर्व पर राजा बाड़ा गांधी चौक में प्रसादी वितरण

नगरी/नवप्रदेश। नगरी नगर में शनिवार को छत्तीसगढ़ की पारंपरिक लोक पर्व छेरछेरा के अवसर पर राजा बाड़ा गांधी चौक में सामाजिक सद्भाव एवं उत्साह का वातावरण देखने को मिला। इस पावन अवसर पर मनोज कुमार साहू के द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से हलवा प्रसादी का वितरण किया गया। जिसमे कार्यक्रम में सोमनाथ देवांगन, कुलदीप देवांगन, भैरवचंद देवांगन, हीरालाल देवांगन, पलक देवांगन, परिधी देवांगन, प्रणव देवांगन, भावेश, पूर्वी सहित उनके परिवारजन एवं मोहल्लेवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। छेरछेरा पर्व पर घर-घर आने वाले बच्चों एवं नागरिकों को प्रसाद वितरण करते हुए जयकुमार, येश कुमार, झुमन सोम, फलेन्द्र साहू, रमन सोनी सहित अन्य युवाओं की सक्रिय सहभागिता देखने को मिली। सभी ने मिलकर उत्साहपूर्वक बच्चों और लोगों को हलवा प्रसाद वितरित किया। इस आयोजन से क्षेत्र में आपसी भाईचारा, सामाजिक एकता एवं लोक परंपराओं के संरक्षण का संदेश दिया गया। उपस्थित नागरिकों ने ऐसे आयोजनों की सराहना करते हुए आयोजक परिवार का आभार व्यक्त किया।

आंगनबाड़ी केंद्र डीहीपारा नगरी में सुपोषण चौपाल का आयोजन

नगरी/नवप्रदेश। आंगनबाड़ी केंद्र डीहीपारा नगरी में सुपोषण चौपाल का आयोजन किया गया था जिसका विषय आकांक्षा वृक्ष था जो बच्चों की विकास एवं वृद्धि के बारे में जानकारी दिया गया जिस प्रकार एक पौधे को वृक्ष बनाने में अच्छी मिट्टी जल नियमित देखरेख की आवश्यकता होती है इस प्रकार बच्चों के विकास में टीकाकरण नियमित वजन खान-पान स्वच्छता की नियमित देखरेख की आवश्यकता होती है के बारे में जानकारी दिया गया साथ ही आकांक्षा वृक्ष बनाया गया था पालकों को ड्राइंग शीट में आम की आकृति का कट आउट दिया गया जिसमें पालक अपने बच्चों को जो भी बनाना चाहते हैं वह आम के कट आउट में लिखकर जैसे डॉक्टर इंजीनियर शिक्षक नाम लिखकर आकांक्षा वृक्ष पर चिपकाए गया यहां वार्ड क्रमांक 01 के पार्षद श्री राजकुमार पवार जी आंगनवाड़ी कार्यकर्ता श्रीमती ऋषि साहू शाही का दीप मनी ध्रुव भुवनेश्वरी साहू दीपिका पूर्णिमा फुलेश्वरी नंदिनी ज्योति किरण विश्वकर्मा अंबिका चौहान मनोज कुमार चौहान कन्हैया यादव आराधना के साथ-साथ आंगनवाड़ी के बच्चे उपस्थित थे।

10वीं एवं 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षाएं 20 जनवरी तक चलेंगी

प्रैक्टिकल परीक्षाएं चल रहीं, अब प्री बोर्ड परीक्षा 15 तक लेने का फरमान

■ **लोक शिक्षण संचालनालय के निर्देश से स्कूलों में असमंजस की स्थिति**

रायपुर/नवप्रदेश। कक्षा 10वीं एवं 12वीं की प्रैक्टिकल परीक्षा के बीच प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के लोक शिक्षण संचालक के फरमान से स्कूलों में असमंजस की स्थिति बन गई है। प्रैक्टिकल परीक्षा 20 जनवरी तक चलेगी और प्री बोर्ड परीक्षाएं 15 जनवरी तक आयोजित करने के निर्देश दिए गए हैं।

छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) इस साल 1 मार्च के बजाय 20 फरवरी से बोर्ड परीक्षाएं आयोजित कर रहा है। इसके चलते प्रैक्टिकल परीक्षाएं भी 10 दिन पहले शुरू हो गई हैं। मंडल द्वारा जारी तिथि के अनुसार प्रैक्टिकल परीक्षाएं 1 जनवरी से शुरू हो गई हैं और 20 जनवरी तक चलेंगी। इस बीच लोक शिक्षण संचालक ने 10वीं एवं 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के निर्देश जारी किए हैं।

सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी पत्र में प्री बोर्ड परीक्षाएं 15 जनवरी तक संपन्न करने कहा गया है। लोक शिक्षण संचालक के इस निर्देश से स्कूलों में प्राचार्यों और शिक्षकों की परेशानी बढ़ गई है।

माना जा रहा था कि प्री बोर्ड परीक्षाएं प्रैक्टिकल परीक्षा के खत्म होते ही 21 जनवरी से आयोजित की जाएंगी परंतु संचालनालय के निर्देश के कारण शिक्षकों में नाराजगी है। हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूलों के कई व्याख्याताओं एवं शिक्षकों की ड्यूटी इन दिनों मतदाता पुनरीक्षण कार्य के लिए अभिहित अधिकारी के रूप में लगी है। इसके कारण पढ़ाई भी प्रभावित हो रही है। इसके बाद भी आनन-फानन में प्री बोर्ड परीक्षा आयोजित करने के निर्देश ने चिंता बढ़ा दी है।

कोर्स भी पूरा नहीं हो पा रहा

बड़ी संख्या में व्याख्याताओं एवं शिक्षकों की मतदाता पुनरीक्षण कार्य में ड्यूटी लगाए जाने से स्कूलों में कई विषयों का कोर्स पूरा नहीं हो पा रहा है। इतना ही नहीं प्राचार्य प्रमोशन के बाद सैकड़ों स्कूलों में विषयवार व्याख्याताओं की भी कमी हो गई है। इससे भी पढ़ाई प्रभावित हो रही है। शहर के जे. आर. दानी गर्ल्स स्कूल से ही 10 व्याख्याता पदोन्नत होकर प्राचार्य बनकर चले गए हैं। इसी तरह प्रमोशन के बाद पीजी उमाठे स्कूल शांतिनगर में आधा दर्जन व्याख्याता के पद रिक्त हो गए हैं। कई स्कूल जैसे-तैसे कोर्स पूरा करने में जुटे हुए हैं।

नशा और गुस्से ने उजाड़ा पूरा परिवार, मामले की तफ्तीश करती हुई पुलिस

बेटे को गोली दागने वाले पिता ने की आत्महत्या, पेड़ पर लटका मिला शव

मोहला/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मोहला जिले में शुक्रवार रात पारिवारिक विवाद पर पिता ने अपने बेटे को भरमार बंदूक से गोली दाग कर हत्या कर दी थी और पत्नी को भी घायल कर दिया था। आपको बता दें कि, उसी पिता ने 4 जनवरी को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया है।

मिली जानकारी के अनुसार, यह पूरा मामला अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के कुवारदल्ली गांव का है। जहां 22 वर्षीय बेटे के ऊपर पिता ने भरमार बंदूक से गोली चला दी, जिससे बेटे की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं माँ यानी आरोपी की पत्नी गंभीर रूप से घायल बताई जा रही है। बता दें कि, बेटे की हत्या करने व पत्नी को घायल करने के बाद आरोपी बंदूक समेत फरार हो गया था। इस मामले में निरीक्षक अश्वनी राठौर ने पुष्टि करते हुए बताया कि, हत्याकांड को अंजाम देकर बंदूक सहित फरार आरोपी का शव घटनास्थल से कुछ दूर डूमर के पेड़ मे फासी पर लटका मिला है। इस तरह नशा और अति क्रोध में एक परिवार का अंत हो गया।

नशे की हालत में बेटे पर दाग दी बंदूक

उल्लेखनीय है कि, अंबागढ़ चौकी थाना क्षेत्र के ग्राम कुवारदल्ली में घरेलू विवाद ने खौफनाक रूप ले लिया। शुक्रवार रात लगभग 8 बजे के लगभग आरोपी संत कुमार उम्र 48 साल गांव के बाहर जंगल किनारे ईट बना रहा था। रात को किसी बात को लेकर उसकी पत्नी शांति बाई के साथ विवाद हो गया। विवाद के बीच शांति बाई ने पति के द्वारा झगड़ा तकरार करने की जानकारी फोन पर अपने बेटे शेखर उईके को दी। जिसके बाद तत्काल शेखर ईट भट्ठा में पहुंचकर अपने पिता को मां के साथ हो रहे वाद-विवाद पर समझाईश दे रहा था। जिसके बाद नशे की हालत में अतिक्रोध में आकर पिता ने भरमार से बेटे के ऊपर गोली दाग दी।

इस घटना में शेखर उईके की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं बंदूक का छर्रा शांति बाई के जबड़ा मे धस गया, जिसे ग्रामीणों और परिजनों ने एंबुलेंस बुलवाकर अस्पताल पहुंचाया। रात को घटना के वक्त वारदात स्थल पर ईट बनाने वाले प्रत्यक्षदर्शी भी मौजूद थे।

बंदूक लेकर फरार हो गया था आरोपी: आरोपी संत कुमार भरमार बंदूक से गोली चलाकर अपने बेटे की हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद हाथ में बंदूक लेकर कोठार से लगे जंगल पहाड़ी की ओर मौके से फरार हो गया था, जिसे अंबागढ़ चौकी पुलिस और ग्रामीणों की अलग अलग टीम घटना के तत्काल बाद से सरगर्मी से तलाश कर रहे थे।

जेल या मौत दो ही विकल्प था: बेटे की हत्या और पत्नी को घायल करने के बाद हाथों में बंदूक लेकर फरार हुए आरोपी संत कुमार के पास सिर्फ दो ही विकल्प रहे या तो इस जुर्म के लिए जेल या स्वयं के चुना हुआ मौत। इस मामले में भी यही देखने को मिला नशे और अतिक्रोध में बेटे की हत्या करने के बाद घटना के तीसरे दिन गोलीकांड घटनास्थल के नजदीक आरोपी का शव एक डूमर पेड़ मे फासी के फंदे पर लटका हुआ मिला है।

नगरी नगर पंचायत में विशेष बैठक संपन्न

नगरी/नवप्रदेश। नगरी नगर पंचायत के 10 बूथों में एसआईआर के द्वितीय चरण के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की समीक्षा हेतु एक विशेष बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता धमतरी जिले के भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष सम्माननीय श्री प्रकाश बैस जी ने की।

जिसमे बैठक में नगर पंचायत नगरी के भाजपा पार्षद, बूथ अध्यक्षों, बीएलओ2, और पार्टी के वरिष्ठ एवं सक्रिय कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्री बैस जी ने एसआईआर से संबंधित द्वितीय चरण के कार्यों को अत्यंत सजगता, जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ समय-सीमा में पूर्ण करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि मतदाता सूची ही चुनाव परिणाम की दिशा तय करती है, इसलिए नाम जोड़ने, घटाने, स्थानांतरण कराने तथा प्रथम चरण में जिन मतदाताओं के नाम छूट गए हैं, उन्हें दावा-आपत्ति के माध्यम से पुनः जोड़ने हेतु कार्यकर्ता सक्रिय भूमिका निभाएं। साथ ही सभी कार्यकर्ताओं को पार्टी के दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य करते हुए चुनाव की तैयारियों में अभी से जुट जाने का संदेश दिया गया।

सड़क सुरक्षा माह में हेलमेट जागरूकता रैली

राजनांदगांव/नवप्रदेश। राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के दूसरे दिन पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव सुश्री अंकिता शर्मा की उपस्थिति हेलमेट जन-जागरूकता बाईक रैली का आयोजन किया गया। इस रैली का उद्देश्य आम नागरिकों को दुपहिया वाहन चलाते समय हेलमेट पहनने के महत्व के प्रति जागरूक करना है।

हेलमेट जागरूकता रैली में अति. पुलिस अधीक्षक नक्सल आपरेशन श्री मुकेश ठाकुर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री पुष्पेंद्र नायक, प्रशिक्षु आईपीएस नगर पुलिस अधीक्षक श्रीमति वैशाली जैन, रक्षित निरीक्षक लोकेश कुमार कसेर, यातायात प्रभारी निरीक्षक नवरतन कश्यप, यातायात स्टॉप एवं शहर के पुलिस थाने एवं चौकी स्टॉफ सम्मिलित हुए। हेलमेट जन जागरूकता रैली पुलिस अधीक्षक कार्यालय से प्रारंभ होकर नया बस स्टैण्ड चौक, गुरूद्वारा चौक, मानव मंदिर चौक, भारत माता चौक, गंज चौक से वापस भारत माता चौक, बसंतपुर थाना तिराहा, दुर्गा चौक, मानव मंदिर चौक, महावीर चौक, फौव्वारा चौक, गुरूद्वारा चौक नया बस स्टैण्ड चौक, अम्बेडकर चौक प्यारेलाल चौक, पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर समापन हुआ। राजनांदगांव पुलिस की आम नागरिकों से अपील है कि आप अपने परिवार एवं स्वयं के सुरक्षा के लिए बिना हेलमेट दुपहिया वाहन न चलायें, दुपहिया वाहन में तीन सवारी न चले, वाहन चलाते समय मोबाईल मे बात न करे, तेज गति से वाहन न चलाये, चारपहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगायें।

इंदौर जैसी त्रासदी से सबक लें, भगोड़ी कंपनी को दोबारा जिम्मेदारी देना जनता के साथ धोखा : ऋषि शास्त्री

■ **पेयजल सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दे प्रशासन लापरवाही पड़ी तो जनहानि की जिम्मेदारी तय होगी**

राजनांदगांव/नवप्रदेश। इंदौर में दूषित पेयजल के कारण 15 लोगों की दर्दनाक मौत ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। इस हृदयविदारक घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए युवा नेता एवं पूर्व पार्षद ऋषि शास्त्री ने राजनांदगांव नगर निगम और जिला प्रशासन को चेताया है कि यदि समय रहते ठोस कदम नहीं उठाए गए तो ऐसी त्रासदी यहां भी दोहराई जा सकती है। पानी जो जीवन देता है, वही जहर बन जाए इससे बड़ी विडंबना क्या होगी।

श्री शास्त्री ने आगे कहा कि जिन लोगों ने जीवन बचाने के लिए पानी पिया, वही पानी उनके लिए मौत का कारण बन गया। उन्होंने भावुक शब्दों में कहा किसी घर का मन्नतों के बाद जन्मा चिराग बुझ गया तो कहीं दो वक्त की रोटी कमाने वाला पिता अपनी आखिरी सांस ले गया। यह केवल एक घटना नहीं बल्कि सिस्टम की घोर विफलता है। भ्रष्टाचार के आरोपों से घिरी कंपनी पर गंभीर सवाल शास्त्री ने नगर निगम की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि जिस कंपनी पर 210 करोड़ रुपये के भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं और जिसने पहले पेयजल संयंत्र का मेंटेनेंस अधूरा छोड़ दिया था उसी कंपनी को दोबारा जिम्मेदारी सौंपना जनता के साथ सीधा धोखा है। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में जवाबदेही तय करने के बजाय आंख मूंदकर ठेके देना आम नागरिकों की जान से खिलवाड़ है। जल स्त्रोतों पर खुलेआम हो रही गंदगी प्रशासन मौन ऋषि शास्त्री ने मोहारा वाटर वर्क्स एनीकट और पुराने पुलिया क्षेत्र का उलेख करते हुए कहा कि वहां वाहन धुलाई के कारण पानी में तेल, डीज़ल और अन्य जहरीले तत्व मिल रहे हैं। इसके अलावा प्लांट से लेकर घरों तक जाने वाली पाइपलाइन और कनेक्शनों में लीकेज की लगातार शिकायतें मिल रही हैं लेकिन उनके स्थायी समाधान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही।

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन ट्रायल 6-8 जनवरी को रायपुर और बिलासपुर में

छत्तीसगढ़ के मूल निवासी जनजातीय खिलाड़ी ले सकते हैं चयन ट्रायल में हिस्सा

■ **क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीयन, ट्रायलस्थल पर ऑफलाइन पंजीयन भी होगा**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इसमें भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर 8871419609 पर फोन कर या वेबसाइट http://sportsyw.cg.gov.in के माध्यम चयन ट्रायल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं। सभी ट्रायलस्थलों पर ऑफलाइन पंजीयन भी किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पात्र खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों से अपने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी साथ लाने को कहा है।

रायपुर में होंगे वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के ट्रायल

रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में 6 जनवरी को सवेरे नौ बजे से वेट-लिफ्टिंग, 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से कुश्ती तथा 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से फुटबॉल के लिए ट्रायल होंगे। 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा।

तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के ट्रायल बिलासपुर में

बिलासपुर के स्वर्गीय बी.आर. यादव स्टेडियम में 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से तीरंदाजी और एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे। बिलासपुर के सरकंडा स्थित जिला खेल परिसर में 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से तैराकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा।

एटीआर के कोर जोन में बदमाशों ने रात में की फायरिंग, तीन गिरफ्तार

आरोपियों से 2 एयर गन, रायफल और सफारी वाहन जब्त, डिप्टी डायरेक्टर की भूमिका संदिग्ध

बिलासपुर/मुंगेली/नवप्रदेश। अचानकमार टाइगर रिजर्व के कोर जोन में हथियार लेकर घुसने और फायरिंग करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपियों के कब्जे से 2 एयर गन, रायफल और सफारी वाहन जब्त किया है। इधर एटीआर प्रबंधन ने बेरियर गार्ड को हटा दिया है और रेंजर को नोटिस जारी किया है। इस कार्रवाई के बाद भी एटीआर प्रबंधन की कार्य प्रणाली सवालों के घेरे में है। क्योंकि एटीआर के कोर जोन में किसके संरक्षण में लोगों को प्रवेश दिया जा रहा है ? या एटीआर के अधिकारी कोर जोन में घूमने और शिकार करने के लिए मोटी रकम वसूल रहे है। यदि वीडियो वायरल नहीं होती तो किसी की खबर तक नहीं होती।

गौरतलब है कि मुंगेली के अचानकमार टाईगर रिजर्व एरिया के कोर जोन में खुलेआम घुसने और फायरिंग करने का वीडियो वायरल हुआ था। एटीआर के सुरही वन परिक्षेत्र के कोर जोन में बंदूक के साथ युवकों ने न केवल प्रवेश किया बल्कि रात के वक्त फायरिंग भी किया। इसका वीडियों वायरल होने के बाद जाने के बाद शनिवार को हड़कंप मच गया। मुंगेली एसपी भोजराम पटेल के निर्देश पर तत्काल वीडियों में दिख रहे युवकों की पतासाजी शुरू की गयी। पुलिस की तत्परता का परिणाम रहा कि पुलिस और वन विभाग की टीम ने खबर लगने के कुछ घंटे के भीतर ही छापामार कार्रवाई कर वायरल वीडियों में दिख रहे 26 वर्षीय अजीत वैष्णव, 27 वर्षीय अनिकेत और 36 वर्षीय विक्रांत वैष्णव को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से दो एयर रायफल और टाटा सफारी वाहन को जब्त किया है। एटीआर प्रबंधन ने तीनों युवकों के खिलाफ वन्यप्राणी संरक्षण अधिनियम 1972 की धारा के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया। जहां से तीनों युवकों को जमानत के अभाव में जुडिसियल रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। सवाल ये भी है कि आखिर किसके संरक्षण में एटीआर के कोर जोन में अनाधिकृत तरीके से प्राइवेट गाड़ियों को बिना जांच के सीधे एंट्री दी जा रही है? सूत्रों की माने तो ये कोई चूक नही है, एटीआर के कोर जोन में आये दिन युवक और अन्य लोग अनाधिकृत तरीके से गाड़ियों के साथ प्रवेश कर रहे है, लेकिन इस खुलास के बाद एटीआर प्रबंधन ने भले ही इस गंभीर मामले पर पर्दा डालने के लिए रेंजर को नोटिस जारी कर बेरियर गार्ड को हटा दिया हो, लेकिन ये पूरा खेल उच्च स्तर के अधिकारियों के संरक्षण में चलने की बात कही जा रही है। ऐसे में अचानकमार टाईगर रिजर्व एरिया के नियमों की धज्जियां उड़ाने वाले इस पूरे प्रकरण पर यदि उच्च स्तरीय जांच करायी जाती है, तो और भी बड़े खुलासे होने की बात कही जा रही है।

गार्ड को हटाने के साथ रेंजर को नोटिस

मीडिया में खबर प्रकाशित होने के बाद एटीआर प्रबंधन भी नींद से जागा और बेरियर के गार्ड को हटाने के साथ ही रेंजर को नोटिस जारी की है। बताया जा रहा है कि अचानकमार टाईगर रिजर्व के सुरही वन परिक्षेत्र कोर जोन तक पहुंचने के लिए किसी भी वाहन को एटीआर के तीन बेरियर को पार करना पड़ता है। नियमों के मुताबिक इन बेरियर से किसी भी निजी वाहन को बगैर उच्च अधिकारियों की अनुमति के कोर जोन में जाने की अनुमति नही होती। बावजूद इसके हथियार से लैस इन युवकों की सफारी कार को किसी भी बेरियर पर रोका क्यों नही गया ? आखिर वो कौन अधिकारी है? जिसके आदेश पर तीनों बेरियर से बगैर किसी जांच के हथियार के साथ सफारी कार को कोर जोन के अंदर तक तक जाने दिया गया ?

न्यूज गैलरी

11 कुंडीय रुद्र शिव महायज्ञ व श्रीमद भगावत कथा बरद्वार में शुरु

करगी रोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा जनपद पंचायत के ग्राम बरद्वार में 4 से 11 जनवरी तक घोंघा नदी के तट पर 11 कुंडीय श्री रुद्र शिव महायज्ञ व श्रीमद् भगवद कथा ज्ञान यज्ञ एवं मेले का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व सरपंच एवं आयोजन समिति के अध्यक्ष भास्कर साहू ने बताया की हमारे ग्राम बरद्वार में 11 कुंडिय श्री शिव महारुद्र यज्ञ एवं संगीतमय श्रीमद भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ दिनांक 4 जनवरी को प्रातः 10 बजे भव्य कलश यात्रा के साथ होगा, जिसमें आस-पास क्षेत्र एव समस्त ग्राम वासी सम्मलित रहेंगे। गुरु अखिल महाराज (गोपेश) व श्रीमद् भगवत कथा वाचक पंडित योगेन्द्र शरण शास्त्री वृन्दावन वाले ने बताया की वास्तव में युगों युगों से चली आ रही हमारी भारतीय संस्कृति में यज्ञ और भागवत में कलश यात्रा का विशेष महत्व है क्योंकि कलश में भगवान ब्रह्म, विष्णु , महेश सहित 33 कोटि देवी देवताओं का वास होता है जिन माता बहनों के सिर पर कलश स्थापित होता है उनका जीवन धन्य हो जाता है।

क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं ऑनलाइन पंजीयन, ट्रायल स्थल पर ऑफलाइन पंजीयन भी

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए रायपुर और बिलासपुर में चयन ट्रायल 6 से

बिलासपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं।

नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इसमें भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर 8871419609 पर फोन कर या वेबसाइट एचटीटीपीः// स्पोर्टसवायडब्ल्यूडाटसीजीडाटजी ओवीडाटइन के माध्यम चयन ट्रायल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं। सभी ट्रायलस्थलों पर ऑफलाइन पंजीयन भी किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पात्र खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों से अपने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी साथ लाने को कहा है।

रायपुर में होंगे वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती फुटबॉल और हॉकी के ट्रायल

रायपुर के स्वामी विवेकानंद स्टेडियम कोटा में 6 जनवरी को सवेरे नौ बजे से वेट-लिफ्टिंग, 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से कुश्ती तथा 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से फुटबॉल के लिए ट्रायल होंगे। 7 जनवरी और 8 जनवरी को सवेरे नौ बजे से रायपुर के सरदार वल्लभ भाई पटेल अंतरराष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम में हॉकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा।

तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के ट्रायल बिलासपुर में

बिलासपुर के स्वर्गीय बी.आर. यादव स्टेडियम में 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से तीरंदाजी और एथलेटिक्स के ट्रायल होंगे। बिलासपुर के सरकंडा स्थित जिला खेल परिसर में 7 जनवरी को सवेरे नौ बजे से तैराकी खिलाड़ियों का ट्रायल होगा।

आदि मानिकपुरी कबीर पंथ ने नववर्ष धूमधाम से मनाया

करगीरोड (कोटा)/नवप्रदेश। कोटा नगर में आदि मानिकपुरी कबीर पंथ शुद्धाचारी आमीन माता सेवा समिति कोटा के द्वारा चौदस पूर्णिमा के शुभ अवसर पर नव वर्ष मिलन समारोह संस्कृति चौका आरती का कार्यक्रम एवं समिति के पदाधिकारियों के द्वारा नई परम्परा बनाई गई उनके द्वारा एक नव युगल जोड़ों की सगाई पूरी रीति रिवाज किया गया तथा इस कार्यक्रम में उपस्थित कोटा नगर पंचायत अध्यक्ष सरोज दुर्गेश साहू को मुख्य अतिथि बनाया गया था जिन्होंने कार्यक्रम को सुसज्जित की और कबीर जी के विचारों के राह पर उद्बोधन दी। बिलासपुर संभागीय सचिव अरुण मानिकपुरी के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस भी प्रतिभागियों को मोमेंटो देकर उनका सम्मान किया। इस कार्यक्रम में समिति के अध्यक्षा अंबिका मानिकपुरी, मालती मानिकपुरी, वैजयंती मानिकपुरी, अंजु मानिकपुरी, गीता बाई मानिकपुरी, सूखनी बाई, चंदा बाई पार्वती मानिकपुरी, कमलेश मानिकपुरी एवं बिलासपुर से आए हुए एमडी मानिकपुरी संरक्षक मानिकपुरी पनिका समाज लिगियाडीह अमित दास युवाध्यक्ष एवं केडी, वी मिशन के जिला प्रतिनिधियों का आगमन हुआ।

निरस्त किए रेत भंडारण को बचाने कांग्रेसी भाजपा नेताओं से कर रहे संपर्क

■ अस्थाई रेत भंडारण के नाम पर शासन को लगा चुके हैं करोड़ों का चुना

जांजगीर-चांपा/नवप्रदेश। जिले के बम्हनीडीह क्षेत्र अंतर्गत ग्राम अमोदी में कलेक्टर के आदेश से निरस्त किए गए अस्थायी रेत भंडारण का मामला अब प्रशासन की साख पर सवाल बनता जा रहा है आदेश जारी होने के बाद भी ठेकेदारों की गतिविधियों में कोई कमी नहीं आई है हालात ऐसे बन गए हैं कि कलेक्टर का आदेश पूरे क्षेत्र में असरहीन और मजाक का विषय बनता नजर आ रहा है। अमोदी में नियम उल्लंघन के चलते रेत भंडारण निरस्त किया गया था, लेकिन इसके बाद भी ठेकेदार खुलेआम सक्रिय हैं न तो मौके पर सख्ती दिख रही है और न ही आदेश का पालन सुनिश्चित होता नजर आ रहा है स्थानीय लोगों का कहना है कि अगर कलेक्टर का आदेश ही नहीं माना जा रहा, तो फिर प्रशासनिक कार्रवाई का मतलब क्या रह जाता है ठेकेदार खुले आम अमोदी घाट से रेत का अवैध उत्खनन करने पीछे नहीं है वह खुले आम रेत की कालाबाजारी कर शासन को लाखो का चुना लगा रहा है जिसे रोकने में खनिज विभाग पुरी तरह से नाकाम साबित हो रहा है।सूत्रों के अनुसार निरस्तीकरण के बाद ठेकेदार लगातार रायपुर में अधिकारियों के चक्कर काट रहे हैं और जांजगीर के नेताओं से राजनीतिक पहुंच का इस्तेमाल कर कलेक्टर के आदेश को कमजोर करने की कोशिश की जा रही है यह स्थिति जिला प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े करती है और यह संदेश देती है कि आदेश केवल कागजों तक सीमित रह गए हैं । स्थानीय स्तर पर यह चर्चा आम है कि प्रभावशाली नेताओं के जरिए भंडारण को दोबारा चालू कराने का प्रयास किया जा रहा है शासन की कार्रवाई पर राजनीतिक दबाव हावी होता दिख रहा है।

जल्द ही पुलिस राजस्व खनिज विभाग की संयुक्त टीम बना कर कार्रवाई की जायेगी, ठेकेदार अगर आदेश को निरस्त करने में लगा है तो वह कोशिश कर सकता है आदेश निरस्त नहीं किया जाएगा।

जन्मेजय महोब
कलेक्टर जांजगीर चांपा

अमोदी घाट से करोड़ों की रेत की अफरा-तफरी

आप को बता दें की आमोदी अस्थाई रेत भंडारण के नाम पर यहां करोड़ों रुपए की रेत की अफरातफरी की गई है शासन को राजस्व के नाम कर करोड़ों का चुना लगाने का भी आरोप ग्रामीण लगा रहा है ग्रामीण का आरोप है की पुरे अमोदी घाट की रेत उत्खनन के नाम पर अस्तित्व मिटा दी गई है और करोड़ों के रेत निकाल कर शासन को भारी चुना लगा दिया गया है जिसकी जांच होनी अतिआवश्यक है ताकी रेत की अफरातफरी करने वालों पर कार्रवाई हो सके।

छेरछेरा तिहार हर्षोल्लास से मनाया

मस्तूरी/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत लोहर्सी में लोकपर्व छेरछेरा तिहार हर्षोल्लास मनाया गया। इस अवसर पर बच्चों से लेकर युवक-युवतियां और बुजुर्गों तक उत्साहपूर्वक भागीदारी निभाई। छेरछेरा तिहार के दौरान ग्रामीणों की टोलियां घर-घर जाकर छेरछेरा कोठी के धान ला हेरे-हेरे का पारंपरिक उद्घोष करती नजर आई। गांव के प्रत्येक घर से लोगों ने खुशी-खुशी धान, चावल व अन्य सामग्री दान में देकर इस लोकपर्व की परंपरा को जीवंत बनाए रखा।

साहित्यकार केदार दुबे लोक साहित्य कला सम्मान से अलंकृत

बिल्हा/नवप्रदेश। छेरछेरा के पावन पर्व पर अहीर नृत्य कला परिषद् देवरहट जिला-मुंगेली द्वारा आयोजित भव्य कला एवं छेरछेरा महोत्सव में साहित्य जगत की प्रमुख विभूति और बिल्हा के वरिष्ठ साहित्यकार व सुप्रसिद्ध गीतकार केदार दुबे को उनके विशिष्ट साहित्यिक अवदान के लिए लोक साहित्य कला सम्मान से सम्मानित किया गया। महोत्सव के दौरान आयोजित गरिमामय समारोह में परिषद् के पदाधिकारियों और गणमान्य अतिथियों द्वारा श्री दुबे को साहित्य के क्षेत्र में उनके दीर्घकालिक समर्पण और उत्कृष्ट सृजन के लिए प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। उल्लेखनीय है कि केदार दुबे ने अपनी रचनाओं और गीतों के माध्यम से क्षेत्रीय कला व संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान दी है। उनकी इस उपलब्धि पर बिल्हा क्षेत्र के साहित्यकारों, जनप्रतिनिधियों और आम जनमानस में हर्ष की लहर है। इनके इस सम्मान के लिए केशव वर्मा, अजय शर्मा, कलेश्वर साहू, विवेक तिवारी, राजेश चौहान, राजेश यादव, गुलाब सिंह साहू, बलदाऊ सिंह श्याम, धर्मेंद्र ठाकुर व बिल्हा नगरवासियों ने बधाई दी। क्षेत्रवासियों का कहना है कि केदार दुबे का सम्मान न केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान है, बल्कि यह संपूर्ण बिल्हा क्षेत्र की साहित्यिक विरासत का गौरव है। इस अवसर पर अहीर नृत्य कला परिषद् अध्यक्ष डॉ मंत राम यादव व सदस्यों ने केदार दुबे के स्वस्थ और दीर्घायु जीवन की कामना करते हुए कहा कि उनके मार्गदर्शन में युवा रचनाकारों को निरंतर नई ऊर्जा प्राप्त होगी।

जिला अस्पताल में टिटनेस वैक्सीन की कमी, मरीज परेशान

बिलासपुर/नवप्रदेश। जिला अस्पताल में बीते एक महीने से टिटनेस इंजेक्शन की कमी सामने आ रही है। हालात यह है कि आपातकालीन और सामान्य मरीजों को डॉक्टर पर्चे पर लिखकर दे रहे हैं कि टिटनेस वैक्सीन और उसे लगाने के लिए सिरिंज या डिस्पोज़ेबल बाहर से खरीदकर लानी होगी। सरकारी अस्पताल में बुनियादी दवाइयों की अनुपलब्धता ने स्वास्थ्य व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। टिटनेस जैसी सामान्य और आवश्यक वैक्सीन की आपूर्ति तक अस्पताल प्रबंधन या जिला प्रशासन सुनिश्चित नहीं कर पा रहा है। ऐसे में गंभीर और संवेदनशील मामलों पर ध्यान दिए जाने को लेकर भी आशंका जताई जा रही है। मरीजों के साथ-साथ इलाज के लिए आने वाले पुलिसकर्मियों को भी मजबूरी में अपनी जेब से टिटनेस इंजेक्शन सहित अन्य मेडिकल सामग्री खरीदनी पड़ रही है। मौसम में लगातार बदलाव के कारण मौसमी बीमारियों से पीड़ित मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। ऐसे मरीजों को इंजेक्शन लगवाने के लिए सिरिंज या डिस्पो तक बाहर से लाने को कहा जा रहा है, जिससे गरीब और दूरदराज से आए मरीजों को अतिरिक्त आर्थिक बोझ झेलना पड़ रहा है। इससे अस्पताल की कार्यप्रणाली पर नाराजगी भी बढ़ती जा रही है। इस संबंध में जिला अस्पताल के आरएमओ का कहना है कि अस्पताल प्रबंधन द्वारा सीजीएमएससी को लगातार दवाइयों की कमी से अवगत कराया जा रहा है, लेकिन वहां से समय पर आपूर्ति नहीं हो पा रही है।

इलाज के लिए जेब से खर्च करने मरीज मजबूर

बिलासपुर/नवप्रदेश। आज बिलासपुर नागरिक सहकारी बैंक लिमिटेड का संचालक मंडल का चुनाव संपन्न हुई जिसमे सभी दस संचालक विगत 5 वर्ष के लिए निर्विरोध चुने गए। सर्वश्री अशोक अग्रवाल, नारायण आवटी, अनिल खंडेलवाल, मनोज भंडारी, डा. सोमनाथ यादव, बबलू पमनानी, सीताराम जायसवाल, चंद्रप्रकाश जांगड़े, सुश्री अल्का शर्मा, शशि सिंह ठाकुर उपस्थित थे।

आयोजन

सीपत में विशाल हिंदू सम्मेलन आयोजित, सामाजिक समरसता व पंचपरिवर्तन का दिया संदेश

हिंदू समाज की संगठित शक्ति से ही होगा राष्ट्र का नव निर्माण: देवांगन

सीपत/नवप्रदेश। सीपत के पुराना धान मंडी परिसर में रविवार को विशाल हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक समरसता को मजबूत करना तथा राष्ट्र निर्माण में समाज की सक्रिय सहभागिता को लेकर जागरूकता फैलाना रहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में मातृशक्ति, युवा, सामाजिक कार्यकर्ता, धर्मप्रेमी एवं विभिन्न समाजों के वरिष्ठजन उपस्थित रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत भारतमाता की प्रतिमा पर पुष्पमाल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुई। मुख्य वक्ता राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रांतीय कार्यवाह चंद्रशेखर देवांगन ने भारत माता की जय के उद्घोष के साथ अपने उद्बोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि भारत शिक्षा, ज्ञान, कला और संस्कृति के क्षेत्र में विश्वगुरु रहा है। हिंदू समाज में सभी समाजों और विचारों को आत्मसात करने की अद्भुत क्षमता है। जब-जब देवालय नष्ट किए गए, तब हिंदू समाज ने घर-घर में मंदिर बनाकर अपनी संस्कृति और आस्था को जीवित रखा। उन्होंने कहा कि समाज को बचाने और दिशा देने का कार्य संत समाज ने सदैव किया है। आज़ादी के बाद से अब तक भारत की विकास यात्रा का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि भारत केवल सहयोग की बात नहीं करता, बल्कि करके दिखाता है। आज भारत की शक्ति और सामर्थ्य को पूरा विश्व सम्मान की दृष्टि से देख रहा है। देवांगन ने कहा कि समाज को सशक्त बनाने के लिए पंचपरिवर्तन आवश्यक है, जिसमें सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार और स्व का बोध शामिल है।

हिंदुत्व धर्म, संस्कृति की पहचान: पूर्णिमा

हाईकोर्ट की अधिवक्ता पूर्णिमा सिंह ने कहा कि हिंदुत्व हमारी धर्म, संस्कृति और संस्कार है यही हमारी पहचान है। हिंदू धर्म के ग्रंथ जीवन जीने की कला सिखाते हैं। आज आवश्यकता है कि हम अपनी जड़ों से जुड़े रहें और नई पीढ़ी को भी अपनी संस्कृति से अवगत कराएं। उन्होंने मातृशक्ति को जननी, सृजनकर्ता और पालनहार बताते हुए कहा कि हिंदू धर्म में मातृशक्ति पूजनीय है। इतिहास में वीरांगनाओं ने समाज और राष्ट्र को दिशा दी है। उन्होंने कृष्ण सुदामा की मित्रता का उदाहरण देते हुए कहा कि जीवन को सही दिशा देने वालों को अपना अनुगामी बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों को केवल वेतनधारी नहीं, बल्कि संस्कारवान नागरिक बनाइए, ताकि वे कहीं भी रहें, अपनी जड़ों से जुड़े रहें।

सुविचार

जिंदगी हमें बहुत से खूबसूरत दोस्त देती है लेकिन अच्छे दोस्त हमें खूबसूरत जिंदगी देते हैं। - अज्ञात

वेनेजुएला पर अमेरिका का हमला

आखिरकार अमेरिका ने वेनेजुएला पर हमला कर वहां अपनी पिट्ठू सरकार बनवाने का रास्ता साफकर ही लिया।यही नहीं बल्कि अमेरिका ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो और उनकी पत्नी को बंधक भी बना लिया है। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो यह भी एलान कर दिया है कि अब वेनेजुएला पर अमेरिका का नियंत्रण हो गया है। अमेरिका की इस कार्वाही पर दुनिया से मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आ रही है। रुस, चीन और इरान सहित कई देशों ने इसे अमेरिका की दादागिरी करार देते हुए इसकी कड़ी निंदा की है। उत्तर कोरिया के राष्ट्रपति किम जोंग ने वेनेजुएला पर किए गए हमले पर सबसे तीखी प्रतिक्रिया देते हुए अमेरिका को सीधे धमकी दे डाली है कि निकोलस मादुरो को तत्काल रिहा करने की मांग करते हुए कहा है कि उत्तर कोरिया इस जंग में शामिल हो जाएगा और विश्व युद्ध हो सकता है। खुद अमेरिका में भी ट्रंप की इस कार्यवाही का विरोध हो रहा है। अमेरिका की पूर्व उप राष्ट्रपति कमला हैरिस ने वेनेजुएला पर हमले की कड़ी निंदा की है। नही दूसरी ओर इजराइल, फ्रांस, पनामा और चिली सहित कई देश अमेरिका की इस कार्यवाही को उचित करार दे रहे हैं। फिलहाल वेनेजुएला के सुप्रीम कोर्ट ने वहां की उपराष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिक्ज को वेनेजुएला का अंतरिम राष्ट्रपति घोषित किया है जिन्होंने निकोलस मादुरो को शीघ्र रिहाई करने की मांग करते हुए स्पष्ट किया है कि वेनेजुएला किसी का उपनिवेश नहीं बनेगा। दरअसल यह पूरा खेल तेल का है। वेनेजुएला में तेल का अकूत भंडार है जिस लंबे समय से अमेरिका की गिद्ध दृष्टि गड़ी हुई है लेकिन वहां की वामपंथी सरकार अमेरिका को घास नहीं डाल रही थी और चीन व रुस से नजदीकी बढ़ा रही थी। जो डोनाल्ड ट्रंप को फूटी आंख नहीं सुहा रही थी। नतीजतन उसने वेनेजुएला के खिलाफ सैन्य कार्रवाई की और अब वेनेजुएला पर नियंत्रण का दावा कर रहे हैं। जाहिर वे लोकतंत्र की बहाली के नाम पर वहां अपनी पसंद की सरकार बनवाएंगे और वेनेजुएला के तेल भंडार का अमेरिकी कंपनियों द्वारा दोहन कराएंगे। बहरहाल देखना दिलचस्प होगा कि अमेरिका की इस दादागिरी के खिलाफ संयुक्त राष्ट्र क्या कदम उठाया है या फिर समरथ को नहीं दोष गोसाई वाली युक्ति को चरितार्थ कर दिखाता है।

दोषियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज होना जरूरी

मध्यप्रदेश का इंदौर शहर जिस एक बार नहीं बल्कि तीन बार देश के सबसे स्वच्छ शहर होने का राष्ट्रीय पुरस्कार मिल चुका है वहां जहरीले पानी के सेवन से 15 लोगों की मौत होना और 200 लोगों का गंभीर अवस्था में दाखिल होना वाकई हैरान करने वाली अत्यंत दुखद घटना है। इससे भी ज्यादा दुखद तो वहां के विधायक और मध्य प्रदेश के नगरीय विकास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय की असंवेदनशीलता है। जो इस घटना को लेकर मीडिया द्वारा उठाए गए सवालों पर भड़क गए। हालाकि बाद में उन्होंने इस जानलेवा लापरवाही की जिम्मेदारी लेने की बात भी कही लेकिन शासन प्रशासन ने कभी तक इसके लिए जिम्मेदार नगर निगम आयुक्त और एक इंजीनियर सहित तीन अफसरों को निलंबित कर मामले की जांच के आदेश देकर अपने कर्तव्य की इतिश्री कर ली है। निलंबन कोई सजा नहीं है। देर सबेर वे बहाल हो जाएंगे और जांच के नाम कैसी लीपापोती होती है यह सर्वविदित है। कायदे से तो इस घटना के लिए जो भी जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ तत्काल गैर इरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर उन्हें उनके पद से बर्खास्त किया जाना चाहिए ताकि अन्य लापरवाह नौकरशाह इससे सबक लें और भविष्य में ऐसी दुखद घटनाओं की पुनरावृत्ति न होने पाए। वहां महीनों से गंदे पानी के आपूर्ति की शिकायत मिल रही थी लेकिन संबंधित अधिकारी हाथ पर हाथ धरे बैठे थे। पुरानी जर्जर पाइप लाइनों को बदलने का मामला भी लंबे समय से अधर में लटका था। पाइप लाइन के उपर शौचालय बना दिया गया था। इन सब के लिए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ एफआईआर होनी चाहिए और मृतक परिवारों को उचित मुआवजा दिया जाना चाहिए। उम्मीद की जानी चाहिए मध्यप्रदेश आ संवेदनशील मुख्यमंत्री मोहन यादव इस मामले में जन भावनाओं का सम्मान करते हुए जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करेंगे और पीड़ित परिवारों को राहत देने कारगर कदम उठाएंगे।

सद्गुरू बोधामृतम्

सद्गुरू श्री ऋतेश्वर

◆ उनके विचार कभी पॉल्यूटेड नहीं होते और विचारों में अगर प. ल्यूशन नहीं होगी तो आपके कर्म श्री कृष्ण की प्राप्ति योग्य होंगे।

◆ भगवत कृपा तभी सार्थक होती है जब भगवान ने उस जीव को जितनी शक्ति दी है उस शक्ति और सामर्थ्य का वह सदुपयोग करता है।

◆ करो। बुद्ध का पहला नियम है- आप समझो लेकिन प्रकाशित मत।

आज का इतिहास

नई दिल्ली/वार्ता। 2014: भारतीय संचार उपग्रह जीसैट-14 को सफलतापूर्वक कक्षा में स्थापित किया गया। 2009: नेशनल कांफ्रेंस के अध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। 2003: अल्जीरिया में विद्रोहियों के हमले में 43 सैनिक मरे। 2000: अंतरराष्ट्रीय फुटबाल एवं सांख्यिकी महासंघ ने 'पेले' को शताब्दी का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित किया। 1993: करीब 85,000 टन कच्चा तेल ले जा रहा एक तेल टैंकर शेटलैंड द्वीप के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया। 1970: चीन के यूनान प्रांत में रिक्टर पैमाने पर 7.7 तीव्रता वाले भूकंप से 15000 लोगों की मौत। 1971: क्रिकेट इतिहास का पहला वनडे खेला गया था। मेलबर्न में खेले गए इस मैच में ऑस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को 5 विकेट से हराया था। इंग्लैंड ने टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 190 रन बनाए थे। ऑस्ट्रेलिया ने 5 विकेट गंवाकर 191 रन बनाते हुए मैच जीत लिया था। 1955: पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का कलकत्ता (अब कोलकाता) में जन्म। 1941: क्रिकेटर मंसूर अली खान पटौदी का भोपाल में जन्म।

नरेंद्र मोदी

सोमनाथ... ये शब्द सुनते ही हमारे मन और हृदय में गर्व और आस्था की भावना भर जाती है। भारत के पश्चिमी तट पर गुजरात में, प्रभास पाटन नाम की जगह पर स्थित सोमनाथ, भारत की आत्मा का शाश्वत प्रस्तुतिकरण है। द्वादश ज्योतिर्लिंग स्तोत्रम में भारत के 12 ज्योतिर्लिंगों का उल्लेख है। ज्योतिर्लिंगों का वर्णन इस पंक्ति से शुरू होता है...सौराष्ट्रे सोमनाथं च...यानि ज्योतिर्लिंगों में सबसे पहले सोमनाथ का उल्लेख आता है। ये इस पवित्र धाम की सभ्यतागत और आध्यात्मिक महत्ता का प्रतीक है। शास्त्रों में ये भी कहा गया है:

सोमलिं: नरो दृष्ट्वा सर्वपापैः प्रमुच्यते।
लभते फलं मनोवाञ्छितं मृतः स्वर्गं समाश्रयेत्॥

अर्थात, सोमनाथ शिवलिंग के दर्शन से व्यक्ति अपने सभी पापों से मुक्त हो जाता है। मन में जो भी पुण्य कामनाएं होती हैं, वो पूरी होती हैं और मृत्यु के बाद आत्मा स्वर्ग को प्राप्त होती है। दुर्भाग्यवश, यही सोमनाथ, जो करोड़ों लोगों की श्रद्धा और प्रार्थनाओं का केंद्र था, विदेशी आक्रमणकारियों का निशाना बना, जिनका उद्देश्य विध्वंस था।

सोमनाथ : अटूट आस्था के 1000 वर्ष

वर्ष 2026 सोमनाथ मंदिर के लिए बहुत महत्व रखता है क्योंकि इस महान तीर्थ पर हुए पहले आक्रमण के 1000 वर्ष पूरे हो रहे हैं। जनवरी 1026 में गजनी के महमूद ने इस मंदिर पर बड़ा आक्रमण किया था, इस मंदिर को ध्वस्त कर दिया था। यह आक्रमण आस्था और सभ्यता के एक महान प्रतीक को नष्ट करने के उद्देश्य से किया गया एक हिंसक और बर्बर प्रयास था।

सोमनाथ हमला मानव इतिहास की सबसे बड़ी त्रासदियों में शामिल है। फिर भी, एक हजार वर्ष बाद आज भी यह मंदिर पूरे गौरव के साथ खड़ा है। साल 1026 के बाद समय-समय पर इस मंदिर को उसके पूरे वैभव के साथ पुनःनिर्मित करने के प्रयास जारी रहे। मंदिर का वर्तमान स्वरूप 1951 में आकार ले सका। संयोग से 2026 का यही वर्ष सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण के 75 वर्ष पूरे होने का भी वर्ष है। 11 मई 1951 को इस मंदिर का पुनर्निर्माण सम्पन्न हुआ था। तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की उपस्थिति में हुआ वो समारोह ऐतिहासिक था, जब मंदिर के द्वार दर्शनों के लिए खोले गए थे।

1026 में एक हजार वर्ष पहले सोमनाथ पर हुए पहले आक्रमण, वहां के लोगों के साथ की गई क्रूरता और विध्वंस का वर्णन अनेक ऐतिहासिक स्रोतों में विस्तार से मिलता है। जब इन्हें पढ़ा जाता है तो हृदय कांप उठता है। हर पंक्ति में क्रूरता के निशान मिलते हैं, ये ऐसा दुःख है जिसकी पीड़ा इतने समय बाद भी महसूस होती है।

हम कल्पना कर सकते हैं कि इसका उस दौर में भारत पर और लोगों के मनोबल पर कितना गहरा प्रभाव पड़ा होगा। सोमनाथ मंदिर का आध्यात्मिक महत्व बहुत ज्यादा था। ये बड़ी संख्या में लोगों को अपनी ओर खींचता था। ये एक ऐसे समाज की प्रेरणा था जिसकी आर्थिक क्षमता भी बहुत सशक्त थी। हमारे समुद्री व्यापारी और नाविक इसके वैभव की कथाएं दूर-दूर तक ले जाते थे।

सोमनाथ पर हमले और फिर गुलामी के लंबे कालखंड के बावजूद आज मैं पूरे विश्वास के साथ और गर्व से ये कहना चाहता हूं कि सोमनाथ की गाथा विध्वंस की कहानी नहीं है। ये पिछले 1000 साल से चली आ रही भारत माता की करोड़ों संतानों के स्वाभिमान की गाथा है, ये हम भारत के लोगों की अटूट आस्था की गाथा है।

1026 में शुरू हुई मध्यकालीन बर्बरता ने आगे चलकर दूसरों को भी बार-बार सोमनाथ पर आक्रमण करने के लिए प्रेरित किया। यह हमारे लोगों और हमारी संस्कृति को गुलाम बनाने का प्रयास था। लेकिन हर बार जब मंदिर पर आक्रमण हुआ, तब हमारे पास ऐसे महान पुरुष और महिलाएं भी थीं जिन्होंने उसकी रक्षा के लिए खड़े होकर सर्वोच्च बलिदान दिया। और हर बार, पीढ़ी दर पीढ़ी, हमारी महान सभ्यता के लोगों ने खुद को संभाला, मंदिर को फिर से खड़ा किया और उसे पुनः जीवंत किया।

महमूद गजनवी लूटकर चला गया, लेकिन सोमनाथ के प्रति हमारी भावना को हमसे छीन नहीं सका। सोमनाथ से जुड़ी हमारी आस्था, हमारा विश्वास और प्रबल हुआ। उसकी आत्मा लाखों श्रद्धालुओं की भीतर सांस लेती रही। साल 1026 के हजार साल बाद आज 2026 में भी सोमनाथ मंदिर दुनिया को संदेश दे रहा है, कि मिटाने की मानसिकता रखने वाले खत्म हो जाते हैं, जबकि सोमनाथ मंदिर आज हमारे विश्वास का मजबूत आधार बनकर खड़ा है। वो आज भी हमारी प्रेरणा का स्रोत है, वो आज भी हमारी शक्ति का पुंज है।

ये हमारा सौभाग्य है कि हमने उस धरती पर जीवन पाया है, जिसने देवी अहिल्याबाई होलकर जैसी महान विभूति को जन्म दिया। उन्होंने ये सुनिश्चित करने का पुण्य प्रयास किया कि श्रद्धालु सोमनाथ में पूजा कर सकें।

1890 के दशक में स्वामी विवेकानंद भी सोमनाथ आए थे, वो अनुभव उन्हें भीतर तक आंदोलित कर गया। 1897 में चेन्नई में दिए गए एक व्याख्यान के दौरान उन्होंने अपनी भावना व्यक्त की।

उन्होंने कहा, दक्षिण भारत के प्राचीन मंदिर और गुजरात के सोमनाथ जैसे मंदिर आपको ज्ञान के अनगिनत पाठ सिखाएंगे। ये आपको किसी भी संख्या में पढ़ी गई पुस्तकों से अधिक हमारी सभ्यता की गहरी समझ देंगे।

इन मंदिरों पर सैकड़ों आक्रमणों के निशान हैं, और सैकड़ों बार इनका पुनर्जागरण हुआ है। ये बार बार नष्ट किए गए, और हर बार अपने ही खंडहरों से फिर खड़े हुए। पहले की तरह सशक्त। पहले की तरह जीवंत। यही राष्ट्रीय मन है, यही राष्ट्रीय जीवन धारा है। इसका अनुसरण आपको गौरव से भर देता है। इसको छोड़ देने का मतलब है, मृत्यु। इससे अलग हो जाने पर विनाश ही होगा।

ये सर्वविदित है कि आजादी के बाद सोमनाथ मंदिर के पुनर्निर्माण का पवित्र दायित्व सरदार वल्लभभाई पटेल के सक्षम हाथों में आया। उन्होंने आगे बढ़कर इस दायित्व के लिए कदम बढ़ाया। 1947 में दीवाली के समय उनकी सोमनाथ यात्रा हुई। उस यात्रा के अनुभव ने उन्हें भीतर तक झकझोर दिया, उसी समय उन्होंने घोषणा की कि यहीं सोमनाथ मंदिर का पुनर्निर्माण होगा। अंततः 11 मई 1951 को सोमनाथ में भव्य मंदिर के द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए।

उस अवसर पर तत्कालीन राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद उपस्थित थे। महान सरदार साहब इस ऐतिहासिक दिन को देखने के लिए जीवित नहीं थे, लेकिन उनका सपना राष्ट्र के सामने साकार होकर भव्य रूप में उपस्थित था।

तत्कालीन प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू इस घटना से अधिक उत्साहित नहीं थे। वो नहीं चाहते थे कि माननीय राष्ट्रपति और मंत्री इस समारोह का हिस्सा बनें। उन्होंने कहा कि इस घटना से भारत की छवि खराब होगी। लेकिन राजेंद्र बाबू अडिग रहे, और फिर जो हुआ, उसने एक नया इतिहास रच दिया।

सोमनाथ मंदिर का कोई भी उल्लेख के.एम. मुंशी जी के योगदानों को याद किए बिना अधूरा है। उन्होंने उस समय सरदार पटेल का प्रभावी रूप से समर्थन किया था। सोमनाथ पर उनका कार्य, विशेष रूप से उनकी पुस्तक 'सोमनाथ, द श्राइन इटरनल', अवश्य पढ़ी जानी चाहिए।

संजीव ठाकुर

अमेरिका का वेनेजुएला पर हमला अमेरिकी साम्राज्यवाद का एक नया किंतु और अलोकतांत्रिक कदम है। इस हमले के बाद संयुक्त राष्ट्र संघ के साथ 195 देशों का मौन बहुत ही आश्चर्यजनक एवं चिंतनीय है। अमेरिकी दादागिरी अपने चरम पर पहुंच चुकी है अमेरिका ने वेनेजुएला लोकतांत्रिक तरीके से चुने गए और विगत 12 वर्षों से लगातार शासन कर रहे राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को उनके आधिकारिक निवास से पत्नी सहित अगवा कर अमेरिका ले जाया गया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने वेनेजुएला के राष्ट्रपति पर आरोप लगाकर उन पर आक्रमण किया तथा उनका अपहरण कर उन्हें अमेरिका शिफ्ट किया गया तानाशाही का आरोप तो डोनाल्ड ट्रंप लगाया जा रहा है किंतु यह कहावत सत्य है कि समरथ को नहीं दोस् गोसाईं यानी समर्थ व्यक्ति का हर कार्य सही मान लिया जाता है।

वेनेजुएला पर अमेरिकी हमला, लैटिन अमेरिका में वामपंथियों के प्रभाव को नेस्त-नाबूद करने का प्रयास

अमेरिका द्वारा वेनेजुएला पर किया गया ताज़ा सैन्य आक्रमण केवल एक देश पर हमला नहीं बल्कि इक्कीसवीं सदी की ऊर्जा राजनीति, वामपंथ बनाम नव-साम्राज्यवाद, और उभरती बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था के बीच टकराव का प्रतीक बनकर सामने आया है, जब अमेरिकी नेतृत्व ने यह दावा किया कि राष्ट्रपति निकोलस मादुरो को हिरासत में लेकर देश से बाहर ले जाया गया है, यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई जब वेनेजुएला की वामपंथी सरकार ने अपने विशाल पेट्रोलियम, क्रूड ऑयल, सोने और प्राकृतिक गैस भंडारों पर राष्ट्रीय संप्रभुता को और सख्ती से लागू करते हुए अमेरिकी और पश्चिमी बहुराष्ट्रीय कंपनियों को प्रत्यक्ष उपयोग से बाहर रखने के निर्णय को दोहराया था, माना जा रहा है कि इसी निर्णय ने वॉशिंगटन में तीखी प्रतिक्रिया को जन्म दिया और डोनाल्ड ट्रंप के नेतृत्व वाले अमेरिकी सत्ता-तंत्र ने इसे लोकतंत्र की रक्षा के नाम पर सैन्य हस्तक्षेप का औचित्य बना लिया, जबकि आलोचकों का कहना है कि यह हस्तक्षेप वस्तुतः ऊर्जा संसाधनों पर नियंत्रण और लैटिन अमेरिका में अमेरिकी प्रभुत्व की पुनर्स्थापना की कोशिश है, इस हमले के बाद अर्जेंटीना की नई राजनीतिक दिशा ने खुलकर अमेरिका का समर्थन किया है और ब्यूनस आयर्स से जारी बयानों में इसे वेनेजुएला में ÷लोकतांत्रिक संक्रमण÷ की दिशा में आवश्यक कदम बताया गया, साथ ही यह कयास तेज़ हो गए हैं कि विपक्षी नेता कोरिना माचाडो को अंतरराष्ट्रीय समर्थन के साथ सत्ता में स्थापित करने की

कोशिशें तेज़ होंगी, हालांकि वेनेजुएला के भीतर इसे तख्तापलट की साज़िश बताया जा रहा है, इस पूरे घटनाक्रम से चीन को बड़ा रणनीतिक झटका लगा है क्योंकि वेनेजुएला बीते वर्षों में चीन की बेल्ट एंड रोड पहल, दीर्घकालिक तेल आपूर्ति समझौतों और ऋण-तेल विनिमय व्यवस्था का अहम हिस्सा रहा है, अमेरिकी हस्तक्षेप से न केवल इन परियोजनाओं पर अनिश्चितता छा गई है बल्कि लैटिन अमेरिका में चीन के बढ़ते प्रभाव को रोकने की खुली कोशिश भी दिखाई दे रही है, इसी क्रम में रूस, चीन और उत्तर कोरिया ने संयुक्त और अलग-अलग बयानों में इस कार्रवाई का कड़ा विरोध करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय कानून और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का उल्लंघन बताया है, रूस ने विशेष रूप से इसे संप्रभु राष्ट्र के आंतरिक मामलों में बलपूर्वक हस्तक्षेप करार दिया और संकेत दिए कि अमेरिका की इस आक्रामक नीति ने वैश्विक अस्थिरता को और गहरा कर दिया है, उधर पूर्वी यूरोप में रूस-यूक्रेन संघर्ष ने भी नई तीव्रता पकड़ ली है और ताज़ा रिपोर्टों के अनुसार रूसी सैन्य कार्रवाइयों में वृद्धि को कई विश्लेषक पश्चिमी दबाव और वेनेजुएला प्रकरण के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव से जोड़कर देख रहे हैं, वहीं चीन के संदर्भ में ताइवान को लेकर बयानबाज़ी और सैन्य गतिविधियों में बढ़ोतरी ने यह संकेत दिया है कि एशिया-प्रशांत क्षेत्र में भी तनाव का स्तर बढ़ रहा है, हालांकि बीजिंग ने आधिकारिक रूप से किसी तात्कालिक आक्रमण की घोषणा नहीं की है लेकिन यह स्पष्ट किया है कि ताइवान उसका आंतरिक विषय है और बाहरी हस्तक्षेप बर्दाश्त नहीं किया जाएगा, इस तरह वेनेजुएला पर हमला एक अकेली घटना न रहकर वैश्विक शक्ति संतुलन के पुनर्संयोजन का हिस्सा बनता जा रहा है, जहां अमेरिका अपने पारंपरिक प्रभाव क्षेत्रों में निर्णायक बढ़त बनाए रखना चाहता है जबकि रूस और चीन बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था की वकालत करते हुए अमेरिकी एकाधिकार को चुनौती दे रहे हैं, लैटिन अमेरिका के कई देशों में इस घटनाक्रम को लेकर मतभेद उभर आए हैं, कुछ सरकारें अमेरिका के पक्ष में खड़ी दिखती हैं तो कई राष्ट्र इसे अपने लिए चेतावनी मानते हुए क्षेत्रीय संप्रभुता और गैर-हस्तक्षेप की नीति पर ज़ोर दे रहे हैं, ऊर्जा बाज़ारों पर भी इसका असर दिखने लगा है जहां कच्चे तेल की कीमतों में अस्थिरता और आपूर्ति शृंखला को लेकर चिंता बढ़ी है।

पाठकों की बात | पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

स्वागत तेरा दो

स्वागत तेरा दो हजार छब्बीस उजाले बुलाएँ नए साल में हम निरोगी रहें सब नए साल में हम दिए जगमगाएँ, अँधेरा भगाएँ कदम सब मिलाएँ नए साल में हम नई धुन बनाएँ, नई ज़िंदगी हो इबारत गढ़ें नव, नए साल में हम सधे हों कदम, भूल जाएँ पुराना चहेते बनें इस नए साल में हम भला ही करें हम, भले ही बनें हम नए गीत गाएँ नए साल में हम क्षमा कर सभी को, बढ़ें नेकियों पर बुहारें डगर इस नए साल में हम फ़िक्र ज्योति को ना, न कोई उलझन चलो मुस्कुराएँ नए साल में हम ज्शुभ हो नववर्ष। - **ज्योत्सना सक्सेना**

जरा सा बुझा हूँ

जरा सा बुझा हूँ जरा सा झुका हूँ हार नहीं मानूँगा मैं उम्र से पका हूँ ताकत बढ़ी है , और कम हुई शरीर की जिस्म ही तो थका है सोच से तो नया हूँ खुद चुन लिया मैंने मैं रहूँगा जमीन का रूह से बंधा ढेला हूँ मैं माटी ही रहा हूँ क्यों ढूंढते हो कहते कहाँ है , टटोलो तो मैंने पाया है उसे देखो तुम सब में रमा हूँ बेटी, किसी को भाई मैया, कोई बहिन हो गई बिखरा तो समझ आया हाँ, मैं सबका सगा हूँ।

- केदार नाथ शब्द मसीहा

देखकर तुम्हारा आइना फिर कहां देखा

देखकर तुम्हारा आइना फिर कहां देखा आइना। दिल की जमीं पे गुलाब जनवरी से यही फरियाद। तुम से ही जो हुए हम फिर ना रह गए अहम। जाते सलाम आते पैगाम हमारी ओर से राधे श्याम। अंतरमं में रखो न मलाल सबको बधाई नया साल। - **सुरेश वैष्णव**

रिश्ते बचाने की खातिर,मैं,का बलिदान

रिश्ते बचाने की खातिर,मैं,का बलिदान जरूरी होता है। मीरा सी दीवानी बनकर के,विषपान जरूरी होता है ।। दुनिया की निगाहें अच्छों पर,बस बुरी नजर ही रखती हैं। सम्मान बचाने की खातिर,स्वाभिमान जरूरी होता है ।। - **डॉ.सविता वर्मा 'ग़ज़ल'**

बीती यादें भुलाना नही चाहिए। खास

बीती यादें भुलाना नही चाहिए। खास अपने रुलाना नही चाहिए । हां नए वर्ष मे सब लुटाओ मगर, पल वो पिछले लुटाना नहीं चाहिए। मानते हैं नया साल आया मगर, साल एसे मनाना नही चाहिए। हां नए साल में, हैं नए राह पर, हाथ एसे छुड़ाना नही चाहिए । ये उमर ये समय फिर रहे ना रहे , वक्त यूं ही गवाना नही चाहिए। - **इंदु,**

हवा पर हाथ-पैर मारो उड़ ना पाओगे



हवा पर हाथ-पैर मारो उड़ ना पाओगे। वैसे तैरने के लिए भी गले तक पानी ज़रूरी होता है... बिना पैसे का आदमी जो जानवर नज़र आएं! तो जानवरों की नज़रों में इंसानियत मरा होता है। चीखें सुनी न जाएं ? मदद का शोर भी पिछड़ जाने के भय से वजूद त्याग दें। यूं तो ज़िंदगी पैसे से बड़ी होती है लेकिन मौत की आग पर बिना पैसे कौन ? चढ़ा होता है? **- जय बरूआ**

यह अंग्रेजी नूतन वर्ष आप सभी

यह अंग्रेजी नूतन वर्ष आप सभी के अंतर्मन में शांति का दीप जलाए, भक्ति की लौ प्रज्वलित करे और विवेक का प्रकाश फैलाए। ईश्वर आपको इतना समर्थ बनाए कि सुख में अहंकार न आए और दुःख में विश्वास न डगमगाए। हर श्वास कृतज्ञता बने, हर कर्म सेवा बने और हर विचार प्रार्थना बन जाए। **- ललित उपाध्याय**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन खुशियों से भरा रहेगा। परिवार विशेषकर बच्चों से अच्छी खबर मिल सकती है। पढ़ाई और क्रिएटिव फील्ड से जुड़े लोगों के लिए समय अनुकूल है।

वृषभ : आज का दिन करियर ग्रोथ के लिहाज से शानदार रहने वाला है। सरकारी या बड़ी संस्थाओं में काम करने वालों के प्रमोशन के योग बन रहे हैं।

मिथुन : आज का दिन सामान्य रहेगा लेकिन पारिवारिक और व्यक्तिगत जीवन में संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा।

कर्क : आज परिवार के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा। माता-पिता के साथ कहीं घूमने जाने का कार्यक्रम बन सकता है। घरेलू वातावरण खुशनुमा रहेगा।

सिंह: आज आपका आत्मविश्वास बढ़ेगा और रुके हुए काम आगे बढ़ेंगे। कारोबारी लोगों के लिए दिन लाभदायक है। नौकरी और प्रोफेशन में नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं।

कन्या : आज बिजनेस में कोई बड़ी डील मिलने की संभावना है, जिससे लाभ के अवसर बनेंगे। परिवार में तालमेल बेहतर रहेगा और कोई शुभ समाचार प्राप्त हो सकता है। शाम का समय परिवार और बच्चों के साथ अच्छा बीतेगा।

तुला : आज आप नए काम और विचारों की ओर आकर्षित होंगे। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखने की कोशिश करेंगे तो आने वाले समय में आर्थिक स्थिति और मजबूत होगी। ऑफिस में अतिरिक्त काम करने से आपके अधूरे काम पूरे हो जाएंगे।

वृश्चिक : आज का दिन दोस्तों और करीबी लोगों के साथ अच्छा बीतेगा। यदि किसी नए काम की शुरुआत कर रहे हैं तो बड़े-बुजुर्गों का आशीर्वाद लेना लाभदायक रहेगा।

धनु : आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा। काम आपकी इच्छा के अनुसार पूरे होंगे। ऑफिस में आपके काम और आइडियाज की सराहना होगी।

मकर :आज का दिन कामकाज में अच्छी प्रगति देने वाला रहेगा। आमदनी बढ़ने के संकेत हैं। यदि कोई महत्वपूर्ण काम आज पूरा करना चाहते हैं तो योजना बनाकर चलने से सफलता मिलेगी और काम समय से पहले पूरे हो सकते हैं।

कुंभ : आज लंबे समय से अटके हुए कामों में सफलता मिलने की उम्मीद है। ऑफिस में जल्दबाजी से बचें और सोच-समझकर निर्णय लें। स्टूडेंट्स के लिए दिन सकारात्मक रहेगा और पढ़ाई में एकाग्रता बढ़ेगी।

मीन : आज का दिन शानदार रहेगा। वैवाहिक जीवन में मधुरता बढ़ेगी और जीवनसाथी के साथ समय बिताने का मौका मिलेगा। किसी पुराने दोस्त से मुलाकात हो सकती है।

QUIZ TIME

1) सोमालीलैंड को स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में आधिकारिक मान्यता देने वाला पहला देश कौन बना?

2) राष्ट्रपति पर महाभियोग चलाने के लिए पूर्व सूचना देने हेतु कम से कम कितने दिन का समय चाहिए?

3) रवीन्द्रनाथ टैगोर को नाइटहुड की उपाधि किस वर्ष दी गयी?

4) कौन सा देश यूरो को अपनी मुद्रा के रूप में अपनाने वाला यूरोजोन का 21वां सदस्य बन गया है?

5) सबसे कम उम्र की किस भारतीय महिला ने दक्षिणी ध्रुव पर पहुंचने का कारनामा किया है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) इजराइल (2) 14 दिनों (3) 1915 (4) बुल्गारिया (5) काम्या कार्तिकेयन

शब्द सागर

खेलो इंडिया ट्राइबल गेम्स के लिए चयन ट्रायल 6-8 जनवरी को रायपुर और बिलासपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की मेजबानी में देश में पहली बार हो रहे खेलो इंडिया नेशनल ट्राइबल गेम्स में राज्य की ओर से खेलने वाली टीमों के चयन के लिए ट्रायल 6 जनवरी से 8 जनवरी तक रायपुर और बिलासपुर में आयोजित किए जा रहे हैं। नेशनल ट्राइबल गेम्स में सात खेलों को शामिल किया गया है। इसमें भागीदारी के लिए वेट-लिफ्टिंग, कुश्ती, फुटबॉल और हॉकी के खिलाड़ियों का ट्रायल रायपुर में आयोजित किया गया है। वहीं तीरंदाजी, एथलेटिक्स और तैराकी के खिलाड़ियों के ट्रायल बिलासपुर में होंगे। इच्छुक खिलाड़ी मोबाइल नम्बर +91-8871419609 पर फोन कर या वेबसाइटhttpÑ//sportsyw.cg.gov.inके माध्यम चयन ट्रायल संबंधी जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। चयन ट्रायल में शामिल होने के लिए खिलाड़ी अपना ऑनलाइन पंजीयन क्यूआर कोड और रजिस्ट्रेशन लिंक से कर सकते हैं। सभी ट्रायलस्थलों पर ऑफलाइन पंजीयन भी किए जाएंगे। छत्तीसगढ़ के स्थायी निवासी अनुसूचित जनजाति वर्ग के खिलाड़ी ही चयन ट्रायल में भाग लेने के पात्र होंगे। महिला एवं पुरूष दोनों वर्गों में पात्र खिलाड़ियों के लिए आयु सीमा का कोई बंधन नहीं है। खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने ट्रायल में हिस्सा लेने पहुंचने वाले सभी खिलाड़ियों से अपने अनुसूचित जनजाति प्रमाण पत्र और आधार कॉर्ड/स्थानीय प्रमाण पत्र की मूल कॉपी साथ लाने को कहा है।

विभिन्न पद हेतु दस्तावेज सत्यापन व शारीरिक माप परीक्षण की तिथियाँ जारी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग द्वारा सूबेदार, उप निरीक्षक संवर्ग एवं प्लाटून कमांडर (गृह पुलिस विभाग) भर्ती परीक्षा 2024 के अंतर्गत अभ्यर्थियों के दस्तावेज़ सत्यापन एवं शारीरिक माप परीक्षण की तिथियाँ घोषित कर दी गई हैं। आयोग द्वारा जारी सूचना के अनुसार यह प्रक्रिया 06 जनवरी से 06 फरवरी 2026 तक आयोजित की जाएगी। दस्तावेज़ सत्यापन एवं शारीरिक माप परीक्षण परीक्षा जिला सरगुजा, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर, रायपुर एवं राजनांदगांव (छत्तीसगढ़) में निर्धारित केंद्रों पर संपन्न होगी।

कृषि मंत्री नेताम ने गिनाए कामः कहा- छत्तीसगढ़ देश में सबसे ज्यादा कीमत पर धान खरीदने वाला राज्य

रायपुर/नवप्रदेश। कृषि मंत्री रामविचार नेताम ने कहा, छत्तीसगढ़ पूरे देश में सबसे ज्यादा दर पर धान खरीदने वाला राज्य है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार किसानों को धान पर बोनस भी देती है और भारतीय जनता पार्टी की सरकार किसानों के कल्याण के लिए पूरी तरह समर्पित है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के दो साल पूरे होने पर कृषि विभाग द्वारा किसानों की आर्थिक और सामाजिक उन्नति के लिए कई अहम काम किए गए हैं। केंद्र और राज्य सरकार मिलकर किसानों की आय बढ़ाने के लिए लगातार प्रयास कर रही हैं।

पिछले दो वर्षों में बीज, कृषि यंत्र और सिंचाई में बड़ा काम हुआ है। किसानों को 21 लाख क्विंटल से अधिक प्रमाणित बीज वितरित, 5,000 से अधिक किसानों को कृषि यंत्र वितरित, 2,200 से अधिक किसानों को ट्रैक्टर, 22,000 हेक्टेयर क्षेत्र में ड्रिप और संप्रंकलर सिंचाई, 33,000 से अधिक किसानों को इसका लाभ मिला है। जैविक खेती और फसल समर्थन योजना में 38,000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में जैविक खेती, 50,000 हेक्टेयर क्षेत्र में जैविक प्रमाणीकरण जारी है। छत्तीसगढ़ सरकार लगातार विकास कर रहा है और किसानों के हितों को ध्यान में रखकर आगे भी काम करती रहेगी।

वैल्यू एडिशन पर फोकस

उन्होंने बताया कि 2047 विजन के तहत फसल उत्पादन में वैल्यू एडिशन पर फोकस किया जा रहा है और किसानों के एफपीओ (फार्मर प्रोड्यूसर ऑर्गेनाइजेशन) को बढ़ावा दिया जाएगा। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से 1.89 लाख किसानों को 854 करोड़ रुपये का लाभ मिला है। खरीफ 2025 से धान के अलावा अन्य फसलों के किसानों को भी इस

योजना में शामिल किया जाएगा। कृषि मंत्री ने बताया कि प्रदेश में करीब 33 हजार गन्ना उत्पादक किसान हैं। 17 लाख 25 हजार मीट्रिक टन से अधिक गन्ना खरीदा गया। किसानों को 92 करोड़ 57 लाख रुपये बोनस के रूप में दिए गए।

किसानों को समय पर मिल रहे खाद-बीज

मंत्री नेताम ने कहा, सरकार ने ने पीपीटी के माध्यम से यह स्पष्ट किया है कि किसानों को समय पर खाद और बीज उपलब्ध कराए गए। पहले खाद-बीज की उपलब्धता सरकार के लिए एक बड़ी चुनौती थी, लेकिन अब व्यवस्था सुदृढ़ हुई है और इसका सकारात्मक असर कृषि उत्पादन पर भी पड़ा है। उन्होंने बताया कि धान खरीदी 15 नवंबर से शुरू होकर 31 जनवरी तक चलेगी। अब तक 18,644 करोड़ रुपये किसानों के खातों में जमा किए जा चुके हैं और 31 जनवरी तक शेष किसानों से भी धान खरीदी पूरी कर ली जाएगी। पिछले दो वर्षों में धान की रिकॉर्ड खरीदी दर्ज की गई है।

सरकार की प्राथमिकता में दलहन-तिलहन

मंत्री ने दुग्ध उत्पादन बढ़ाने, गौधाम योजना के तहत गौठानों की स्वीकृति, पशुओं के इलाज व देखभाल की व्यवस्था तथा पॉम ऑयल की खेती के प्रति बढ़ते रुझान की भी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किसान अब दलहन, तिलहन और मसालों की खेती की ओर भी तेजी से बढ़ रहे हैं। इस अवसर पर कृषि उत्पादन आयुक्त एवं सचिव शहला निगार ने विभागीय उपलब्धियों का विस्तृत ब्यौरा प्रस्तुत किया।

एसआईआर की प्रक्रिया जारीः रायपुर जिले से कटेंगे 5 लाख 11 हजार वोटरों के नाम

रायपुर/नवप्रदेश। विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के दौरान जारी हुई प्रारंभिक मतदाता सूची के अनुसार रायपुर जिले में कुल 5 लाख 11 हजार 136 वोटरों के नाम कटेंगे। इनमें 84 हजार 2 वोटरों की डेथ हो चुकी है, वहीं 3 लाख 87 हजार 330 वोटर दूसरे जिलों के रहवासी हो चुके हैं। हालांकि इन वोटरों को फार्म-6 भराए जा रहे हैं। इसके अलावा 23 हजार 180 वोटरों को ढूंढा नहीं जा सका है, जबकि 14 हजार 311 पहले से ही नामांकित हैं। इसी प्रकार 2 हजार 313 वोटरों के नाम अन्य कारणों से कटेंगे।

हालांकि मृत वोटरों को छोड़कर अन्य वोटरों के पास एसआईआर सूची में नाम शामिल कराने का अभी भी मौका है। इसके लिए उन्हें आयोग द्वारा निर्धारित फार्म भरकर प्रमाणिक दस्तावेज जमा करने होंगे। एसआईआर के बाद मतदाता सूची के प्रारंभिक प्रकाशन तथा जिला निर्वाचन आयोग कार्यालय से मिले आंकड़ों के अनुसार एसआईआर के दौरान 23 दिसंबर 2025 की स्थिति में रायपुर जिले के सातों विधानसभा क्षेत्र

तथा बलौदाबाजार सहित 8 विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत कुल 2484 मतदान केंद्रों में कुल वोटरों की संख्या 14 लाख 89 हजार 251 है। इनमें पुरुष वोटर 739821, महिला वोटर 749309 तथ अन्य 121 हैं।

एसआईआर में कैटेगरी-सी के वोटरों को जारी किया जा रहा नोटिस

एसआईआर के दौरान फार्म जमा करने वाले वोटरों को तीन कैटेगरी में शामिल किया है। इसमें कैटेगरी-ए में 528859 वोटर हैं। इस कैटेगरी के सभी वोटर वर्ष 2003 के एसआईआर की सूची में शामिल थे। कैटेगरी-बी में 824631 वोटर हैं। ये वोटर वर्ष 2003 के एसआईआर सूची में शामिल नहीं थे, लेकिन इनके माता-पिता या दादा-दानी के नाम शामिल थे। इसी प्रकार कैटेगरी सी में 135761 वोटर शामिल हैं। ये सभी वोटर न ही स्वयं एसआईआर 2003 की सूची में शामिल थे और न ही इनके माता-पिता या दादा-दादी शामिल थे। इन वोटरों को अब नोटिस जारी कर आयोग द्वारा जारी किए गए 13 प्रमाणिक दस्तावेजों में से कोई भी दस्तावेज को पेश करने के लिए कहा गया है।

133053 वोटरों को नोटिस जारी, 36422 को कराई गई तामिली

जिला निर्वाचन आयोग के अफसरों के अनुसार जिले में कैटेगरी-सी में शामिल 135761 वोटरों में से 133053 वोटरों को नोटिस जारी किया गया है, जिनमें से 36422 वोटरों को नोटिस तामिली भी कराई गई है। अफसरों का कहना है कि नोटिस तामिली कराने के साथ वोटरों को प्रमाणिक दस्तावेज पेश करने के लिए तारीख और समय दिया जा रहा है। इस नोटिस के अनुसार वोटर तय दिन और समय पर दस्तावेज पेश कर एसआईआर सूची में अपना नाम जुड़वा भी रहे हैं।

सही प्लानिंग से मिलेगी सफतला : पुष्कर काले

- संत ज्ञानेश्वर विद्यालय के बच्चों को आईएफएस अधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाएं के लिए दिए महत्वपूर्ण टिप्स

रायपुर/नवप्रदेश। मोबाइल और परिवार से दूर रहकर पढ़ाई करने के अलावा अतिरिक्त कोई विकल्प नहीं होना चाहिए। सफलता के लिए कोई शॉर्टकट नहीं होता, सही प्लानिंग से सफलता प्राप्त की जा सकती है। यूपीएससी में आल इंडिया लेवल पर 26वीं रैंक हासिल कर पुष्कर इंडियन फॉरेस्ट सर्विसेज में सलेक्ट होने वाले राजधानी रायपुर के पुष्कर काले ने कहा कि यूपीएससी की तैयारी के लिए सही प्लानिंग तैयार करना और उसे फालो करना आवश्यक होता है। बताते चलें कि वे महाराष्ट्र मंडल के संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में कैरियर को लेकर बच्चों के डाउट्स क्लीयर किए।

प्राचार्य मनीष गोवर्धन ने बताया कि आईएफएस में सलेक्ट होकर झारखंड में पदस्थ पुष्कर काले ने 11वीं-12वीं के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी को लेकर आवश्यक टिप्स दिए। उन्होंने छात्रा श्रद्धा ईस्सर के सवाल पर मुश्किल प्रश्नों को याद करने के तरीके के बारे में बताते हुए कहा कि सभी सवालों के जवाब प्वाइंट्स बनाकर याद करें। इससे याद करने में आसानी होगी और आप भूलेंगे नहीं। वहीं 12वीं विज्ञान की छात्रा इफ्त बानो पटेल ने पूछा कि परीक्षा में होने वाले तनाव से खुद को कैसे सुरक्षित करें। इस पर पुष्कर ने कहा कि परीक्षा के लिए जाने के कुछ समय पहले पढ़ना बंद कर दें, यानी अपनी तैयारी परीक्षा प्रारंभ होने के पहले पूरी कर लें।

झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपने ही नेताओं पर संदेह कर रहे हैं - भाजपा

- भाजपा प्रवक्ता का सवाल झीरम काण्ड पर न्यायिक जाँच आयोग की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखकर बघेल ने किन-किनको बचाने का प्रयास किया?

रायपुर/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता उज्ज्वल दीपक ने कहा कि कांग्रेस द्वारा प्रवक्ता के पद से हटाकर कांग्रेस नेता विकास तिवारी को 'सच बोलने की सजा' दीगई है। श्री दीपक ने कहा कि कांग्रेस दूसरों पर कीचड़ उछालने की राजनीति तो खूब करती है, लेकिन अपने कीचड़ सने हाथों की सफाई की नसीहत कांग्रेस को कितनी नागवार गुजरी और विकास तिवारी को कांग्रेस के प्रवक्ता के पद से हटाकर उन्हें कारण बताओ नोटिस भेज दिया। लोकतंत्र की हत्या होने की बात करने वाली कांग्रेस पार्टी में खुद आंतरिक लोकतंत्र की कमी है और किसी भी कार्यकर्ता द्वारा प्रश्न उठाना कांग्रेस पार्टी को स्वीकार नहीं है।

भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री दीपक ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्?डा, विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह का नार्को टेस्ट कराने का शोर मचाते कांग्रेस नेताओं को अपना नार्को टेस्ट कराने में इतनी बेचैनी क्यों हो रही है? झीरम घाटी के नक्सली हमले में प्रदेश कांग्रेस के दिग्गज नेताओं की शहादत पर राजनीतिक रोटियाँ सेंकते आ रहे कांग्रेस नेताओं को अब क्या अपने बेनकाब होने का डर सता रहा है? श्री दीपक ने कहा कि झीरम हमले के बाद कांग्रेस के लोग अपने ही नेताओं पर संदेह कर रहे है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता श्री दीपक ने कहा कि अपने कोट की जेब में झीरम घटना के सबूत लेकर घूमने की डींगें हाँकते पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल आखिर झीरम का सच सामने क्यों नहीं आने दे रहे हैं? झीरम काण्ड पर न्यायिक जाँच आयोग की रिपोर्ट विधानसभा के पटल पर नहीं रखकर बघेल ने किन-किनको बचाने का प्रयास किया? श्री दीपक ने कहा कि कांग्रेस नेता झीरम काण्ड का सच सामने लाकर शहीद कांग्रेस नेताओं के परिजनों को इंसाफ दिलाने में क्यों हिचकिचा रहे हैं?

हिंदू सम्मेलन के बाद अब युवा सम्मेलन 221 जगहों पर आयोजन करेगा आरएसएस

रायपुर/नवप्रदेश। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का यह शताब्दी वर्ष है। इसके लिए कई कार्यक्रम तय किए गए हैं। सबसे अहम हिंदू सम्मेलनों का आयोजन है। राजधानी रायपुर में एक बड़ा हिंदू सम्मेलन किया गया। इसमें आरएसएस के प्रमुख डा. मोहन भागवत आए थे। हिंदू सम्मेलन लगातार आरएसएस के मंडलों और शहर की बस्तियों में चल रहे हैं। ये सम्मेलन मकर संक्रांति तक चलेंगे। इसी के साथ इस माह अब युवा सम्मेलनों का भी आगाज होगा। ये सम्मेलन प्रदेश के 221 स्थानों में होंगे। इसका आगाज कब से होगा, इसका फैसला 10 जनवरी को दुर्ग में होने प्रांत की बैठक में होगा।

आरएसएस ने अपने शताब्दी वर्ष में साल भर के लिए कार्यक्रम तय किए हैं। इसका आगाज विजयादशमी से किया गया। विजयादशमी पर आरएसएस हमेशा से पथ संचलन का आयोजन करता है। इस बार दो अक्टूबर को विजयादशमी से लेकर 15 अक्टूबर तक प्रदेश में दो हजार स्थानों पर

पथ संचलन का कार्यक्रम किया गया। इसके बाद नवंबर में घर-घर संपर्क अभियान चलाया गया। प्रदेश के हर गांव के हिंदू परिवारों के घरों तक स्वयंसेवक गए और उनको आरएसएस के सौ सालों में किए गए कार्यों के बारे में जानकारी दी गई। लोगों को संघ का साहित्य भी वितरित किया गया। सबसे अहम सभी घरों में भारत माता की तस्वीर दी गई।

मकर संक्रांति तक हिंदू सम्मेलन

आरएसएस हिंदू समाज को संगठित करने के लिए ही देश भर में हिंदू सम्मेलन आयोजित कर रहा है। छत्तीसगढ़ में आरएसएस के 1601 मंडल हैं। ये मंडल प्रदेश के 19 हजार से ज्यादा गांवों को मिलाकर बनाए गए हैं। एक मंडल में आठ से दस गांवों का रखा गया है। अब हर मंडल में हिंदू सम्मेलन किए जा रहे हैं। इसी के साथ शहरी क्षेत्रों में 666 बस्तियां हैं। इनमें भी हिंदू सम्मेलन हो रहे हैं। आधे से ज्यादा स्थानों में हिंदू सम्मेलन हो गए हैं। बचे स्थानों में मकर संक्रांति तक सम्मेलन पूरे कर लिए जाएंगे।

युवा सम्मेलन और गोष्ठी

कार्यक्रमों की कड़ी में जनवरी में युवाओं के लिए युवा सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन 221 स्थानों पर होगा। इसमें 152 खंड और 69 नगर शामिल हैं। इसमें युवाओं की समस्याओं को भी जानने के साथ उनका निदान कैसे हो इस पर भी चर्चा होगी। युवाओं को पंच परिवर्तन के बारे में ठीक उसी तरह से बताया जाएगा, जिस तरह से राजधानी रायपुर के युवा संवाद में डा. मोहन भागवत ने बताया था। इसके अलावा मार्च में एक अलग तरह का आयोजन प्रमुख जन तरह का आयोजन प्रमुख जन गोष्ठी होगी। इसमें अलग-अलग वर्गों के प्रमुख शामिल होंगे। जैसे ऑटो, ट्रक, टैक्सी के वाहन चालक। किसान, वकील, व्यापारी इनके प्रमुखों को बुलाकर एक मंच दिया जाएगा। सभी में राष्ट्रीयता और समाज को संगठित करने की भावना जगाने का काम होगा।

धान खरीदी 10 फरवरी तक बढ़ाये सरकार-तारेंद्र चंद्राकर

रायपुर/नवप्रदेश। आम आदमी पार्टी के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष उत्तम जायसवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ में धान खरीदी में प्रदेश के किसानों को अनेक परेशानियां हो रही हैं और इस पर सरकार द्वारा ध्यान नहीं दिया जा रही है और जब से धान खरीदी चालू हुई है तब से हमारी पार्टी ने लगातार किसानों से जुड़े मुद्दों पर विज्ञप्ति, ज्ञापन दिया है और 12 दिसंबर 2025 को प्रदेशव्यापी धरना प्रदर्शन भी किया था लेकिन सरकार किसानों की लगातार अनदेखी कर रही है। आम आदमी पार्टी के छत्तीसगढ़ प्रदेश अध्यक्ष (किसान विंग) तारेंद्र चंद्राकर ने बताया कि अभी

सरकार ने धान खरीदी की समय सीमा 31 जनवरी 2025 रखी है चूंकि अनेक समस्या के कारण धान इस बार खरीदी लेट से हुई है इसलिए धान खरीदी 10 फरवरी की जानी चाहिए ताकि किसान अपनी पूरी फसल बेंच सकें। साथ ही स्वर्णा धान को बारीक धान की कैटेगरी में लिया जाए जो अभी मोटे धान में सरकार ले रही है। वर्तमान में किसानों की पंजीयन या रकबा सुधार या अन्य कारणों से जो किसान छूट गए हैं उन्हें प्रक्रिया पूरी कराकर धान खरीदी का समय बढ़ाकर सुनिश्चित किया जाए ताकि कोई भी किसान ना छूटे।

प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने कहा कि बैंक में भुगतान की राशि जिला सहकारी बैंकों को छोड़ अन्य बैंकों जिसमे किसान चाहे आना चाहिए सहकारी बैंक की अनिवार्यता समाप्त होनी चाहिए। वर्तमान में बैंकों में किसानों को 25000 करके जो राशि दी जा रही है वो किसान की आवश्यकता के अनुसार मिले अगर पूरा चाहे तो पूरा मिले ये किस्त वाला सिस्टम बंद हो।

धान खरीदी केंद्रों में धान लेकर केंद्रों के अंदर जाते समय किसान की फोटो खींचने की अनिवार्यता समाप्त की जाए व टोकन लेकर जाने वाले व्यक्ति को अंदर जाने दिया जाए भले तौल के बाद किसान आकर अपना अंगूठा लगाए इतना ही पहरा नीरव मोदी पर लगाते तो विदेश ना भागता जितना किसानों पर सरकार लगा रही है।

तमनार की घटना की जिम्मेदार भाजपा की सरकार : फूलोदेवी नेताम

रायपुर/नवप्रदेश। तमनार घटना पर महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि महिला टीआई और महिला आरक्षक के साथ जो घटना घटित हुआ उस घटना का कड़े शब्दों में निंदा करती हूं। रायगढ़ जिले के तमनार क्षेत्र में गारे पेलमा सेक्टर-1 में जिंदल स्टील को ओपन कास्ट कोल माइंस आवंटित की गई है। इसके लिए 8 दिसंबर को जनसुनवाई आयोजित की गई थी, लेकिन क्षेत्र के ग्रामीण, आदिवासी और स्थानीय निवासी शुरू से ही इस खदान का विरोध कर रहे हैं। प्रभावित 14 गांवों के लोग अपनी पुश्तैनी जमीन देने को तैयार नहीं हैं। उनका कहना है कि कोयला उत्खनन से खेती-बाड़ी, जंगल और पर्यावरण पूरी तरह तबाह हो जाएंगे। तभी से वहां के ग्रामीण और आदिवासी सरकार से

वार्तालाप करके समाधान चाहती थी लेकिन सरकार में बैठे जिम्मेदार एक भी व्यक्ति या प्रशासन की ओर से एक भी अधिकारी आंदोलनकारियों से भेंट मुलाकात कर समाधान के लिए प्रयत्न नहीं किये, जिसके कारण भारतीय जनता पार्टी की सरकार में प्रदेश में लगातार अराजकता का माहौल निर्मित हो रहा है। कानून व्यवस्था आईसीयू में है। आंदोलनकारी पर जो लाठी चलाई गई वह भी दुखद है, महिला पुलिस कर्मियों के ऊपर जो हृदय विदारक घटना घटित हुआ वह भी दुखद है। प्रदेश में ऐसा माहौल कभी देखने को नहीं मिला था।

महिला कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद फूलोदेवी नेताम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के डबल इंजन की सरकार में जनता लगातार आक्रोशित क्यों हो रहे है, और आक्रामक रूप से कानून को अपने हाथ में लेने को क्यों मजबूर हो रहे हैं? आज प्रदेश की स्थिति चिंताजनक हो गई है। माहौल तनावपूर्ण होता जा रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सरकार ने कसम खा रखी है कि यह जल, जंगल, जमीन सिर्फ पूंजीपतियों के लिए है, यदि इस पर कोई भी मुखरता से अपनी बात रखते हैं या आंदोलन करते है तो आंदोलनकारी से सरकार बिना संवाद के लाठी, डंडा बरसाया जा रहा है।

■ न्यूज गैलरी

गुरु गोबिंद सिंह के प्रकाश पर्व पर भव्य नगर कीर्तन

कोरबा/नवप्रदेश। सिख धर्म के दसवें गुरु, साहिब श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 359वें प्रकाश पर्व के अवसर पर शनिवार को ऊर्जाधानी कोरबा भक्ति और उत्साह के रंग में सराबोर नजर आई। स्थानीय गुरुद्वारा प्रबंधन कमेटी द्वारा आयोजित भव्य नगर कीर्तन (शोभायात्रा) ने पूरे शहर को गुरु की महिमा से गुंजायमान कर दिया।

पंच प्यारों की अगुवाई में निकली शोभायात्रा

इतवारी बाजार गुरुद्वारा से शोभायात्रा का शुभारंभ गुरुद्वारा साहिब से अरदास के साथ हुआ। फूलों से सजी विशेष पालकी साहिब में 'श्री गुरु ग्रंथ साहिब' विराजमान थे, जिनकी छत्रछाया में पंच प्यारों ने पूरे नगर कीर्तन की अगुवाई की। मार्ग में जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पालकी साहिब पर पुष्प वर्षा की और मत्था टेककर आशीर्वाद प्राप्त किया, शोभायात्रा टीपी नगर स्थित गुरुद्वारा पहुंची।

गतका दलों ने दिखाए हैरतअंगेज करतब

इस वर्ष के नगर कीर्तन का मुख्य आकर्षण विशेष गतका दल रहे। सिख मार्शल आर्ट 'गतका' का प्रदर्शन करते हुए युवाओं और बच्चों ने अपनी शस्त्र कला से सभी को दांतों तले उंगली दबाने पर मजबूर कर दिया। हवा में लहराती तलवारें, ढाल और लाठियों के प्रदर्शन ने गुरु गोबिंद सिंह जी के वीर योद्धा स्वरूप की याद दिला दी।

सेवा और भक्ति का अनूठा दृश्यः-

सेवाः शोभायात्रा के आगे-आगे श्रद्धालु झाड़ू लगाकर सड़क साफकरते और मार्ग में पानी का छिड़काव करते चल रहे थे।

लंगर और प्रसादीः शहर के विभिन्न चैराहों पर सामाजिक संगठनों और श्रद्धालुओं द्वारा स्टॉल लगाकर चाय, नाश्ता, फ्ल और प्रसादी का वितरण किया गया।

कीर्तनी जत्थाः रागी जत्थों द्वारा गुरुवाणी के कीर्तन से वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक हो गया। इस आयोजन में न केवल सिख समाज बल्कि सर्व समाज के लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए, जो आपसी भाईचारे की मिसाल बना। सुरक्षा और व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस प्रशासन का भी पुख्ता सहयोग रहा।

कोरबा पूर्वांचल सर्व समाज विकास समिति,द्वारा भव्य नववर्ष मिलन समारोह आयोजित

कोरबा/नवप्रदेश। कोरबा पूर्वांचल सर्वसमाज विकास समिति की पूर्व में आयोजित बैठक में लिये गये निर्णय के अनुरूप आज नववर्ष मिलन समारोह का आयोजन डॉ. राजेंद्र प्रसाद भवन रिकॉन्डो रोड कोरबा में किया गया। इस अवसर पर नव नियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह को समिति के सदस्यों द्वारा पुष्पहार पहनाकर और पुष्पगुच्छ भेंट कर गर्मजोशी के साथ स्वागत किया गया।इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष अवधेश सिंह ने अपने स्वागत उद्बोधन में सभी सदस्यों का अभिनंदन करते हुए नववर्ष 2026 की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। उन्होंने सदस्यता विस्तार पर विशेष जोर देते हुए कहा कि समिति के संविधान के प्रावधानों के अनुसार सदस्यता शुल्क के साथ जिले भर में व्यापक सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। वहीं नवनियुक्त कार्यवाहक अध्यक्ष विकास सिंह ने अपने उद्बोधन में कहा कि समिति की मुख्य कार्यकारिणी के साथ-साथ महिला प्रकोष्ठ एवं युवा प्रकोष्ठ का गठन अतिशीघ्र किया जाएगा, जिससे समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित हो सके। समारोह के दौरान संगठन की जमीनी पकड़ और सामाजिक सक्रियता को और मजबूत बनाने हेतु विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।

महिला सरपंच पर हत्या करने का प्रयास : प्राणघातक हमलें से हुई घायल

कोरबा/नवप्रदेश। जिले में एक महिला सरपंच की हत्या करने का प्रयास किया गया। रॉड से किए गए प्राणघातक हमलों में सतरेंगा की सरपंच गंभीर रूप से घायल हुई है। जानकारी के मुताबिक श्रीमती बंधन बाई कंवर ग्राम पंचायत सतरेंगा की वर्तमान में सरपंच है। पंचायत चुनाव के समय बंधन बाई के विरूद्ध जो सरपंच के पद पर खडे हुये थे, उसको झूलसिह पण्डो सपोर्ट करता था किन्तु चुनाव में हार जाने के बाद चुनावी रंजिश बंधन बाई से रखने लगा था। हाल ही में 31 दिसम्बर 2025 को गांव में शराब विक्रय करने वालों के खिलाफ महिला समूह के साथ गांवों में भ्रमण कर सरपंच द्वारा उन्हें समझाईश ?दिया गया था। इस दौरान झूलसिंह पण्डो को भी अवैध शराब निर्माण करने से मना किया गया था।

माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर हसदेव आरती का हुआ भव्य आयोजन

■ **जल स्रोतों की सफाई और संरक्षण के लिए जन जागरूकता लाने किया गया आयोजन**

कोरबा/नवप्रदेश। हसदेव नदी और इसकी सहायक नदियों के संरक्षण और सौंदर्यीकरण के लिए निरंतर प्रयासरत नमामि हसदेव सेवा समिति ने 3 जनवरी 2026 (शनिवार) को पौष पूर्णिमा के अवसर पर कोरबा जिले के प्रसिद्ध माँ सर्वमंगला मंदिर घाट पर भव्य हसदेव आरती का आयोजन किया। इस आयोजन में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लिया और हसदेव नदी की स्वच्छता एवं संरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता दिखाई।

हसदेव नदी के संरक्षण और जल स्रोतों की सफाई के प्रति जन जागरूकता लाने के उद्देश्य से नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा प्रतिमाह की भांति इस बार पौष पूर्णिमा के अवसर पर हसदेव आरती का भव्य आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य यजमान के रूप में श्री भोजराम देवांगन (अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ राज्य हाथकरघा विकास एवं विपणन सहकारी संघ) उपस्थित रहे। इनके साथ ही विशिष्ट यजमान के तौर पर श्री नरेन्द्र कुमार अग्रवाल (महामंत्री, चेम्बर ऑफ कामर्स एंड इंडस्ट्री, कोरबा), श्री विमल कुमार जोशी (अध्यक्ष, मारवाड़ी ब्राह्मण विकास समिति, कोरबा), श्री मनीष जैन (सचिव, जैन मिलन समिति, कोरबा) और श्री विद्यानंद पाण्डेय (प्राचार्य, सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सीतामढ़ी, कोरबा) ने भी इस पवित्र आयोजन में भाग लिया।मुख्य यजमान श्री भोजराम देवांगन ने अपने उद्बोधन में समिति के इस आयोजन की प्रशंसा करते हुए कहा कि हसदेव नदी के संरक्षण के लिए हमें सामूहिक प्रयास करने होंगे, ताकि आने वाली पीढ़ियाँ इस नदी का भरपूर उपयोग कर सकें। इसके साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जा सके कि नदी का पानी शुद्ध और स्वच्छ बने, जिससे क्षेत्र में जल संकट की समस्या से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि नमामि हसदेव सेवा समिति द्वारा किए गए इस आयोजन से न केवल नदी के संरक्षण के प्रति जागरूकता फैल रही है, बल्कि यह नागरिकों को एकजुट करने और जल स्रोतों के महत्व को समझाने का भी एक शानदार प्रयास है। कार्यक्रम में उपस्थित अन्य विशिष्ट यजमानों ने भी हसदेव नदी के संरक्षण के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी का निर्वहन करने का संदेश दिया और क्षेत्रवासियों से अपील की कि वे भी इस पुण्य अवसर पर अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें।समिति द्वारा आने वाले दिनों में इस प्रकार के आयोजन और बड़े स्तर पर किए जाएंगे, ताकि हसदेव नदी को बचाने की मुहिम को और बढ़ावा मिल सके। नमामि हसदेव सेवा समिति के इस आयोजन ने क्षेत्रवासियों के बीच हसदेव नदी और जल स्रोतों के महत्व को एक नए दृष्टिकोण से समझने का अवसर प्रदान किया है। अब यह सुनिश्चित करने की आवश्यकता है कि सभी लोग इसे अपनी जिम्मेदारी समझें और अपना-अपना योगदान देने के लिए प्रेरित हों।

पीवीटीजी गांव में ग्रामीणों के बीच कलेक्टर की लगी चौपाल

■ **शिक्षा, स्वास्थ्य और आंगनबाड़ी केंद्र में निरीक्षण कर जाना वहाँ का हाल**

कोरबा/नवप्रदेश। नवपदस्थ कलेक्टर कुणाल दुदावत ने नए साल की शुरुआत के साथ ही आकांक्षी ब्लॉक पोड़ी उपरोड़ा क्षेत्र के दूरस्थ व अंतिम छोर के गाँवों में जाकर शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल सहित शासन की फ्लैगशिप योजनाओं के धरातल पर क्रियान्वयन की स्थितियों का जायजा लिया। कलेक्टर ने जिले की पहचान विशेष पिछड़ी जनजाति पहाड़ी कोरवाओं-बिरहोर बाहुल्य गाँव गुडरुमुड़ा में चैपाल लगाकर उनकी समस्याओं को सुना और उन्हें दूर करने अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने गुडरुमुड़ा, पोड़ी उपरोड़ा, ऐतमानगर, गुरसिया, सालिहां भाठा, लैंगा और अंतिम छोर पर स्थित पसान तक जाकर आंगनबाड़ी केंद्र, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, पोषण पुनर्वास केंद्र, बालिका आवासीय छात्रावास, एकलव्य आवासीय विद्यालय, धान खरीदी केंद्र, ऐतमानगर जलप्रदाय योजना, निर्माणाधीन वॉटर फीडर टैंक, निर्माणाधीन पीएम जनमन सड़क, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, निर्माणाधीन विद्यालय भवन, शिक्षकों के आवासीय भवन का निरीक्षण किया और आवश्यक निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ श्री दिनेश नाग, सहायक कलेक्टर श्री क्षितिज गुरभेले, एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा श्री मनोज बंजारे सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे

कलेक्टर ने गुडरुमुडा में पीएम जनमन आवास की जानकारी लेते हुए सभी आवासों में पीएम सूर्यघर स्थापित करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि घरों तक सर्विस वायर लगाकर मीटर भी लगाएं। कलेक्टर ने यहाँ बन रही पीएम जनमन सड़क के अधूरे कार्य को 10 फरवरी तक पूर्ण करने के निर्देश दिए। यहाँ सरपंच सहित ग्रामीणों को कलेक्टर ने जागरूक रहकर शासन की योजनाओं का लाभ उठाने और नशे से दूर रहकर शिक्षा के माध्यम से बच्चों का भविष्य बेहतर बनाने की प्रेरणा दी। उन्होंने पीएम जनमन आवास के हितग्राही के आवास और वहाँ स्थापित पीएम सूर्यघर का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर योजना के फायदे बताते हुए कहा कि इससे अधिक बिजली बिल से मुक्ति मिलने के साथ हितग्राही बिजली का उत्पादन कर दूसरे को बेच भी सकते हैं।

।पीवीटीजी ग्राम गुडरुमुड़ा की समस्याएं होंगी दूर

कलेक्टर श्री दुदावत ने पीवीटीजी ग्राम गुडरुमुड़ा में ग्रामीणों के बीच चैपाल लगाकर उनकी समस्याओं को गंभीरता से सुना और चर्चा करते हुए समाधान के निर्देश दिए।
कलेक्टर ने महिलाओं से महतारी वंदन योजना, उचित मूल्य की दुकान में खाद्यान्न मिलने, पेयजल, स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी ली।
ग्रामीणों ने राशन दुकान में खराब चावल मिलने की शिकायत की तो कलेक्टर ने जांच के निर्देश दिए।
बिरहोर जनजाति की महिला रति बाई ने अपनी सुपुत्री की शारीरिक समस्या बताते हुए उपचार की मांग की तो कलेक्टर ने सोमवार को उसे जिला अस्पताल भेजकर इलाज कराने के निर्देश दिए।

विधायक सुश्री उसेण्डी ने बंधा तालाब का किया निरीक्षण

सोमवार से प्रारंभ होगा स्वच्छता अभियान

कोण्डागांव /नवप्रदेश। नगर के मध्य स्थित बंधा तालाब को स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से नगर पालिका परिषद द्वारा सोमवार को प्रातः 10 बजे से व्यापक सफाई अभियान का शुभारंभ किया जाएगा। इस संबंध में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेण्डी ने रविवार को कलेक्टर श्रीमती नुपूर राशि पन्ना के साथ बंधा तालाब का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने तालाब की वर्तमान स्थिति का जायजा लिया तथा सफाई एवं संरक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।विधायक सुश्री उसेण्डी ने तालाब में शहर के विभिन्न वार्डों से आ रहे गंदे पानी की निकासी को रोकने एवं स्थायी समाधान के रूप में सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट की स्थापना को लेकर भी आवश्यक निर्देश दिए।इस अवसर पर नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष श्री नरपति पटेल, उपाध्यक्ष श्री जसकेतु उसेण्डी, जिला पंचायत कांकेर की अध्यक्ष श्रीमती किरण नरेटी, स्थानीय जनप्रतिनिधिगण, मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्री दिनेश डे सहित नगर पालिका के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

सफाई अभियान में श्रमदान की अपील

बंधा तालाब में प्रारंभ हो रहे सफाई अभियान में जनसहभागिता सुनिश्चित करने हेतु नगर पालिका परिषद द्वारा नगरवासियों से श्रमदान की अपील की गई है। नगर पालिका ने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे स्वेच्छा से इस अभियान में सहभागी बनकर नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में योगदान दे सकते हैं।

उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों लिए सतर्क रहना आवश्यक

कोरबा/नवप्रदेश। छग राज्य उपभोक्ता आयोग के निर्देशानुसार जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा द्वारा प्रतिमाह कोरबा जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ता जागरूकता शिविर का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में 31 दिसम्बर 2025 को ग्राम पंचायत नकटीखार में कोरबा जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा ग्रामवासियों को उनके अधिकारों व हितों की जानकारी दी गई। इस संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए जिला उपभोक्ता आयोग कोरबा की अध्यक्षा श्रीमती रंजना दत्ता, सदस्यगण- सुश्री ममता दास एवं श्री पंकज कुमार देवड़ा ने संयुक्त रूप से बताया कि उपभोक्ता कौन है व उपभोक्ता के अधिकार क्या है? उपभोक्ताओं को किसी वस्तु की कीमत, गुणवत्ता की जांच, मात्रा की जांच, सेवा व संविदा शर्तें, बीमा, मेडिकल क्लेम फाइनेंस कंपनियां, बैंक, यातायात वाहन, आनलाइन खरीददारी सोच समझकर करनी चाहिए।

पंचायत स्तरीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता आयोजन का समापन

अंतागढ़/ नवप्रदेश। ग्राम आमागांव में पंचायत स्तरीय दो दिवसीय ग्रामीण खेल प्रतियोगिता आयोजन दिनांक 30.12.2025 से 31.12.2025 तक किया गया ग्राम पंचायत आमागांव में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दो दिवसीय महिला-पुरुष ग्रामीण खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

जिसमें पंचायत के सभी पांचों ग्राम आमागांव .चिपोंडी. मुरनार .चिंगनार. सिरसांगी के अधिक से अधिक ग्रामीण भाग लिए इस प्रतियोगिता में महिला व पुरुषों के लिए कबड्डी, 100 मीटर दौड़, रस्सी खींच, मटका फोड़, कुर्सी दौड़, आदि प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था जिसमें महिला कबड्डी में पंचायत वार्ड पंचों ने प्रथम स्थान और आमागांव कलार पारा द्वितीय स्थान रहे पुरुष वर्ग कबड्डी आमागांव कलार पारा प्रथम और चिंगनार द्वितीय स्थान रहे और क्रिकेट प्रतियोगिता में प्रथम स्थान आमागांव और दूसरे स्थान कोलर रहा दो दिवसीय खेल प्रतियोगिता के समापन के अवसर पर अतिथियों द्वारा विजेता टीमों को पुरस्कृत किया गए इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सरपंच द्रोपती ध्रुव विशिष्ट अतिथि बिरसिंह मंडावी राजमन राना उप सरपंच सुरेंद्र मंडावी वार्ड पंच भुनेश्वर कोठारी, उमेश धनेलिया,गंगाराम कुंजाम, रामनाथ मरकाम, हरीश मंडावी, राजेश्वरी जैन, गायत्री नाग, अनसुईया बुई, सनोती ध्रुव, शांति मरकाम, हिराय मरकाम, महेश्वरी मंडावी, पार्वती मंडावी, रमोबाई जैन सचिव कल्ली राम कोमरा, कुंवर सिंह ध्रुव,आदि।

निम्न प्रतियोगिता पर पुरुस्कार की राशि रखी गई थी

■ महिला वर्ग में -

कबड्डी प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय 1500
रस्सी खींच प्रथम पुरस्कार 1000, द्वितीय 500
दौड़ 100 मी. प्रथम पुरस्कार 500, द्वितीय 250
मटका फोड़-प्रथम 500, द्वितीय 250
कुर्सी दौड़ प्रथम 500, द्वितीय 250

■ पुरूष वर्ग में

कबड्डी प्रथम पुरस्कार 3000, द्वितीय पुरस्कार 1500
रस्सी खींच प्रथम 1000, द्वितीय 500
दौड़ 100 मी. प्रथम पुरस्कार 500, द्वितीय 250
मटका फोड़-प्रथम 500, द्वितीय 250
कुर्सी दौड़ प्रथम 500, द्वितीय 250

पेज 1 का शेष

संगम तट पर कल्पवास शुरू...

पांच में मेजा के देवी प्रसाद मिश्र पत्नी राज कुमारी के साथ कल्पवास कर रहे हैं। देवी प्रसाद ने बताया कि महाकुम्भ में कल्पवास का संकल्प लिया था। स्वास्थ्य ठीक न रहने के कारण इस बार लगा कि कल्पवास का संकल्प अधूरा रह जाएगा। लेकिन बहू डिंपल ने साहस बढ़ाया और सेवा करने के लिए बच्चों के साथ वह खुद साथ में आ गयीं। उन्होंने बताया कि सुबह चार बजे स्नान किया। घाट पर मां गंगा को पूड़ी, मिष्ठान अर्पित कर हवन-पूजन किया। भजन-कीर्तन व सत्संग में मन इतना रम गया कि घर-गृहस्थी की चिंता खत्म हो गयी। अन्नपूर्णा मार्ग पर कल्पवास कर रहे शिकरो कोरांव के रहने वाले ज्ञान शंकर के साथ उनका बेटा और पौत्र भी सेवा करके पुण्य प्राप्त कर रहे हैं।

सुकमा के जंगलों...

छोड़कर लोकतांत्रिक व्यवस्था में विश्वास जताने और मुख्यधारा में लौटने की अपील की।

दर्जनों नरसंहारों में शामिल था डीवीसीएम मुक्का

कुख्यात डीवीसीएम वेट्टी मंगडू उर्फ मुक्का पर सुकमा और आसपास के इलाकों में 41 गंभीर आपराधिक मामले दर्ज थे। उस पर नागरिकों और सुरक्षा बलों पर हुए कई बड़े हमलों की साजिश रचने का आरोप था। दरभा घाटी, ताड़मेटला, बुर्कापाल, मिनपा और चिंतागुफा जैसे चर्चित हमलों में उसकी भूमिका बताई गई है, जिनमें सैकड़ों निर्दोष ग्रामीणों और दर्जनों सुरक्षाकर्मियों की जान गई थी।

बड़ा हादसा टलाः एअर...

जांच करने पर एयरक्राफ्ट के इंजन से फ्यूल लीकेज की पुष्टि हुई है।

3 घंटे 40 मिनट बाद दूसरे विमान से पैसेंजर्स को भेजा

एअर इंडिया की ओर से पैसेंजर्स के लिए ऑप्शनल एयरक्राफ्ट उपलब्ध कराया। करीब 4 घंटे की देरी के बाद रात 11:35 बजे दूसरे एयरक्राफ्ट से सभी पैसेंजर्स को मुंबई के लिए रवाना किया गया। एअर इंडिया के साथ ही जयपुर एयरपोर्ट की तकनीकी टीम ने प्रभावित एयरक्राफ्ट की जांच शुरू कर दी है, और फ्यूल लीकेज के कारणों का पता लगाया जा रहा है।

2 महीने पहले वाराणसी में इंडिगो फ्यूल लीक हुआ, पायलट का मेडे कॉल

इससे पहले 2 महीने 23 अक्टूबर को इंडिगो की फ्लाइट में फ्यूल लीक होने के चलते वाराणसी एयरपोर्ट पर आपातकालीन लैंडिंग कराई गई थी। जिस समय विमान का फ्यूल लीक होने लगा, विमान करीब 36000 फीट ऊंचाई पर उड़ रहा था। पायलट ने वाराणसी सीमा में घुसते ही ATC (एयर ट्रैफिक कंट्रोल) को मेडे मैसेज दिया और फिर लैंडिंग की।

पीएम मोदी ने...

के प्लेटफॉर्म नंबर एक पर पहुंची। सुरक्षा के कड़े इंतजाम संघ प्रमुख के आगमन को लेकर रेलवे स्टेशन और आसपास के इलाकों में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए थे। केंद्रीय सुरक्षा एजेंसियों के साथ-साथ जिला प्रशासन और पुलिस के आला अधिकारी मौके पर मुस्तैद रहे। ट्रेन से उतरने के बाद मोहन भागवत कड़ी सुरक्षा के बीच सड़क मार्ग से सीधे वृंदावन के लिए रवाना हो गए। वृंदावन में संघ की महत्वपूर्ण कार्यकारिणी की बैठक 5 जनवरी से शुरू होकर 11 जनवरी तक चलेगी। संघ प्रमुख इस दौरान 10 जनवरी तक वृंदावन में ही प्रवास करेंगे। सूत्रों के अनुसार, इस महत्वपूर्ण बैठक में शामिल होने के लिए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के भी आने की संभावना है।

बड़ी उपलब्धिः पालक...

जोड़ा गया। सारंगढ़-बिलाईगढ़ में आयोजित परीक्षा पे चर्चा मेला से एक ही दिन में 10,000 से अधिक पंजीयन दर्ज हुए, जबकि इससे पहले प्रतिदिन औसत पंजीयन लगभग 1500 के आसपास था। पिछले प्रयासों के रूप में आयोजित शिक्षक-पालक सम्मेलन और मेगा पीटीएम ने भी अभिभावकों की सजगता और सहभागिता को नई दिशा दी है।

परीक्षा पे चर्चा से जुड़े प्रेरक अनुभव भी लगातार सामने आ रहे हैं। पिछले वर्ष इस कार्यक्रम में शामिल हुई कु. युक्तामुखी ने अपने अनुभव साझा करते हुए इस वर्ष अधिक से अधिक विद्यार्थियों से पंजीयन कर अपने प्रश्न पूछने की अपील की है। उनका प्रेरक संदेश विद्यार्थियों में उत्साह, आत्मविश्वास और सक्रिय सहभागिता की भावना जागृत कर रहा है।

परीक्षा पे चर्चा 2026 में छत्तीसगढ़ द्वारा प्राप्त की गई यह उपलब्धि पूरे राज्य के विद्यार्थियों, शिक्षकों और पालकों के सामूहिक प्रयास का परिणाम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा परीक्षा को तनाव नहीं बल्कि उत्सव के रूप में मनाने का जो संदेश दिया गया है, उसे छत्तीसगढ़ ने दिल से अपनाया है। कुल पंजीयन में देश में चौथा स्थान और पालक सहभागिता में प्रथम स्थान प्राप्त करना इस बात का प्रमाण है कि हमारे यहां अभिभावकों में भी जागरूकता बढ़ी है और वे बच्चों पर अनावश्यक दबाव डालने के बजाय उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए आगे आ रहे हैं।

नोएडा में 1000 से...

उनकी पेंशन अस्थायी तौर पर रोक दी गई है। पीएफ पेंशन के लिए जीवन प्रमाण पत्र अपडेट कराने के कई आसान तरीके हैं, जिनमें घर बैठे अपने मोबाइल से फेस ऑथेंटिकेशन करके इस प्रक्रिया को पूरी कर सकते हैं। इसके अलावा बैंक, पोस्ट ऑफिस या कर्मचारी भविष्य निधि संगठन कार्यालय में जाकर भी इस प्रक्रिया को पूरा किया जा सकता है।

7 को रोजगार दिवस के साथ मनाया जाएगा आवास दिवस

कोंडागांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत आवास निर्माण कार्यों में प्रगति लाने एवं समय-सीमा में आवासों को पूर्ण कराने के उद्देश्य से अब प्रत्येक माह की 07 तारीख को रोजगार दिवस के साथ-साथ आवास दिवस का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन जिले की सभी ग्राम पंचायतों में किया जाएगा।

आवास दिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत अंतर्गत आवास योजना के लाभार्थियों की सूची का वाचन किया जाएगा तथा स्वीकृति प्रमाण पत्रों का वितरण भी किया जाएगा। साथ ही प्रधानमंत्री आवास निर्माण में आ रही विभिन्न तकनीकी एवं प्रशासनिक समस्याओं का समाधान मौके पर ही किया जाएगा।

इस दौरान किस्त की राशि लंबित होना, केवाईसी (चङ्घष्ट) से जुड़ी समस्याएं, 90 दिवस की अकुशल मजदूरी राशि का हस्तांतरण, सहित अन्य स्थानीय समस्याओं के निराकरण का प्रयास किया जाएगा, ताकि आवास निर्माण कार्य में तेजी लाई जा सके।

निर्माण सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सेंट्रिंग प्लेट, ईंट, रेत आदि हेतु स्व सहायता समूहों के माध्यम से सामग्री बैंक की स्थापना की जाएगी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कांकेर, जिला उत्तर बस्तर कांकेर (छत्तीसगढ़)

: ज्ञापन:

क्रमांक/ GENS-11/Q/2026-SDM OFC KNK READER I SUC दिनांक 26/12/25

प्रति,

खोरबहरीन नेताम पति स्व. ब्रिज साल नेताम निवासी वार्ड क्रमांक 11 नरहरपुर, तहसील नरहरपुर ईशलहार का प्रकाशन करने बाचत।

विषय : ईश्तहार प्रकाशन करने बाबत।

विषयांतर्गत आपके द्वारा आम सरतरपुर, तहरील नरहरपुर स्थित भूमिस्यामी ठरु की भूमि सा नंबर 735 रकबा 0.10 हैं. भूमि को आवासीय प्रयोजन व्यपवर्तन करयाने आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जिसमें पान के साथ ईश्तहार का प्रारुप संलग्न है। उक्त ईश्तहार का प्रकाशन कोई भी दैनिक समाचार पत्र में कर पेपर कतरन महित दिनांक 7/01/2026 को इस कार्यालय में उपलब्ध करावें।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) कांकेर जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

मुहर

'जीरो विजन' के लक्ष्य के तहत करें सड़क सुरक्षा के उपाय : न्यायमूर्ति सप्रे

- सड़क सुरक्षा को लेकर प्रत्येक माह बैठक आयोजित करने के दिए निर्देश
- न्यायमूर्ति सप्रे ने हेलमेट बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना
- उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को दिया गया प्रशस्ति पत्र

दुर्ग/नवप्रदेश। सुप्रीम कोर्ट कमेटी ऑन रोड सेफ्टी के अध्यक्ष व सुप्रीम कोर्ट ऑफ इंडिया के पूर्व न्यायमूर्ति अभय मनोहर सप्रे की अध्यक्षता में आज दुर्ग संभाग की सड़क सुरक्षा को लेकर समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं पर चिंता व्यक्त करते हुए न्यायमूर्ति सप्रे ने जनजागरूकता अभियान के माध्यम से दुर्घटनाओं में कमी लाने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने वर्ष 2024 और 2025 की सड़क दुर्घटनाओं, मृत्यु व घायलों के आंकड़ों की तुलनात्मक समीक्षा करते हुए कहा कि दोनों वर्षों में स्थिति लगभग समान है, जो गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने प्रशासन को सड़क सुरक्षा के क्षेत्र में और अधिक ठोस व प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए।

न्यायमूर्ति सप्रे ने दुर्घटनाओं के कारणों का विश्लेषण कर संवेदनशील क्षेत्रों की पहचान करने और वहां शीघ्र सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वर्ष 2026 को लक्ष्य बनाकर 'जीरो विजन' के तहत कार्य किया जाए, जिससे सड़क दुर्घटनाओं, मृत्यु व घायलों की संख्या में कमी लाई जा सके। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े दुर्ग संभाग के अन्य जिलों के कलेक्टर व पुलिस अधीक्षकों को प्रत्येक माह सड़क सुरक्षा की समीक्षा बैठक आयोजित करने के निर्देश दिए।

सड़क सुरक्षा के लिए जनभागीदारी को सबसे महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने स्कूलों, कॉलेजों और सार्वजनिक स्थानों पर व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। अभियान के तहत संतुलित गति से वाहन चलाने, हेलमेट और सीट बेल्ट के उपयोग, यातायात संकेतों के पालन तथा शराब पीकर वाहन न चलाने के विषय में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए।

न्यायमूर्ति सप्रे ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं में मृत्यु का प्रमुख कारण हेलमेट और सीट बेल्ट का उपयोग न करना है। बिना हेलमेट व बिना सीट बेल्ट वाहन चलाने वालों और शराब के नशे में वाहन चलाने वालों के विरुद्ध कड़ी चालानी कार्रवाई करने के निर्देश दिये गए। उन्होंने जिले के सभी वाहनों के बीमा, फिटनेस और वाहन चालकों के लाइसेंस की नियमित जांच के निर्देश दिए।

बैठक के दौरान न्यायमूर्ति सप्रे ने सड़क सुरक्षा अभियान 2025 के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं जनआक्रोश नागपुर, दिशा ग्रुप भिलाई, इंद्रधनुष समूह भिलाई (बीएसपी), स्वयंसिद्धा संस्था भिलाई और मेरा युवा भारत दुर्ग को प्रशस्ति पत्र प्रदान किया।

जनजागरूकता के उद्देश्य से हेलमेट बाइक रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। बैठक में अंतर्विभागीय लीड एजेंसी (सड़क सुरक्षा) के अध्यक्ष संजय शर्मा ने जिले के सड़क सुरक्षा परिदृश्य, दुर्घटनाओं के कारण, नियंत्रण उपाय, प्रवर्तन, इंजीनियरिंग, शिक्षा व आकस्मिक उपचार से संबंधित भावी कार्ययोजना की जानकारी दी।

कलेक्टर अभिजीत सिंह ने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन सड़क सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सजग है और सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रशासन और पुलिस विभाग मिलकर इन प्रयासों को और अधिक प्रभावी बनाएंगे। इस अवसर पर संभागायुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल, अपर कलेक्टर अभिषेक अग्रवाल, संयुक्त कलेक्टर हरवंश मिरी, एसडीएम सोनल डेविड, महेश राजपूत, उत्तम ध्रुव, हितेश पिस्दा, नगर निगम आयुक्त भिलाई राजीव पाण्डेय, नगर निगम आयुक्त दुर्ग सुमित अग्रवाल, नगर निगम आयुक्त रिसाली मोनिका शर्मा, नगर निगम आयुक्त चरोदा डी एस राजपूत, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी एसएल लकडा, यातायात विभाग, पुलिस विभाग एएसपी ऋचा मिश्रा सहित संबंधित विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

न्यूज गैलरी

चाकू लहराने वाला युवक गिरफ्तार

दुर्ग। सार्वजनिक स्थान पर चाकू लहराकर लोगों को डराने धमकाने वाले आरोपी को मोहन नगर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से बटन वाला धारदार चाकू जब्त किया गया है। धमधा रोड सब्जी मंडी दुर्ग में बाम्बे आवास उरला निवासी आरोपी जय पटेल के पास बटन वाला धारदार चाकू होने की सूचना पुलिस को मिली थी। वह आने जाने वाले लोगों को चाकू लहराकर डरा धमका रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी जय पटेल को पकड़ा। आरोपी के खिलाफ धारा 25-27 आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है।

सीएसवीटीयू ने परीक्षा फॉर्म भरने खोला डिजिवर्सिटी पोर्टल

भिलाईनगर। छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद तकनीकी विश्वविद्यालय ने नवम्बर-दिसम्बर 2025 परीक्षाओं के लिए परीक्षा फॉर्म भरने पोर्टल ओपन कर दिया है। डिजिवर्सिटी पोर्टल के माध्यम से विभिन्न पाठ्यक्रमों के लिए ऑनलाइन परीक्षा फॉर्म भरने की प्रक्रिया 1 जनवरी से प्रारंभ हो गई है। यह सुविधा 15 जनवरी तक उपलब्ध रहेगी। बी. फार्मेसी (तृतीय व चतुर्थ सेमेस्टर), बी. टेक (एआईसीटीई एवं एनईपी योजना अंतर्गत प्रथम व द्वितीय सेमेस्टर, ऑनर्स सहित) और डिप्लोमा इंजीनियरिंग (तृतीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर) के नियमित व बैकलॉग छात्र-छात्राओं के लिए फॉर्म भरे जाएंगे। बिना विलंब शुल्क के परीक्षा फॉर्म भरने की अंतिम तिथि 4 जनवरी निर्धारित की गई है।

ओएसटी सेंटर के बाहर दवाइयां ले जाने का मामला उजागर

भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक ने रंगे हाथों पकड़ा

भिलाई/नवप्रदेश। जिले के सुपेला स्थित लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल के नशा मुक्ति केंद्र में बड़ी लापरवाही का पता चला है।

नशा छुड़ाने के लिए संचालित इस केंद्र में दी जाने वाली दवाइयों का दुरुपयोग किये जाने की शिकायत मिली है। आरोप है कि दवाइयों का दुरुपयोग करते हुए नशाखोरी करने में किया जा रहा है। भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष स्वीटी कौशिक शनिवार को सुपेला अस्पताल पहुंची। उन्होंने एक मरीज को दवाइयां बाहर ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़ा।

स्वीटी कौशिक ने आरोप लगाया कि नशा मुक्ति केंद्र में नियमों का खुलेआम उल्लंघन किया जा रहा है। नशा छुड़ाने की दवाइयां अस्पताल परिसर में ही मरीजों को खिलाना चाहिये।

यहां दवाइयां मरीजों के हाथों में दी जा रही थीं। चार मरीजों के पास से इव्लिन की चार शीशियां, लगभग चार सीसी दवा और ओएसटी पाउडर की मात्रा बरामद की गई। आरोप है कि इन दवाओं का उपयोग मरीज इंजेक्शन के जरिए नशा करने में करते हैं।

स्वीटी कौशिक का कहना है कि काफी समय से स्थानीय लोगों द्वारा ओएसटी सेंटर को हटाने या शिफ्ट करने की मांग कर रहे है। सेंटर के आसपास नशाखोरी, उपद्रव और असामाजिक गतिविधियों के कारण अस्पताल में इलाज कराने आने वाले मरीजों, खासकर महिलाओं को परेशानी का सामना करना पड़ता है। नशा छुड़ाने के नाम पर यहां सस्ता नशा आसानी से उपलब्ध हो रहा है, जिससे नशे की लत और बढ़ रही है।

सुपेला के ओएसटी सेंटर का निरीक्षण करने रायपुर से डॉक्टर पहुंचे थे। इसकी जानकारी मिलने पर स्वीटी कौशिक कार्यकर्ताओं के साथ सुपेला अस्पताल पहुंची।

उन्होंने एक मरीज को दवाई ले जाते हुए रंगे हाथ पकड़ा। नियमानुसार यह दवा तत्काल मरीज को खिलाने की दवा है। रायपुर से पहुंचे डॉ सोनवानी ने पूरे मामले की जांच कराने की बात कही है। ओएसटी सेंटर के डॉक्टर और स्टाफ संतोषजनक जवाब नहीं दे पाए। स्वीटी कौशिक ने इस मामले में सुपेला थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है।

किशोरी ने लगाई फांसी

दुर्ग/नवप्रदेश। शंकर नगर में 16 साल की लड़की ने अपने घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लड़की के पिता सरकारी वकील हैं। मां सरकारी टीचर हैं। उसके चाचा राहुल गोस्वामी यूथ कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता हैं। शुक्रवार शाम को घटना के समय उसकी दादी घर पर थीं। परिवार के अन्य सदस्य बाहर थे। निष्ठा गोस्वामी (16) सेक्टर-10 के श्री शंकरा स्कूल में क्लास 11 की स्टूडेंट थी। शुक्रवार दोपहर को वह पढने् के लिए अपने कमरे में गई, लेकिन देर शाम तक बाहर नहीं आई। उसके परिवार वालों ने दरवाजा खटखटाया। कोई जवाब न मिलने पर दरवाजा तोड़ दिया गया। परिवारजनों ने देखा कि निष्ठा फंदे से लटकी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और पुलिस की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस को जांच के दौरान एक सुसाइड नोट मिला है जिसमें लिखा है कि सॉरी मम्मी-पापा। मैं जो कर रही हूं, वह सही नहीं है, लेकिन फिर भी मैं आत्महत्या कर रही हूं। प्लीज मुझे माफ कर देना। मैं एक अच्छी बेटी नहीं बन पाई। मेरी बहन का ख्याल रखना और उसकी हर ख्वाहिश पूरी करना।

ट्रक पर स्टंट दिखाने वाले युवक की मौत

दुर्ग/नवप्रदेश। ट्रक पर चढ़कर स्टंट दिखाने वाले एक युवक की गिरने से मौत हो गई। पुनीत साहू 2 जनवरी को अपने दोस्तों के साथ धमधा घूमने गया था। वापस लौटते समय पुनीत ट्रक में बैठ गया और दोनों दोस्त बुलेट पर पीछे पीछे चल रहे थे। वे वीडियो भी बना रहे थे। पुनीत कंडक्टर सीट पर बैठा था। गेट खोलकर बाहर लटककर स्टंट करने लगा। धमधा-बेमेतरा मेन रोड स्थित बड़े पुल के पास बैलेंस बिगडने् से पुनीत नीचे गिरा और पहिए के नीचे आकर बुरी तरह से कुचला गया। उसके शरीर के कई अंग दूर-दूर तक बिखर गए। शव के टुकड़े बीनने में पुलिस को आधे घंटे लग गए।

मृतक भिलाई के जामुल क्षेत्र के गणेश नगर वार्ड 5 निवासी वाहन चालक का बेटा पुनीत साहू (24) पेशे से मजदूर है। वह अपने दोस्तों दीपक बर्मन, विजय सिंह सहित अन्य के साथ धमधा घूमने गया था। उनका एक दोस्त ट्रक चलाता था, वह अपना ट्रक लेकर सिरनाभाठा धमधा के चावल गोदाम पहुंचा हुआ था। गोदाम से निकलते वक्त पुनीत ट्रक में बैठ गया। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक वो लगातार खिड़की खोलकर स्टंट कर रहा था, बाहर झूल रहा था। अचानक बैलेंस बिगडने् से पुनीत नीचे गिरा और सीधा ट्रक की चपेट में आ गया।

खनिज विभाग ने बीते साल के मुकाबले वसूला 8 प्रतिशत अधिक राजस्व

दुर्ग/नवप्रदेश। जिले में खनिज विभाग को जारी वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 90 करोड़ रुपए की राजस्व वसूली का लक्ष्य दिया गया था, जिसके विरुद्ध दिसंबर तक कुल 67193 करोड़ रुपए का राजस्व प्राप्त हो चुका है। यह वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य का 75.5 प्रतिशत है। गत वित्तीय वर्ष में प्राप्त कुल लक्ष्य के विरुद्ध दिसंबर तक 67 प्रतिशत ही राजस्व अर्जित किया गया था। गत वर्ष के मुकाबले प्राप्त लक्ष्य के विरुद्ध इस बार दिसंबर माह की स्थिति में 8.5 प्रतिशत अधिक राजस्व प्राप्त हो चुका है। इस वित्तीय वर्ष में माह दिसंबर तक जिले में विभाग ने अवैध खनिज उत्खनन और परिवहन के कुल 139 प्रकरण दर्ज किए हैं। इन प्रकरणों में 49.78 लाख रुपए अर्थदण्ड जमा कराए गए हैं। अभी भी विभाग द्वारा निरंतर कार्रवाई जारी है। दर्ज प्रकारणों में सबसे ज्यादा 107 अवैध खनिज परिवहन से संबंधित है। इसमें शामिल लोगों से कुल 31189 लाख रुपए का जुर्माना वसूल किया गया है। अवैध खनिज 31 दिसंबर तक 24 प्रकरण दर्ज उत्खनन के जिले के विभिन्न क्षेत्रों में किए गए हैं। इन मामलों में अवैध खनिज उत्खननकर्ताओं से 12.83 लाख रुपए अर्थदंड जमा कराए गए हैं। अवैध खनिज भंडारण के 8 प्रकरण दर्ज हुए हैं। इसमें अवैध खनिज भंडारण कर रखने वालों से कुल 5 लाख 5 हजार रुपए अर्थदंड वसूल किए गए हैं। विभाग गत पूरे वित्तीय वर्ष में प्राप्त लक्ष्य का 98 प्रतिशत ही राजस्व प्राप्त कर पाया था।

विधायक सेन ने शुरू की वेंटिलेटर एम्बुलेंस सेवा, किफायती दर पर भिलाईयंस को मिलेगी सुविधा

भिलाई नगर/नवप्रदेश। आज छेरछेरा पुन्नी के अवसर पर वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन ने वेंटिलेटरयुक्त एम्बुलेंस सेवा शुरू कर दी। एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर यह सुविधा शुरू की गई है। सेन ने बताया कि यह वेंटिलेटर एम्बुलेंस क्षेत्रवासियों के लिए किफायती दर पर आईसीयू टीम के साथ उपलब्ध होगी।

उन्होंने कहा कि क्षेत्र में वेंटिलेटर-युक्त एम्बुलेंस न होने से कई गंभीर दिक्कतें होती थी। खासकर उन मरीजों के लिए जिन्हें सांस लेने में समस्या हो और जो गंभीर रूप से घायल हों। भिलाई के मरीज को शिफ्ट करने में अक्सर बाहर से वेंटिलेटरयुक्त एम्बुलेंस मंगानी पड़ती थी, जिससे मनमाना किराया और काफी समय बेकार जाता था। वैशाली नगर विधानसभा में वेंटिलेटरयुक्त एम्बुलेंस सुविधा होने से किफायती किराये पर मरीज गंतव्य तक समय पर पहुंच सकेगा।

वेंटीलेटर एम्बुलेंस के लिए लोग वैशाली नगर विधायक कार्यालय द्वारा जारी नंबर 8770528839 और जीवरानी देवी वेलफेयर सोसाइटी 6262888851, 6262888852 के माध्यम से सम्पर्क कर किफायती दर पर एम्बुलेंस सुविधा ले सकेंगे। वेंटिलेटर एम्बुलेंस भिलाई-दुर्ग में 2100 और 5100 रुपये में राजधानी रायपुर तक सेवा देगी। अन्य राज्यों के हास्पिटल रेफर होने पर भी लोगों को किफायती किराये पर चिकित्सकीय टीम के साथ उपलब्धता के आधार पर प्रदान की जाएगी। सेन ने कहा कि वेंटिलेटर-युक्त एम्बुलेंस एक चलती-फिरती गहन चिकित्सा इकाई के रूप में काम करती है। वेंटिलेटर युक्त एम्बुलेंस एक मोबाइल आईसीयू की तरह है, इसमें पोर्टेबल वेंटिलेटर, ईसीजी मॉनिटर, पल्स ऑक्सीमीट और ब्लड प्रेशर मॉनिटर जैसे जीवन रक्षक उपकरण हैं। दवाएं, ऑक्सीजन सप्लाई और प्रशिक्षित क्रिटिकल केयर पैरामेडिक्स/नर्स भी मौजूद होंगे, जो गंभीर मरीजों को अस्पताल ले जाते समय निरंतर श्वसन सहायता और निगरानी प्रदान करते हैं ताकि, ऑक्सीजन की कमी न हो और समय पर इलाज मिल सके।

अध्यक्ष प्रीतपाल ने ली अधिकारियों व शाखा प्रबंधकों की समीक्षा बैठक

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित दुर्ग के अध्यक्ष प्रीतपाल बेलचंदन ने बैंक मुख्यालय के अधिकारियों की बैठक लेकर बैंक संचालन से संबंधित प्रमुख मुद्दों धान खरीदी, परिवहन, लिंकिंग वसूली, कालातीत ऋण वसूली और किसानों को नगद भुगतान जैसे विषयों पर समीक्षा की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी हृदेश शर्मा, एसके निवसरकर वर्ग-1 अधिकारी, कुसुम ठाकुर अतिरिक्त मुख्य पर्यवेक्षक, केके नायक अधीक्षक, राजेन्द्र वारे नोडल अधिकारी बेमेतरा, सीआर रावटे नोडल अधिकारी बालोद उपस्थित रहे। बैठक में बताया गया कि बैंक कार्यक्षेत्र जिला दुर्ग, बालोद, बेमेतरा अंतर्गत कुल 374 उपार्जन केन्द्रों में 12,03,306.64 मेट्रिक टन धान खरीदी की जा चुकी है। 3,57,165.64 मेट्रिक टन धान का परिवहन हुआ है और उपार्जन केन्द्रों में 10,81,487 मेट्रिक टन धान शेष है। कुल 281 उपार्जन केन्द्रों में बफर लिमिट से अधिक धान है और 25 उपार्जन केन्द्रों में 40000 क्विंटल से अधिक धान है। मुख्यालय में आयोजित शाखा प्रबंधकों की बैठक में धान खरीदी में जमीनी स्तर पर आ रही समस्याओं के संबंध में जानकारी लिया गया। शाखा प्रबंधकों द्वारा अवगत कराया गया कि उपार्जन केन्द्रों के दैनिक खरीदी लिमिट में पंजीकृत किसानों का उपार्जित धान को निर्धारित समयावधि 31 जनवरी तक विक्रय करने में समस्या उत्पन्न होगी। इस संबंध में खरीदी लिमिट बढ़ाने हेतु शीर्ष कार्यालयों को अवगत कराने की जानकारी दी गई। बैठक में बैंक कार्यक्षेत्र के 73 शाखाओं के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी अपनाओ का आव्हान

कुम्हारी/नवप्रदेश। भाजपा कुम्हारी मंडल द्वारा आत्मनिर्भर भारत के अंतर्गत घर-घर स्वदेशी, हर घर स्वदेशी अपनाओ के संबंध में रैली निकाली गई। कार्यक्रम के प्रभारी गिरीश साहू, नगर पालिका परिषद कुम्हारी अध्यक्ष मीना वर्मा, भाजपा नेता राकेश पाण्डेय, मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र सिन्हा, गीता निर्मलकर, नीलम बंजारे, भावना बंजारे, राधा ठाकरे, योगिता वर्मा, पिंकी सील, इंद्रा कोसरिया, प्रभा बंजारे, हिमांशु पाण्डेय, उमेश साहू, तेजनारायण तिवारी, पुनेश साहू, राजकुमार सिंह, हरीदास वैष्णव पार्षद, लोकेश साहू पार्षद, नारायण सोनकर, गोल्डी गोस्वामी, आर प्रवीण राव पार्षद, रूपेश साहू, वीरेंद्र सिंह, मनोज वर्मा, इमरान रिजवी, अश्विनी देशलहरे पार्षद, डिकेश पटेल पार्षद, ओंकार प्रसाद मार्कण्डेय व रामप्रकाश गुप्ता सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

आर्य समाज मंदिर में युवा चरित्र निर्माण शिविर

दुर्ग/नवप्रदेश। स्वामी दयानंद की 200 वीं जयंती पर आर्य वीर दल द्वारा आर्य समाज मंदिर सेक्टर 6 भिलाई में 200 से भी अधिक आर्य वीर/वीरांगनाओं ने युवा चरित्र निर्माण शिविर में भाग लिया। उद्घाटन अवसर पर पूर्व महापौर धीरज बाकलीवाल उपस्थित रहे। स्वामी श्रद्धानंद के 99 वें बलिदान दिवस के अवसर पर आर्य जगत के प्रसिद्ध विद्वान आचार्य योगेश विद्यार्थी का ओजस्वी उद्बोधन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रोता मौजूद रहे। स्वामी श्रद्धानंद के चरित्र को स्वयं पर चरितार्थ करने का संकल्प लिया। नगर भ्रमण व पथ संचलन का कार्यक्रम हुआ जिसमें आर्य वीर वीरांगनाओं ने अपने गणवेश के साथ भिलाई की भूमि पर पथ संचलन किया। चौक-चौराहों पर शौर्य प्रदर्शन किया गया। चरित्र निर्माण व आत्म प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि छत्तीसगढ़ योग आयोग के अध्यक्ष रूप नारायण सिन्हा, मानसी राहुल गुलाटी व सभा मंत्री अवनी भूषण पुंरग की उपस्थित रहे। सभी वीर, वीरांगनाओं के सम्मान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। आर्यवीर दल में शिविर अध्यक्ष संदीप श्रेयार्थी व आर्य वीरांगना दल वीरांगना दल में शिविर अध्यक्ष आचार्या गीता वेदालंकार रही। आर्य वीर दल के मुख्य व्यायाम शिक्षक डिंपल आर्य रहे और आर्य वीरांगना दल की मुख्य व्यायाम शिक्षिका कविता आर्या रही। सहायक शिक्षिका भूमिका आर्या और आर्य वीरांगना दल की शिविर संयोजिका साक्षी आर्या रही।

बीएसपी... सेल-बीएसपी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर किया गौरवान्वित

नवाचार और गुणवत्ता के लिए 'स्पर्श' ने जीता पार एक्सीलेंस अवार्ड

भिलाई/नवप्रदेश। बीएसपी के जवाहरलाल नेहरू चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र की क्वालिटी सर्किल टीम 'स्पर्श' ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ग्रेटर नोएडा में आयोजित क्वालिटी सर्किल नेशनल कन्वेंशन में 'पार एक्सीलेंस' पदक प्राप्त कर सेल-बीएसपी का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया।

इस उपलब्धि पर 2 जनवरी को जेएलएन चिकित्सालय के मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी कार्यालय में एक सम्मान समारोह आयोजित किया गया। समारोह के दौरान टीम 'स्पर्श' के सदस्यों ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी प्रभारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. विनीता द्विवेदी को 'पार एक्सीलेंस' ट्रॉफी भेंट की। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ) डॉ. कौशलेंद्र ठाकुर, डॉ. उदय कुमार और महाप्रबंधक (रखरखाव और सेवाएं) शाहिद अहमद विशेष रूप से उपस्थित रहे। क्वालिटी सर्किल टीम 'स्पर्श' में फैसिलिटेटर के रूप में सहायक महाप्रबंधक (सीएस एंड ए) बीआर ढोके, टीम लीडर लखन यादव और सदस्य वीपी कोलारे, महेंद्र कुमार, श्रीधर जोशी व संतोष कुमार शामिल हैं। टीम ने प्रतियोगिता के दौरान जेएलएन चिकित्सालय एवं अनुसंधान केंद्र में नेबुलाइजर मशीन के प्रभावी और बार-बार सफल उपयोग विषय पर प्रभावशाली केस स्टडी प्रस्तुत की, जिसे निर्णायकों ने सराहा। इस अध्ययन के अंतर्गत श्वास संबंधी रोगों के उपचार हेतु ऑक्सीजन सप्लाई आधारित नेबुलाइज़ेशन तकनीक को विकसित किया गया है, जिसका पिछले दो वर्षों से सफलतापूर्वक निरंतर उपयोग किया जा रहा है। यह तकनीक अपनी तरह की अनूठी पहल है, जिसमें टीम द्वारा इन-हाउस मॉडिफिकेशन करते हुए एक नया 'स्पर्श' मॉडिफाइड इंस्ट्रूमेंट विकसित किया गया है। इस नवाचार से न केवल रोगियों को अधिक सुरक्षित, प्रभावी एवं किफायती उपचार उपलब्ध हो रहा है, बल्कि चिकित्सालय की कार्यकुशलता और सेवा गुणवत्ता में भी उल्लेखनीय सुधार हुआ है।

उद्यानों और क्रिकेट कोर्ट का संधारण और सफाई के निर्देश

भिलाईनगर/नवप्रदेश। निगम आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय द्वारा जोन-5 अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों और जन सुविधाओं का निरीक्षण किया गया। उन्होंने सेक्टर-4 स्थित उद्यानों और क्रिकेट कोर्ट की स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश दिए। उद्यानों का कायाकल्प और बेहतर सफाई पर जोर देने निरीक्षण के क्रम में निगम आयुक्त व स्थानीय पार्षद राजेश चौधरी ने सेक्टर-4 सड़क 12 के समीप स्थित उद्यान का अवलोकन किया। आयुक्त ने उद्यान की स्वच्छता को ध्यान में रखते हुए तत्काल व्यापक साफ-सफाई कराने के निर्देश दिए। उद्यान में बच्चों के लिए स्थापित खेल सामग्रियों के संबंध में आयुक्त ने उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू एवं उप अभियंता को निर्देशित किये हैं कि सभी झूलों और उपकरणों का आवश्यक संधारण कराएं, ताकि बच्चों को सुरक्षित मनोरंजन मिल सके।

आयुक्त ने सड़क 25 स्थित उद्यान का भी निरीक्षण किया और वहां भी बेहतर रखरखाव व संधारण कार्य जल्द पूर्ण करने कहा। खिलाडियों की सुविधा के लिए क्रिकेट कोर्ट में का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को अभ्यास के दौरान किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। इसके लिए उन्होंने कोर्ट के चारों ओर लगी जाली का संधारण कराने के निर्देश दिए। इस दौरान जोन आयुक्त अमरनाथ दुबे, कार्यपालन अभियंता प्रिया करसे, उप अभियंता शंकर सुवन मरकाम, स्वच्छता निरीक्षक सूर्या, सुपरवाइजर मनीष चौधरी, वेंकट सहित निगम के अन्य विभागीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

चैतन्य का समर्थकों ने किया स्वागत

कुम्हारी। छग के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के बेटे चैतन्य बघेल का 170 दिन बाद जेल से जमानत पर रिहाई हुई है। जिसके बाद घर प्रवास के दौरान उनका काफिला कुम्हारी पहुंचा जहां उनके समर्थकों एवं कांग्रेसी कार्यकर्ताओं ने चैतन्य का जोरदार स्वागत किया। बड़ी संख्या में स्टेशन चौक पहुंचे समर्थकों ने 'सत्यमेव जयते' के नारे लगाए कांग्रेस पार्टी का झंडा लहराते हुए 'सत्य परेशान हो सकता है पराजित नही' की बात कही। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष प्रमोद सिंह राजपूत, पूर्व पालिका अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर, ओमनारायण वर्मा, लेखराम साहू, मनहरण यादव, महेश सोनकर, डिकेन्द्र साहू, विकास सोनकर, जानकी ध्रुव, रीना साहू उपस्थित थे।

10,11 व 12 जनवरी को बोदेला मे त्रिदिवसीय सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह

डोंगरगांव/नवप्रदेश। समीपस्थ ग्राम बोदेला मे सद्गुरू कबीर सत्संग आयोजन समिति व समस्त ग्रामवासी के तत्वाधान मे 10 ,11 व 12 जनवरी को तीन दिवसीय सद्गुरू कबीर सत्संग समारोह ज्ञान यज्ञ का भव्य आयोजन रखा गया है। जिसमे प्रमुख उपदेशक लहरतारा काशी से परम पूज्य धर्माधिकारी श्री सुधाकर दास शास्त्री साहेब होगे। इनके साथ संत श्री गौतम दास जी, संत श्री टुकेश्वर दास जी, संत श्री अनुपम दास जी, संत श्री रामदास जी, संत श्री दिनेश दास जी सहित आसपास क्षेत्र के पूज्य संत महंत की उपस्थिती रहेगी।

आयोजन समिति के हेमंत साहू व अमरनाथ साहू ने एक जानकारी मे बताया कि प्रथम दिवस सुबह 10 बजे शोभायात्रा, दीप प्रज्वलित, स्वागत अभिनंदन तत्पश्चात सत्संग प्रवचन का शुभारंभ होगा। 11 जनवरी को गुरू महिमा पाठ, सत्संग भजन, व प्रवचन सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक व दोपहर 2ज़30 बजे से संध्या 5 बजे तक होगा। इसी तरह 12 जनवरी को सुबह 10 बजे से सत्संग प्रवचन, सामूहिक सात्विक यज्ञ चौका आरती,भेंट बंदगी, आरती पूजा, प्रसाद वितरण व संध्या भोजन भंडारा एवं समापन होगा। उक्त आयोजन मे पूज्य श्री के सानिध्य का लाभ सहपरिवार लेने की अपील आयोजन समिति द्वारा की गई है। दिनांक 13 जनवरी ग्राम का मंडई का भी आयोजन किया गया है यह जानकारी ग्राम प्रमुख हिरामन साहू ने दी।

बाइक सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से टकरा कर बाइक सवार की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। नेशनल हाईवे 53 पर सड़क हादसों का सिलसिला रूकने का नाम नहीं ले रहा है। आए दिन हो रहे हादसों से अब तक दर्जनों लोग असमय काल के गाल में समां गए । इसी कड़ी में शुक्रवार को ग्राम साल्हेतराई के जेब्रा क्रॉसिंग के पास एक और दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान ग्राम पाईकपारा बलौदा, थाना सरायपाली पृथ्वीराज भोई (42) के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार पृथ्वीराज भोई शुक्रवार सुबह घर से निकला था। उन्होंने अपने साथियों को पिकअप वाहन से बैल खरीदने सांकरा बैल बाजार भेजा, जबकि स्वयं बाइक क्रमांक सीजी 06 जीबी 4725 से अकेले सांकरा पहुंचा। दोपहर करीब 11 बजे बैल खरीदने के बाद पिकअप वाहन में बैल व साथी गांव के लिए रवाना हो गए, जबकि पृथ्वीराज अपनी बाइक से ग्राम पाईकपारा लौट रहा था । इसी दौरान नेशनल हाईवे 53 फोरलेन पर ग्राम साल्हेतराई के जेब्रा क्रॉसिंग के पास तेज रफ्तार में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई और सड़क किनारे लगे साइन बोर्ड से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि उन्हें गंभीर चोटें आईं और उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना तत्काल टोल प्लाजा एंबुलेंस 1033 को दी गई। सूचना मिलते ही एंबुलेंस मौके पर पहुंची। एंबुलेंस में मौजूद डॉ. अश्विनी मिश्रा ने प्राथमिक जांच के बाद घायल को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसना पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने परीक्षण उपरांत मृत घोषित कर दिया।

आरसेटी में नि:शुल्क 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले के ग्रामीण युवकों को आत्मनिर्भर बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से बड़ौदा ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (आरसेटी) द्वारा निःशुल्क 30 दिवसीय मोबाइल रिपेयरिंग प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण युवाओं को तकनीकी दक्षता के साथ स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ने का अवसर देगा। आरसेटी, बैंक ऑफ बड़ौदा के निदेशक ने जानकारी देते हुए बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी 07 जनवरी 2026 तक इस निःशुल्क प्रशिक्षण के लिए पंजीयन करा सकते हैं। प्रशिक्षण में भाग लेने के लिए आवेदक का न्यूनतम 8वीं कक्षा उत्तीर्ण होना आवश्यक है। पंजीयन हेतु बीपीएल राशन कार्ड की छायाप्रति, आधार कार्ड,पासपोर्ट साइज की 4 फोटो एवं 8वीं उत्तीर्ण की अंकसूची आवश्यक है।

पूर्व मुख्यमंत्री बघेल, साहू समाज ही नहीं सभी समाज का सम्मान करते है:इन्द्र

■ डिप्टी सी एम अरुण साव ,साहु समाज को आगे कर अपनी खोई प्रतिष्ठा बचाने राजनीति कर रहे है।

भाटापारा/नवप्रदेश। प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपनी स्पष्ट और स्वच्छ राजनीति के चलते आज देश के प्रमुख राजनेता के रूप में जाने जाते है और वे कभी भी किसी समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी नहीं करते,ऐसे में प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरुण साव अपनी पार्टी की राजनीति छोड़ कर साहु समाज को आगे कर अपनी राजनीतिक रोटी सेकने का प्रयास कर रहे है,जिसे ना केवल प्रदेश की जनता समझ चुकी है बल्कि अब साहु समाज भी उनकी मंशा और भावना को अच्छे से समझ गया है,उक्त बाते विधायक इन्द्र साव ने प्रेस को जारी अपने बयान में कही। वही समाज के कांग्रेस विधायकों ने समाज के प्रदेश अध्यक्ष को एक पत्र प्रेषित करते हुए समाज को इससे दूरी बनाकर रखने का निवेदन किया है,क्योंकि ये विशुद्ध रूप से राजनीति से जुड़ा विषय है।

साहु समाज के विधायकों ने लिखी चिट्ठी...

इस बीच कांग्रेस पार्टी में साहु समाज का प्रतिनिधित्व कर रहे विधायकों ने प्रदेश साहु समाज के मुखिया को एक पत्र प्रेषित करते हुए डिप्टी सी एम अरुण साव और पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मामले को पूरी तरह राजनीतिक विषय बताया है और कहा कि राजनीति में विपक्षी नेताओं के ऊपर इस प्रकार की टिका टिप्पणी होते रहती है।समाज के लोग विभिन्न राजनीतिक पार्टी से जुड़े होते है और वे लोग भी कांग्रेस पार्टी के प्रति उतने ही जवाबदेह है जितने अपने समाज के प्रति है, अतः आपके द्वारा सभी जिला अध्यक्षों को प्रेषित पत्र को वापस लेते हुए सामाजिक व्यवस्था को बनाए रखने की कृपा करेंगे ताकि समाज का झुकाव किसी एक राजनीतिक पार्टी की ओर ना झुका रहे।

विधायक इन्द्र साव ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अपने बिलासपुर लिंगियाडीह प्रवास के दौरान अपने भाषण में ऐसा कोई अमर्यादित शब्द का उल्लेख नहीं किया,जिससे किसी समाज को आहत हो। विधायक साव ने कहा कि डिप्टी सीएम अरुण साव से उनका कोई विभाग तो संभल नहीं रहा है और उनके क्षेत्र में भी उनका विरोध का स्वरूप धीरे धीरे सुलग रहा है,ऐसे में अपनी डूबती नैया को पार लगाने अब समाज को आगे कर अपनी खोई प्रतिष्ठा को बचाने का कुंठित प्रयास कर रहे है,जबकि पूर्व मुख्यमंत्री श्री बघेल ने लिंगियाडीह में अपने भाषण में जंगल की कहानी का सार सुनाया था,जो पूरा वीडियो देखने,सुनने से स्पष्ट है,उन्होंने अपने भाषण में ना तो कोई अमर्यादित टिप्पणी की और ना ही असंसदीय भाषा का उल्लेख किया।

कलेक्टर ने ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों की ली बैठक

धान खरीदी के मद्देनजर

■ सभी अधिकारयों को कार्यों में तेजी लाने के दिए निर्देश

■ स्टेकिंग एवं भौतिक सत्यापन का कार्य सजगता से करने के लिए कहा

राजनांदगांव / नव प्रदेश। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में धान खरीदी के मद्देनजर ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति प्रबंधकों एवं डाटा एण्ट्री ऑपरेटर की बैठक ली। कलेक्टर ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में वास्तविक किसानों की उपज की ही खरीदी करना है। इसमें किसी प्रकार की गलती नहीं होनी चाहिए।

किसानों को धान उपार्जन केन्द्रों में धान की बिक्री में दिक्कत नहीं होनी चाहिए और उनकी समस्याओं का समाधान होना चाहिए। उन्होंने सभी को सजगता के साथ ईमानदारी से कार्य करने को कहा। कलेक्टर ने अवैध धान खपाने का प्रयास करने वाले कोचियों एवं बिचौलियों पर निडर होकर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने अंतर्राज्यीय सीमाओं पर अवैध धान के परिवहन को रोकने के लिए लगातार मानिटरिंग करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने कहा कि किसी भी किसान को कोचियों एवं बिचौलियों की जानकारी मिलने पर फोन के माध्यम से सूचित कर सकते हैं। उनकी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी। उन्होंने धान खरीदी केन्द्रों में भौतिक सत्यापन का कार्य सावधानी के साथ करने कहा। किसी भी प्रकार से बदलाव या अन्य कार्य करने पर पंचनामा अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिए और इसकी सूचना तत्काल उच्च अधिकारियों को देने के लिए कहा।

बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए

कलेक्टर ने सभी आरएईओ और पटवारियों से कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में किसी भी तरह की संदिग्ध गतिविधि एवं आशंका होने पर तत्काल सूचना दें। उन्होंने लगातार फील्ड का निरीक्षण करने कहा। जिससे उन्हें वस्तुस्थिति की जानकारी रहेगी। उन्होंने सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को बेहतर कार्य करने के निर्देश दिए। धान की एन्ट्री, भौतिक सत्यापन एवं निरीक्षण के कार्य लगातार करते रहे। उन्होंने सभी अधिकारयों को कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।

अपर कलेक्टर श्री प्रेम प्रकाश शर्मा ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में सतत निरीक्षण करें, ताकि सही तरीके से स्टेकिंग एवं अन्य कार्य हो सकें। उन्होंने एग्रीस्टेक पोर्टल अंतर्गत ऐसे किसान जो छूट गए है, उन्हे शीघ्र जोडऩे के लिए कहा। खाद्य अधिकारी श्री रविन्द्र सोनी ने कहा कि धान उपार्जन केन्द्रों में धान खरीदी कार्य बंद नहीं होनी चाहिए। किसी प्रकार की समस्या होने पर तत्काल सूचित करने कहा। इस दौरान ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों, पटवारियों, समिति के प्रबंधकों एवं ऑपरेटर को अपने-अपने कार्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर उप संचालक कृषि श्री टीकम सिंह ठाकुर, डीएमओ श्रीमती हीना खान, सहायक खाद्य अधिकारी श्री द्रोण कामड़े एवं अन्य अधिकारी तथा सभी ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी उपस्थित रहेंगे।

बेहतर पुलिसिंग के लिए थाना-चौकी प्रभारियों समेत 19 का ट्रांसफर

महासमुंद/नवप्रदेश। जिले में कानून-व्यवस्था को लेकर बड़ा फेरबदल किया गया है। अपराधों पर नियंत्रण के लिए नवपदस्थ पुलिस अधीक्षक प्रभात कुमार ने जिले के 14 थाना व चौकी प्रभारियों समेत कुल 19 निरीक्षक, उप निरीक्षक एवं सहायक उप निरीक्षक के ट्रांसफर किया है। इस सर्जरी में 16 निरीक्षक, 2 उप निरीक्षक (एसआई) और 1 सहायक उप निरीक्षक (एएसआई) शामिल हैं। इसके साथ ही जिले के विभिन्न थाना एवं चौकियों में पदस्थ 89 प्रधान आरक्षक व आरक्षकों का भी स्थानांतरण किया गया है। एसपी प्रभात कुमार द्वारा किया गया यह कदम जिले में अपराध नियंत्रण, बेहतर पुलिसिंग और जवाबदेही तय करने की दिशा में अहम माना जा रहा है। जारी आदेश के अनुसार निरीक्षक शरद दुबे को थाना प्रभारी महासमुंद से थाना प्रभारी बसना बनाया गया है। वहीं, सचिन गुमाश्ता को थाना प्रभारी बलौदा से थाना प्रभारी खल्लारी, सिद्धार्थ मिश्रा थाना प्रभारी तेंदूकोना से थाना प्रभारी पिथौरा, नीतेश सिंह ठाकुर थाना प्रभारी कोमाखान से थाना प्रभारी सरायपाली, प्रवीण चौहान थाना प्रभारी तुमगाँव से थाना प्रभारी तेंदूकोना, विनोद कुमार कश्यप थाना प्रभारी पटेवा से थाना अजाक, संबद्ध साइबर सेल महासमुंद । उमेश कुमार वर्मा थाना पिथौरा से थाना प्रभारी पटेवा, महेश साहू थाना प्रभारी सिंघोड़ा से थाना प्रभारी कोमाखान, राणासिंह ठाकुर थाना प्रभारी सांकरा से चौकी प्रभारी भंवरपुर, शैलेंद्र कुमार नाग थाना प्रभारी खल्लारी से चौकी प्रभारी बुंदेली, नरेंद्र कुमार राठौर थाना प्रभारी बसना से थाना प्रभारी महासमुंद, शशांक पौराणिक थाना प्रभारी सरायपाली से थाना प्रभारी बागबाहरा, संतोष सिंह थाना अजाक, हाल-साइबर सेल महासमुंद से थाना प्रभारी सिंघोड़ा, उत्तम तिवारी रक्षित केंद्र महासमुंद से थाना प्रभारी सांकरा, हितेश जंघेल रक्षित केंद्र महासमुंद से थाना प्रभारी बलौदा, दिनेश कुमार यादव रीडर-1 शाखा पु.अ. कार्यालय महासमुंद से थाना प्रभारी तुमगाँव, राजीव नाहर चौकी प्रभारी भंवरपुर से थाना महासमुंद, संबद्ध साइबर सेल महासमुंद, सउनि बसंत पाणिग्राही चौकी प्रभारी सिरपुर से थाना महासमुंद, थाना महासमुंद में पदस्थ सउनि बलराम साहू को चौकी प्रभारी सिरपुर बनाया गया है।

लोक पर्व छेरछेरा धुमधाम से मनाया गया

छुरा /नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में लोकपर्व छेरछेरा का खास महत्व है. शनिवार को पौष पूर्णिमा के अवसर पर धूमधाम से छेरछेरा पर्व मनाया जा रहा है. बच्चे घर घर जाकर छेरछेरा मांगते नजर आ रहे हैं. आज शनिवार को गली मोहल्ले, गांवों और कस्बों से लेकर शहर तक इस परंपरा की झलक देखने को मिल रही है।

छेरछेरा मांगना पुरातन काल से चली आ रही एक परंपरा है. छत्तीसगढ़ में लोग छेरछेरा त्यौहार हर साल पौष मास के पूर्णिमा के दिन धूमधाम से मनाते हैं. मान्यता है कि छेरछेरा पर्व के दिन कोठी के धान को दान करने से घर में बरकत आती है. इसलिए इस दिन लोग खुशी खुशी धान का दान करते हैं. बच्चों से लेकर बूढ़े सभी उत्साह में झूमते नाचते हुए दिखाई देते हैं. इस दिन माता शाकम्भारी देवी की पूजा भी की जाती है।

छेरछेरा पर्व पर कई लोकोक्तियां और लोकगीत भी हैं. छेरछेरा मांगते हुए बच्चे कहते हैं कि ÷छेरछेरा, माई कोठी के धान ल हेरहेरा.. अरन बरन कोदो दरन, जभे देबे तभे टरन÷. यह छेरछेरा पर्व के लिए यह सबसे प्रचलित लोकगीत है. इसका मतलब है कि ÷मां हमें धान का दान दो, जब तक दान नहीं दोगी, तब तक हम नहीं जाएंगे. दान मिलने पर ही हम यहां से जाएंगे.÷ इस अवसर पर उत्साह के साथ सृष्टि पटेल,रुद्रांशी सिन्हा,पूर्वांश सिन्हा,अंजलि , झासवीन, अनन्या एवं साथी आनंद में नजर आए।

दीप जलाकर शहीदों को दी श्रद्धांजलि

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम खरोरा के शहीद स्मारक में नववर्ष पर अमर वीर शहीदों के नाम दीप जलाकर श्रद्धांजलि दी गई। इस दौरान पूर्व सैनिक संगठन के अध्यक्ष युवराज सिंह चंद्राकर, प्रदीप चंद्राकर, नंदकिशोर सिन्हा, डीपी पांडे, अंजना चंद्राकर, लतिका यादव, युवराज सिंह चंद्राकर ने कहा कि एक दीप शहीदों के नाम रोशन कर शहीदों को याद किया। शहीदों की याद में जब दीए जगमगाए तो चहुंओर शौर्य का उजाला छा गया। दीपों से प्रज्ज्वलित होते ही प्रत्येक चेहरे पर गर्व की अनुभूति हो रही थी। सभी के दिलों में शहीदों के प्रति अपार सम्मान व कृतज्ञता का भाव झलक रहा था। ये दीप उनकी यादों में रोशन किए गए थे, जिनके बलिदान को कभी विस्मृत नहीं किया जा सकता । राष्ट्र को जिंदा रखने के लिए असंख्य वीर शहीदों ने अपना बलिदान दिया।

विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने बिजेतला में माँ शाकम्भरी जयंती समारोह में भाग लिया

डोंगरगढ़ /नवप्रदेश। डोंगरगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक हर्षिता स्वामी बघेल आज ग्राम पंचायत बिजेतला में आयोजित माँ शाकम्भरी जयंती समारोह में सम्मिलित हुईं। इस पावन अवसर पर उन्होंने न केवल पूजा-अर्चना की, बल्कि माँ शाकम्भरी जी की पौराणिक गाथा और उनके महत्व को भी जन समुदाय के समक्ष रखा।

जनसमुदाय को किया संबोधित

कार्यक्रम के दौरान, विधायक हर्षिता स्वामी बघेल ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। अपने संबोधन में, उन्होंने माँ शाकम्भरी जी के त्याग और परोपकार की कहानी पर प्रकाश डाला, जिन्हें अन्न और सब्जियों की देवी माना जाता है। उन्होंने बताया कि कैसे माँ शाकम्भरी ने विकट अकाल के समय अपने शरीर से शाक (सब्जियां) उत्पन्न कर सृष्टि का पालन किया था।

उन्होंने इस अवसर पर सभी क्षेत्रवासियों को जयंती की शुभकामनाएँ दीं और लोगों से माँ शाकम्भरी के आदर्शों पर चलते हुए समाज में एकता और भाईचारे की भावना बनाए रखने का आह्वान किया।

यह आयोजन बिजेतला ग्राम पंचायत में बड़े उत्साह और भक्तिभाव के साथ संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय निवासियों ने भाग लिया।

माँ शाकम्भरी हमें सिखाती हैं कि जीवन में परोपकार और सेवा का क्या महत्व है। हमें उनके आशीर्वाद से प्रेरणा लेकर समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए काम करना चाहिए।

– हर्षिता स्वामी बघेल, विधायक डोंगरगढ़

शहर को स्वच्छ और साफबनाने 'डोर टू डोर' कचरा संग्रहण में करे सहयोग : अश्वनी शर्मा

भाटापारा/नवप्रदेश। नगर पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने और शहर को प्रदेश के अग्रणी स्वच्छ शहरों की श्रेणी में लाने के लिए नगरवासियों से विशेष अपील की है। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया है कि वे नगर पालिका द्वारा संचालित 'डोर टू डोर' (घर-घर) कचरा कलेक्शन अभियान में सक्रिय सहभागिता निभाएं।

नअध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने अपने संदेश में कहा कि शहर की सफाई केवल सफाई कामगारों की जिम्मेदारी नहीं है, बल्कि इसमें हर नागरिक का योगदान आवश्यक है। उन्होंने स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाने के लिए घर से निकलने वाले कचरे को सूखा और गीला अलग-अलग डस्टबिन में रखने और पालिका की कचरा संग्रहण गाड़ी को कचरा देने की बात कही।

पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने सिंगल यूज प्लास्टिक को पर्यावरण और नालियों की निकासी व्यवस्था के लिए सबसे बड़ा खतरा बताते हुए इसका उपयोग ना करने की अपील की।

तथा कचरा संग्रहण के लिए आने वाले स्वच्छता दीदियों और कर्मचारियों का सहयोग करने की अपील की।

पालिका अध्यक्ष अश्वनी शर्मा ने कहा कि हमारा लक्ष्य भाटापारा को कचरा मुक्त और बीमारी मुक्त शहर बनाना है। यदि हर परिवार कचरा गाड़ी में ही कचरा डालने का संकल्प ले ले, तो हमारे शहर की गलियां और चौक-चौराहों की सूरत बदल जाएगी। हम सब को मिलकर अपने भाटापारा को स्वच्छ, सुंदर और स्वस्थ बनाने में अपनी जिम्मेदारी निभाना चाहिए।

नशे में ड्राइवर ने लहराई दैत्याकार हाईवा, बड़ा हादसा टला

■ गुस्साए लोगों ने चालक को पीटा, पुलिस ने किया गिरफ्तार

नवापारा-राजिम/नवप्रदेश। नवापारा शहर में शुक्रवार की रात एक बार फिर दैत्याकार हाईवा का कहर देखने को मिला। रेत से लोड तेज रफ्तार दैत्याकार हाईवा अचानक अनियंत्रित होकर सड़क पर खतरनाक तरीके से लहराने लगी। इस दौरान सड़क पर अफरा-तफरी मच गई और लोग जान बचाकर इधर-उधर भागते नजर आए। गनीमत रही कि हाईवा किसी राहगीर को चपेट में नहीं ले सका, जिससे कई लोगों की जान बाल-बाल बच गई।

हालांकि हादसे के दौरान सड़क किनारे स्थित नगर पालिका कॉम्प्लेक्स, फर्नीचर और अन्य दुकानों को भारी नुकसान पहुंचा है। दुकानों में रखा सामान क्षतिग्रस्त हो गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाईवा के सामने का हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया था, जिससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि वाहन कितनी तेज रफ्तार में था, जबकि चालक नशे में इतना धुत था और केबिन में ही बेहोश जैसे हो गया।

घटना के बाद मौके पर बड़ी संख्या में नगरवासी जमा हो गए। प्रतिबंधित समय में रेत से भरी हाईवा के शहर के भीतर चलने से नाराज लोगों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित भीड़ ने चालक की जमकर पिटाई कर दी और प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी लगाना शुरू कर दिया।

घटना सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन चालक को भीड़ से निकालने के दौरान पुलिस और आक्रोशित नगरवासियों के बीच झूमाझटकी की स्थिति बन गई। काफी मशक्कत के बाद पुलिस ने हालात को नियंत्रित किया और हाईवा चालक को गिरफ्तार कर थाने ले गई।

प्रतिबंधित समय में चल रही रेत गाड़ियां

गौरतलब है कि नवापारा शहर में सुबह 6 बजे से रात 10 बजे तक रेत गाड़ियों और भारी वाहनों का प्रवेश प्रतिबंधित है। इसके बावजूद नियमों की अनदेखी कर शहर के भीतर भारी वाहन चलाए जा रहे हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है। पूर्व में भी हुए हादसे के बाद नगरवासियों ने प्रदर्शन किया था उस समय के तत्कालीन टीआई ने लोगों को भरोसा दिलाया था कि नियमित रूप से जवानों को तैनात कर प्रतिबंधित समय में रेत परिवहन को रोक जाएगा। परन्तु समय बीतने के साथ पुलिस ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया।

प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप

घटना के बाद गुस्साए नगरवासियों ने प्रशासन पर भी गंभीर आरोप लगाए। लोगों का कहना है कि प्रतिबंधित समय में शहर के भीतर रेत से भरी भारी गाड़ियों का आवागमन बिना प्रशासनिक मिलीभगत और राजनीतिक संरक्षण के संभव नहीं है। लोगों ने आरोप लगाया कि जिम्मेदार अधिकारी की आपसी सांठ गांठ से ही प्रतिबंधित समय में भी रेत का परिवहन होता है।

नॉड एकेडमी से लेकर चयन प्रक्रिया तक सवालों के घेरे में जिला प्रशासन

जिला खनिज न्यास के करोड़ों खर्च, पर परिणाम शून्य, एक भी छात्र को नहीं मिली सफलता

मुंगेली/नवप्रदेश। जिले के युवाओं को प्रतियोगी परीक्षाओं में सफल बनाने और उनके भविष्य को संवारने के उद्देश्य से जिला खनिज न्यास द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना फिलहाल सफेद हाथी नजर आई, उन्हें सफलता के शिखर तक पहुँचाने के लिए जिला खनिज न्यास (डीएमएफ) द्वारा किए गए दावों की हवा निकल गई, प्रशासन द्वारा कोचिंग, लाइब्रेरी और प्रशिक्षण के नाम पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाने के बावजूद, 2023-24 सत्र की किसी भी बड़ी प्रतियोगी परीक्षा में जिले का एक भी छात्र सफलता का परचम नहीं लहरा सका। जिले के संसाधनों से प्राप्त करोड़ों रुपयों को प्रशिक्षण पर खर्च करने के बावजूद, सफलता का खाता नहीं खुला। जिला प्रशासन और खनिज न्यास विभाग ने स्थानीय छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार करने का लक्ष्य रखा था। इसके लिए नॉड अकेडमी के साथ अनुबंध किया गया था, जिसकी जिम्मेदारी चयनित छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाला प्रशिक्षण देना था। प्रशासन ने 133 छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण के लिए चुना था, उनके चयन के मानदंडों को लेकर अब सवाल उठ रहे हैं। क्या संस्थान ने केवल संख्या पूरी करने के लिए छात्रों को प्रवेश दिया।

करोड़ों का निवेश, पर धरातल पर सन्नाटा- सूत्रों के मुताबिक, जिला खनिज संस्थान न्यास मद से जिले के विभिन्न केंद्रों पर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए विशेष कोचिंग कार्यक्रम चलाए गए थे। इसमें नामी शिक्षकों के मानदेय, अध्ययन सामग्री और बुनियादी ढांचे पर पानी की तरह पैसा बहाया गया। विभागीय आंकड़ों के अनुसार, इस मद में करोड़ों रुपये का प्रावधान किया गया था, जिसका उद्देश्य ग्रामीण और आर्थिक रूप से पिछड़े मेधावी छात्रों को यूपीएससी, पीएससी और बैंकिंग जैसी परीक्षाओं के लिए तैयार करना था।

गुणवत्ता पर उठ रहे सवाल-इतने भारी-भरकम बजट के बाद भी जीरो रिजल्ट ने अब प्रशासन की कार्यप्रणाली और चयनित कोचिंग संस्थाओं की गुणवत्ता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं।**1.चयन प्रक्रिया:** क्या कोचिंग संस्थानों का चयन पारदर्शी तरीके से किया गया था? **2.निगरानी का अभाव:** क्या छात्रों की उपस्थिति और उनकी प्रगति की नियमित मॉनिटरिंग हुई? **3.संसाधनों का उपयोग:** क्या बजट का सही उपयोग हुआ या यह केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित रहा?

छात्रों और अभिभावकों में निराशा-कोचिंग में शामिल हुए कुछ छात्रों ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि कई बार कक्षाएं नियमित नहीं लगती थीं और जो अध्ययन सामग्री दी गई, वह परीक्षा के वर्तमान पैटर्न के अनुरूप नहीं थी। अभिभावकों का कहना है कि ष्हमे उम्मीद थी कि जिला प्रशासन की इस पहल से हमारे बच्चों का भविष्य सुधरेगा, लेकिन परिणाम निराशाजनक रहे।**विपक्ष और जागरूक नागरिक मुखर-** इस मुद्दे पर स्थानीय जागरूक नागरिकों और विपक्षी दलों ने भ्रष्टाचार के आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि यह जनता के पैसे की बर्बादी है और इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए ताकि पता चल सके कि असल में चूक कहाँ हुई।**संस्थान का चयन-** क्या नॉड अकेडमी का चयन पारदर्शी प्रक्रिया से किया गया था? क्या इस संस्थान का पिछला ट्रैक रिकॉर्ड जांचा गया? **चयन प्रक्रिया-** प्रशिक्षण के लिए चुने गए 133 छात्रों की योग्यता और आधारभूत ज्ञान का स्तर क्या था?

निगरानी का अभाव-क्या प्रशासन ने समय-समय पर प्रशिक्षण की गुणवत्ता और छात्रों की प्रगति की समीक्षा की? प्रशासन अब इस विफलता के कारणों को खंगालने की बात कह रहा है, लेकिन बड़ा सवाल यही है कि क्या इस नुकसान की जिम्मेदारी तय की जाएगी?

जिले मे अलग-अलग कोचिंग के नाम पर करोडो खर्च

लाईवलीहुड कॉलेज में संचालित कोचिंग, एवं लाईब्रेरी हेतु 3 लाख की स्वीकृति दी गई थी जिसमें 2 लाख 98 हजार 400 खर्च हुए, जिसका संचालन सहायक परियोजना अधिकारी लाईवलीहुड कॉलेज जिला द्वारा की गई थी। नगर मे जेईई प्री/मेंस कोचिंग एवं अन्य सुविधा हेतु 25 लाख रू. की स्वीकृति दी गई थी जिसमें से 20 लाख रू. खर्च हुए, इसका क्रियान्वयन जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा किया गया था। जिले में प्रज्ञा कोचिंग के भवन निर्माण के लिए 10 लाख रू. की स्वीकृति दी गई थी जिसमें 9 लाख 99 हजार 977 रू. खर्च हुए। जिसका क्रियान्वयन मुख्य कार्य पालन अधिकारी जनपद पंचायत द्वारा किया गया था, और लाईटिंग व्यवस्था के लिए 15 लाख रू. की स्वीकृति दी गई थी जिसकी पूरी राशि खर्च कर ली गई। नगर के स्कूलों में स्मार्ट क्लास हेतु 50 लाख रू. दी गई थी जिसमें 49 लाख 97 हजार 300 खर्च हुए। जिसका क्रियान्वयन जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा जिला द्वारा किया गया था। जिले में प्रतियोगी परिक्षाओं की तैयारी हेतु कोचिंग संस्थान के लिए 15 लाख 35 हजार रू. की स्वीकृति दी गई थी जिसमें से पूरी राशि खर्च कर ली गई थी, और इसका क्रियान्वयन जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा जिला द्वारा किया गया था। नगर मे इंस्टीट्यूट डिग्री कोर्स के लिए 28 लाख 15 हजार रू. की स्वीकृति दी गई थी, जिसमें से 22 लाख 52 हजार रू. खर्च किए गए, इसका क्रियान्वयन भी आधा-अधुरा रहा। नगर मे जेईई प्री/मेंस कोचिंग हेतु 6 लाख रू. की स्वीकृति दी थी।

न्यूज गैलरी

पशु-पक्षियों की नि:स्वार्थ सेवा बनी जीवन का लक्ष्य

मनेंद्रगढ़/एमसीबी/नवप्रदेश। मेट्रो शहरों पुणे, इंदौर और दिल्ली से बैचलर ऑफ फॉरेन ट्रेड एवं एमबीए की पढ़ाई पूरी कर बहुराष्ट्रीय कंपनी में कार्य करने के बाद मनेंद्रगढ़ की बेटी प्रिया विश्वकर्मा ने एक अलग ही राह चुनी है। बिना किसी दिखावे, नाम या प्रचार के वे अपने शहर में पशु-पक्षियों की सुरक्षा, उपचार और संरक्षण के लिए नि:स्वार्थ सेवा कर रही हैं। प्रिया विश्वकर्मा पशु-पक्षियों की सेवा के साथ-साथ आयुर्वेद की भी विशेष जानकारी रखती हैं। उनका मानना है कि जब समाज भौतिक चकाचौंध में मानवता भूलता जा रहा है, तब मूक पशु-पक्षियों की सेवा ही सच्ची मानवता है। हाल ही में सड़क दुर्घटना में घायल हुई एक गाय को उन्होंने अपने घर लाकर पिछले 6-8 माह से उपचार व सेवा प्रदान की, जो काबिले-तारीफ है। इसी प्रकार घायल कौवे का उपचार कर उसे नया जीवन देना भी उनकी संवेदनशीलता का उदाहरण है। प्रिया का कहना है कि मूक पशु-पक्षी अपनी पीड़ा व्यक्त नहीं कर सकते, इसलिए समाज का दायित्व है कि उनकी रक्षा की जाए। वे नागरिकों से अपील करती हैं कि किसी भी घायल पशु-पक्षी को देखकर उपेक्षा न करें, स्वयं उपचार कराएं या उन्हें सूचना दें। वे अपने सेवा भाव का श्रेय माता-पिता, भाई और मित्रों को देती हैं। भविष्य में पशु-पक्षी संरक्षण, आयुर्वेदिक जागरूकता और नगर पालिका के सहयोग से मनेंद्रगढ़ को स्वच्छ एवं जागरूक शहर बनाने की दिशा में कार्य करने का उनका संकल्प है।

अपूर्ण आवासों को 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के सख्त निर्देश

आयुक्त ने निर्माण गुणवत्ता बनाए रखने व अनियमितता पर कार्रवाई के दिए निर्देश

मुंगेली/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, जनमन अंतर्गत आवास, तथा महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) अंतर्गत संचालित निर्माण कार्यों की प्रगति की समीक्षा हेतु जिला पंचायत सभाकक्ष में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता आयुक्त मनरेगा एवं संचालक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण तारन प्रकाश सिन्हा ने की। बैठक में कलेक्टर कुन्दन कुमार, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पांडेय मौजूद रहे। बैठक के दौरान आयुक्त सह संचालक सिन्हा ने प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण आवासों को 31 मार्च 2026 तक अनिवार्य रूप से पूर्ण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी निर्माण कार्यों में गुणवत्ता सर्वोपरि होनी चाहिए और किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सिन्हा ने कहा

कि आवास योजना के हितग्राहियों को कम दर पर रेत, सीमेंट, गिट्टी, शटरिंग प्लेट जैसी निर्माण सामग्री उपलब्ध कराने की व्यवस्था डीलर दीदियों के माध्यम से सुनिश्चित की जाए, जिससे स्व-सहायता समूहों को आजीविका से जोड़ा जा सके और उन्हें आर्थिक लाभ प्राप्त हो। उन्होंने 'मोर गांव मोर पानी महाअभियान' एवं प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के बेहतर क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन की सराहना की। आयुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि निर्माण कार्यों में अनियमितता अथवा शिकायत प्राप्त होने पर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही आवास योजना के हितग्राहियों को आजीविका गतिविधियों से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि मुर्गी पालन, मछली पालन, कूप निर्माण, डबरी निर्माण जैसे हितग्राही मूलक कार्यों को मांग अनुसार महात्मा गांधी नरेगा योजना अंतर्गत स्वीकृत किया जाएं। आयुक्त श्री सिन्हा ने वनांचल क्षेत्रों में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा परिवारों को जनमन आवास योजना का अधिक से अधिक लाभ दिलाने पर विशेष जोर दिया गया। श्री सिन्हा ने कहा कि हितग्राहियों को प्रोत्साहित किया जाए कि वे स्वयं अपना पक्का मकान बनाएं, इसके लिए मैदानी कर्मचारियों द्वारा नियमित क्षेत्र भ्रमण कर तकनीकी मार्गदर्शन प्रदान किया जाए। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने सभी विकासखंडों के जिला समन्वयकों को निर्देशित किया कि पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का अधिकतम लाभ सुनिश्चित करें। किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता पाए जाने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना के अपूर्ण कार्यों को 31 मार्च तक पूर्ण करने की बात दोहराई। साथ ही हितग्राहियों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जोड़ते हुए अपने पक्के आवासों की छतों पर सोलर पैनल स्थापना के लिए प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। महात्मा गांधी नरेगा अंतर्गत कराए जा रहे निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए आयुक्त श्री सिन्हा ने कहा कि जिले के सभी अमृत सरोवरों में आजीविका आधारित कार्य प्रारंभ किए जाएं।

छग रजत जयंती का भव्य उत्सव

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य गठन की रजत जयंती के ऐतिहासिक अवसर पर मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में रजत जयंती चावल उत्सव का शुक्रवार 02 जनवरी 2026 से भव्य एवं गरिमामय शुभारंभ किया गया। यह उत्सव 09 जनवरी 2026 तक जिले भर में आयोजित किया जाएगा। खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में इस अवधि को विभागीय गतिविधियों के विशेष सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है।

कार्यक्रम का शुभारंभ जिला खाद्य अधिकारी एवं समस्त खाद्य निरीक्षकों की उपस्थिति में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी सहभागिता रही। उत्सव के दौरान जिले की सभी शासकीय उचित मूल्य दुकानों में स्थानीय जनप्रतिनिधियों, निगरानी समिति सदस्यों, दुकान संचालकों तथा बड़ी संख्या में हितग्राहियों की सहभागिता के साथ कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रजत जयंती चावल उत्सव के माध्यम से सार्वजनिक वितरण प्रणाली को अधिक पारदर्शी, प्रभावी एवं जनहितकारी बनाने का संदेश दिया गया। विशेष सप्ताह के अंतर्गत शेष राशन कार्डधारियों एवं हितग्राहियों की ई-केवाईसी पूर्ण कराने हेतु विशेष अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही सभी उचित मूल्य दुकानों में सूचना बोर्ड, स्टॉक पंजी एवं वितरण पंजी अद्यतन रखने के निर्देश दिए गए हैं। उत्सव के व्यापक प्रचार-प्रसार हेतु बैनर प्रदर्शित किए गए हैं तथा ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में मुनादी के माध्यम से आमजन को जानकारी दी जा रही है। यह आयोजन शासन, प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों की सहभागिता से एक जनउत्सव का स्वरूप ले रहा है।

उप मुख्यमंत्री साव के अपमान के विरोध में भाजपा का प्रदर्शन

मुंगेली/नवप्रदेश। भारतीय जनता पार्टी द्वारा उप मुख्यमंत्री अरुण साव को पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपमानजनक शब्द का प्रयोग कर अपमानित करने के विरोध में भूपेश बघेल का परशुराम चौक में पुतला दहन किया गया। पुतला दहन का कार्यक्रम मुंगेली, लोरमी और बिल्हा विधानसभा अंतर्गत मुंगेली, लोरमी और पथरिया में पुतला दहन किया गया।

पुतला दहन का कार्यक्रम जिला अध्यक्ष दीनानाथ केशरवानी के नेतृत्व में जिला भाजपा कार्यालय से परशुराम चौक पुराना बस स्टैंड मुंगेली तक भूपेश बघेल का पुतला लेकर नारेबाजी करते हुए लाया गया और उसके बाद परशुराम चौक में पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष शैलेष पाठक, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश शुक्ला, द्वारिका जायसवाल, मोहन भोजवानी, विनय पाण्डेय, किशोरीलाल केशरवानी, जिला उपाध्यक्ष सुनील पाठक, कोटूमल दादवानी, नगर पालिका उपाध्यक्ष जयप्रकाश मिश्रा, नगर भाजपा अध्यक्ष सौरभ बाजपेयी, ग्रामीण मण्डल अध्यक्ष राजीव श्रीवास, सेतगंगा मंडल अध्यक्ष सुखचंद साहू, युवा मोर्चा जिला महामंत्री अमितेश आर्य, आसिफ खोखर, यश गुप्ता, राकेश साहू, करण सिंह, विजय यादव, डोमन दीक्षित, विजेन्द्र देवांगन राजू, सत्तू सिंह, चित्रकान्त सिंह, वासु देवांगन, होरी सोनकर, सचिन यादव, सरस्वती सोनी, श्वेता सोनी, रितिमा लाल, हीरालाल साहू, लवलेश सिंह, रविंद्र केशरवानी, रोशन सोनी, सत्तू सिंह, राजू देवांगन, पंकज सोनी, जितेंद्र साहू एवं महेंद्र पारख सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

लर्निंग लाइसेंस हेतु विशेष शिविरों का आयोजन

बलरामपुर/नवप्रदेश। सड़क सुरक्षा माह 2026 के तहत् परिवहन एवं पुलिस विभाग के द्वारा लर्निंग लायसेंस शिविर आयोजित किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत 7 जनवरी को सबाग, तहसील कार्यालय सामरी, कुसमी में एक दिवसीय शिविर, तहसील कार्यालय कुसमी, शंकरगढ़, राजपुर में 8 एवं 9 जनवरी को दो दिवसीय, रामानुजगंज में 11 एवं 12 जनवरी, पुराना बस स्टैंड बलरामपुर में 7 एवं 8 जनवरी, तहसील कार्यालय वाड्रफनगर में 11 एवं 12 जनवरी को शिविर आयोजित किया जाएगा। जो भी लाइसेंस बनवाना चाहते हैं आधार कार्ड, पैन कार्ड, दसवीं का मार्कशीट लेकर उपस्थित होंगे।

मंत्री नेताम आज जिला प्रवास पर, कृषि, शिक्षा व संस्कृति से जुड़े कार्यक्रमों में होंगे शामिल

एमसीबी/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछलीपालन तथा पशुधन विकास मंत्री रामविचार नेताम सोमवार 05 जनवरी 2026 को मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के एकदिवसीय प्रवास पर रहेंगे। उनका यह दौरा कृषि, शिक्षा, सांस्कृतिक गतिविधियों तथा प्रशासनिक समीक्षा की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार मंत्री नेताम प्रातः 10:45 बजे सर्किट हाउस मनेन्द्रगढ़ से कार द्वारा प्रस्थान कर 11:00 बजे जनपद पंचायत खड़गवां पहुंचेंगे, जहां वे कृषि महाविद्यालय भवन के

भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस अवसर पर कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान को बढ़ावा देने को लेकर महत्वपूर्ण संदेश दिए जाने की संभावना है। इसके पश्चात दोपहर 12:30 बजे मंत्री नेताम ग्राम सरभोका स्थित के.बी. पटेल कॉलेज ऑफ नर्सिंग पहुंचकर आयोजित पुस्तक विमोचन कार्यक्रम में सहभागिता करेंगे। वहीं वे माननीय विधायक रेणुका सिंह के जन्मदिवस समारोह में शामिल होकर उन्हें शुभकामनाएं भी प्रदान करेंगे। दोपहर 3:00 बजे मंत्री नेताम ग्राम पंचायत बंजी के गुरुचौहवा पारा, आल्हामाड़ा पहुंचकर पारंपरिक छेरता तिहार कार्यक्रम में शामिल होंगे। इस दौरान वे छत्तीसगढ़ की लोकसंस्कृति, परंपराओं तथा सामाजिक समरसता के महत्व पर अपने विचार व्यक्त करेंगे। शाम 5:00 बजे मंत्री नेताम कलेक्ट्रेट कार्यालय मनेन्द्रगढ़ पहुंचकर जिला स्तरीय समीक्षा बैठक में भाग लेंगे। बैठक में विभिन्न विभागों की योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए जाएंगे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में स्वच्छ भारत मिशन की अहम बैठक

प्लास्टिक व फीकल स्लज प्रबंधन पर लिए गए ठोस निर्णय

एमसीबी/नवप्रदेश। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत जिला स्तरीय प्रबंधन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक शनिवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता कलेक्टर डी. राहुल वेंकट ने की।

बैठक का उद्देश्य जिले में स्वच्छता अभियानों के प्रभावी क्रियान्वयन, अपशिष्ट प्रबंधन को सुदृढ़ करने तथा पर्यावरण संरक्षण की दिशा में नवाचारों को बढ़ावा देना रहा।

बैठक में ग्राम पंचायत चनवारीडांड में स्थापित प्लास्टिक अपशिष्ट प्रबंधन इकाई के सुचारू संचालन को लेकर विशेष चर्चा की गई। कलेक्टर ने नगर पालिका एवं नगर पंचायतों के साथ समन्वय स्थापित कर मल्टीलेयर प्लास्टिक की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने प्लास्टिक कचरे के वैज्ञानिक संग्रहण एवं प्रसंस्करण पर विशेष जोर दिया। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत निर्मित सड़कों में चनवारीडांड इकाई से प्राप्त श्रेडर प्लास्टिक के उपयोग पर सहमति बनी। इससे प्लास्टिक अपशिष्ट के निपटान के साथ सड़कों की गुणवत्ता एवं टिकाऊपन में वृद्धि होगी। इसके अलावा चनवारीडांड एवं पौड़ीडीह स्थित इकाइयों में स्टोर शेड एवं बाउंड्री वॉल निर्माण तथा जिले में फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट के प्रभावी संचालन हेतु डी-स्लज वाहन उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। डीएमएफ, स्वच्छ भारत मिशन एवं मनरेगा के अभिसरण से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि स्वच्छ भारत मिशन स्वच्छता के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास का सशक्त माध्यम है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं तकनीकी विशेषज्ञ उपस्थित रहे।

सम्मेलन

महिलाओं की शिक्षा के लिए सावित्रीबाई फुले का योगदान आज भी प्रेरणास्रोत: राजेन्द्र दिवाकर

सावित्रीबाई फुले जयंती पर मातृ सम्मेलन, महिला शिक्षाविदों का हुआ सम्मान

मुंगेली/नवप्रदेश। डॉ. भीमराव अम्बेडकर शिक्षण संस्थान द्वारा सावित्रीबाई फुले जयंती के अवसर पर मातृ सम्मेलन एवं समाज कल्याण तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए अशासकीय विद्यालय के महिला संचालकों एवं प्राचार्यों का सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर, व्यवस्थापक एचआर. भास्कर, उपाध्यक्ष एसपी कौशिक, अति विशिष्ट अतिथि सुश्री कृष्णा काले, अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी के विशेष प्रतिनिधि विमित्रा घृतलहरे तथा विशिष्ट अतिथि लक्ष्मी सोनी एवं शांति भास्कर की उपस्थिति में मनाया गया। इस अवसर पर उपस्थित अतिथियों द्वारा सावित्री बाई फुले, मिनीमाता, डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं संस्थाध्यक्ष की दिवंगत माता स्व. नीरादेवी के छायाचित्र के समक्ष द्वीप प्रज्जवलन कर प्रार्थना की गई। संस्थाध्यक्ष राजेन्द्र दिवाकर ने कहा कि आजादी के पहले तक भारत में महिलाओं की गिनती दोयम दर्जे में होती थी। उन्हें शिक्षा का अधिकार तक भी नहीं था। ऐसे समय में सावित्री बाई फुले ने जो कर दिखाया वह कोई साधारण उपलब्धि नहीं थी। अंत में समाज कल्याण तथा शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट एवं अनुकरणीय योगदान के लिए महिला संचालकों एवं

प्राचार्यों सुश्री गीताराय (मरणोपरांत) कस्तुरबा स्कूल मुंगेली के प्रतिनिधि गीता देवांगन, शांति भास्कर, लक्ष्मी सोनी सेनि.सशिमं मुंगेली, कृष्णा काले सेनि.जेसीज पब्लिक स्कूल मुंगेली, सुचित्रा श्रीवास्तव प्रथम प्रधानपाठिका अम्बेडकर स्कूल मुंगेली के प्रतिनिधि, विमित्रा घृतलहरे एबीईओ मुंगेली, आशा दिवाकर प्राचार्य एवं अनिता साहू प्रधानपाठक अम्बेडकर स्कूल मुंगेली, खेमलता रात्रे प्रधानपाठक अम्बेडकर स्कूल संजारी-नवागांव बलौदाबाजार, अलीमून निशा प्रधानपाठक राजीवगांधी आदर्श स्कूल मुंगेली, रश्मि तंबोली प्राचार्य एन.के. एजूकेशनल एकेडमी पथरिया, सुश्री रोशनी गोस्वामी प्राचार्य तिरूपति बालाजी पब्लिक स्कूल जरहागांव, शैल सोनले विद्वान पब्लिक स्कूल बरदूली, रीना अनंत प्राचार्य नेहा पब्लिक स्कूल छीतापार को संस्थान द्वारा ''क्रांतिज्योति सावित्रीबाई फुले नारीरत्न सम्मान 2026'' से शाल, श्रीफल, मोमेंटो, प्रशस्ति पत्र तथा पुष्पगुच्छ देकर सम्मानित किया गया। अंत में संस्थाध्यक्ष की दिवंगत माता नीरादेवी के निधन पर दो मिनट मौन रखकर श्रद्धांजली दी गई आभार प्रदर्शन उपप्राचार्य छत्रपाल डाहिरे ने किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्रा, शिक्षक-शिक्षिकाएं, महिला अभिभावक एवं संस्था परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

पात्र परिवार को पक्का मकान देने की पहल, अब हर माह होगा 'आवास दिवस

एमसीबी/नवप्रदेश। मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण के प्रभावी क्रियान्वयन एवं स्वीकृत आवासों का समय-सीमा में निर्माण सुनिश्चित करने के लिए प्रत्येक माह की 7 तारीख को 'आवास दिवस' आयोजित किया जाएगा। यह आयोजन ग्राम पंचायत स्तर पर चावल महोत्सव एवं महात्मा गांधी नरेगा रोजगार दिवस के साथ अनिवार्य रूप से होगा। आवास दिवस के अवसर पर स्वीकृत, निर्माणाधीन एवं पूर्ण आवासों की सूची का सार्वजनिक वाचन किया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को स्वीकृति प्रमाण पत्र वितरित किए जाएंगे। शीघ्र आवास निर्माण पूर्ण करने वाले हितग्राहियों को सम्मानित कर अन्य हितग्राहियों को प्रेरित किया जाएगा। लंबित किश्तों, केवाईसी, नरेगा मजदूरी भुगतान एवं निर्माण में आ रही तकनीकी अथवा स्थानीय बाधाओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।

जिला प्रशासन ने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करते हुए प्रत्येक पात्र परिवार को समय पर पक्का आवास उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं।

स्वास्थ्य मनोरंजन के साथ वॉकाथन-एरोबिक्स से लोगों को किया यातायात के प्रति जागरूक

नागरिक संगठनों, स्व सहायता समूहों, विभिन्न संस्थानों सहित शहर के नागरिकों ने लिया भाग, कलेक्टर सहित सभी विभाग के अधिकारी-कर्मचारी हुए शामिल

■ यातायात पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन आज

बिलासपुर/नवप्रदेश। भूतल परिवहन मंत्रालय भारत सरकार एवं पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक रजनेश सिंह के मार्गदर्शन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रामगोपाल करियारे के नेतृत्व एवं जिला व यातायात पुलिस के समस्त अधिकारियों एवं विभिन्न विभागों के नोडल अधिकारियों कर्मचारियों के परस्पर समन्वय से सड़क सुरक्षा माह का आयोजन जिला पुलिस बल बिलासपुर के तत्वावधान में

1 जनवरी से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित किया जा रहा है माह के दौरान आम जनता को यातायात के प्रति जागरूक करने एवं दुर्घटनाओं से बचाव संबंधी विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन बिलासपुर पुलिस, सामाजिक संस्थाओं शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, नगर निगम, परिवहन विभाग, राष्ट्रीय राजमार्ग सहित जिला प्रशासन के आपसी समन्वय के द्वारा की जा रही है। इसी क्रम में आज 4 जनवरी को पुलिस परेड मैदान में स्वास्थ्य मनोरंजन एरोबिक्स, जुंबा डांस के माध्यम से आम लोगों को सड़क सुरक्षा एवं यातायात के नियमों के प्रति जागरूक किया गया।

उक्त आयोजन के दौरान जिला कलेक्टर संजय अग्रवाल, नगर निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण अर्चना झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात राम गोपाल करियारे, डीएसपी शिव चरण परिहार, एसडीओपी मस्तूरी मोहल्ले, मास्टर ट्रेनर उमाशंकर पांडे, प्रशिक्षु डीएसपी आकाश, विभिन्न विभागों अधिकारीगण, नागरिक संगठनों एवं एनजीओ से आर्यन, विकास, विद्या गोवर्धन, एरोबिक्स संचालक भार्गव एवं टीम व तमाम नागरिक संगठनो, एनजीओ, संस्थानों के सदस्यगण व नागरिक गण अधिकाधिक संख्या में उपस्थित थे। कल 05 जनवरी को नगर के विद्यालय/महाविद्यालय में यातायात जागरूकता कार्यक्रम, यातायात पर आधारित लघु फिल्म एवं प्रमुख स्थानों में यातायात जागरूकता संबंधित बैनर पोस्टर लगाए जाएंगे।

हजारों ने किया वॉकथान

कार्यक्रम के दौरान जिलाधीश एवं जिला दंडाधिकारी संजय अग्रवाल के उपस्थिति में सर्वप्रथम मंच पर स्वागत पश्चात कलेक्टर, नगर निगम कमिश्नर, एएसपी ग्रामीण, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक यातायात के उपस्थिति में पुलिस परेड मैदान से शहर के विभिन्न चौक चौराहों एवं मार्गो होते हुए वापस पुलिस परेड मैदान तक यातायात जागरूकता संदेश के साथ हजारों की संख्या में वाकाथन किया। शहर के विभिन्न चौक चौराहो मार्गो से होते हुए राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 2026 के यातायात संदेशों को जन-जन तक पहुंचाने हेतु की गई वाकाथन के पश्चात पुलिस परेड मैदान पर जिलाधीश, नगर निगम कमिश्नर एवं जिला पुलिस बल व समस्त विभागों के अधिकारियों कर्मचारियों एवं नागरिकों के द्वारा एरोबिक, डांस जुंबा कार्यक्रम में भाग लिए। यातायात जागरूकता संदेश दिए।

■ न्यूज गैलरी

ब्राह्मण समाज ने बच्चों को छेरछेरा पर नि:शुल्क जूता बांटे

बिलासपुर/नवप्रदेश। सनाढ्य ब्राहमण महिला मंडल द्वारा ग्राम खजरी मे छत्तीसगढ़ का पवित्र त्यौहार छेरछेरा के पावन पर्व पर गांव के छोटे छोटे बच्चो को जूतों का वितरण किया गया। इस अवसर पर सनाढ्य ब्राह्मण समाज की अध्यक्ष तनुजा बिरथरे, सचिव पूनम पराशर, कोषाध्यक्ष दीप्ति मिश्रा, ज्योति शर्मा, साधना समाधिया, अदिति मिश्रा, रिसिका मिश्रा, कोकिला उपाध्याय, पुष्पा दीक्षित, साधना दुबे, मीना दुबे, दीप्ति गुवरेले, मालविका मिश्रा, अनु मिश्रा, पुर्वी मिश्रा, कनिष्का मिश्रा उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन यश मिश्रा के द्वारा किया गया।

ढाई लाख के जेवरात, कैश व बाइक जब्त

पीएम आवास के नाम पर ठगी, 3 आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल

बिलासपुर/नवप्रदेश। पुलिस ने प्रधानमंत्री आवास योजना की राशि दिलाने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले तीन सदस्यीय गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 2.56 लाख रुपए कीमत के सोने-चांदी के जेवरात, 4500 रुपए कैश और एक बाइक जब्त की है। गिरोह अलग-अलग बाइकों का इस्तेमाल कर चार स्थानों पर ठगी की वारदातों को अंजाम दे चुका था।

मामला सिविल लाइन थाना क्षेत्र का है। गिरफ्तार आरोपियों में पोड़ी, सकरी निवासी रामप्रसाद यादव 65 वर्ष, तखतपुर के ढनढन निवासी जितेंद्र यादव 38 वर्ष और तखतपुर के सोनी मोहल्ला निवासी कन्हैया सोनी 45 वर्ष शामिल हैं। पुलिस के अनुसार आरोपी लोगों को अधिक फायदे का लालच देकर जेवरात बैंक में अमानत के रूप में जमा कराने

बुजुर्ग और कम पढ़े-लिखे लोग थे निशाने पर

टीआई सुम्मत साहू ने बताया कि ठग गिरोह 60 साल से अधिक उम्र के कम पढ़े-लिखे लोगों को निशाना बनाता था। आरोपी पीएम आवास या इंदिरा आवास योजना के तहत बड़ी राशि मिलने का झांसा देते थे। इसके बाद पीड़ितों को बैंक या तहसील कार्यालय ले जाकर बाहर खड़ा कर खुद अंदर जाने का नाटक करते थे।

के लिए प्रेरित करते थे। सीसीटीवी फुटेज और पीड़ितों के बताए हुलिए के आधार पर रामप्रसाद यादव और जितेंद्र यादव को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ के दौरान आरोपियों ने जानकी भट्ट, उषा साहू, अगमदास टंडन और शांति बाई यादव से पीएम आवास योजना के नाम पर ठगी करना स्वीकार किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया। जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। पुलिस का कहना है कि इस तरह की ठगी करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। कुछ देर बाद लौटकर आरोपी पीड़ितों को बताते थे कि उन्हें ढाई लाख रुपए या उससे अधिक की राशि मिलेगी। लेकिन इसके लिए जमानत के तौर पर गहने जमा करने होंगे। इसी बहाने वे पीड़ितों से सोने-चांदी के जेवरात लेकर फरार हो जाते थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से बाइक (सीजी-10 बीवाय-9201), 4500 रुपए नकद और 2.56 लाख रुपए मूल्य के जेवरात बरामद किए हैं। पूछताछ में सामने आया कि ये जेवरात गनियारी निवासी कन्हैया सोनी के पास गिरवी रखे गए थे। पीएम आवास योजना के नाम पर ठगी की लगातार शिकायतें मिलने के बाद पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों ने कार्रवाई के निर्देश दिए। इसके बाद सिविल लाइन थाना क्षेत्र के विभिन्न स्थानों के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए।

शिवजी से झूठ बोलने की सजा भुगत रहे हैं ब्रह्माजी: ईश्वरी

■ पत्रकार कॉलोनी में शिव महापुराण कथा का दूसरा दिन

बिलासपुर/नवप्रदेश। ब्रह्माजी को झूठ बोलने का दिया गया शाप इतना भयानक था कि उसका प्रभाव कलयुग में भी दिखाई देता है। क्रोधित शिव के काल भैरव अवतार ने ब्रम्हा के पांचवें सिर को धड़ से अलग कर दिया। वहीं झूठ का साथ देने के कारण श्रापित केतकी पुष्प को भगवान शिव पर नहीं चढ़ाते हैं। पत्रकार कॉलोनी में चल रहे शिव महापुराण कथा के दूसरे दिन कथावाचिका ईश्वरी देवी ने उक्त बातें कहीं। उन्होंने कहा कि भगवान शिव को सांसरिक मोह माया से ऊपर है। भगवान शिव का ना आरंभ है और ना ही अंत। शिव पुराण के अनुसार एक बार ब्रह्माजी और भगवान विष्णु में सबसे श्रेष्ठ कौन है इसे लेकर विवाद हो गया। ब्रह्माजी ने कहा कि उन्होंने संसार की रचना की इसलिए वह सबसे श्रेष्ठ हैं, जबकि भगवान विष्णु ने कहा कि वह संसार के पालनहार हैं इसलिए वे सबसे श्रेष्ठ हैं। विवाद बढ़ने पर ब्रह्मा और विष्णु के बीच भयंकर युद्ध हुआ, तब भगवान शिव ने अग्नि स्तंभ के रूप में प्रकट होकर उसे रोकने का प्रयास किया। इसी दौरान भगवान शिव ने ब्रह्मा जी और विष्णु भगवान से कहा कि जो शिवलिंग का छोर सबसे पहले ढूंढ लेगा वह सर्वश्रेष्ठ होगा। भगवान विष्णु वाराह अवतार धारण कर धरती और पाताल में जाकर ज्योतिर्लिंग का अंत ढूंढ़ने लगे। ब्रह्माजी हंस बनकर रहस्य जानने आकाश की तरफ बढ़ते गए। दोनों देवताओं ने बहुत कोशिश की, लेकिन ज्योतिर्लिंग का आदि और अंत नहीं मिला। अंत में विष्णु जी ने हार मान ली। उन्होंने शिव जी के सामने स्वीकार किया कि वह ज्योतिर्लिंग का अंत नहीं खोज पाए। जबकि ब्रह्मा जी को जीतने का एक उपाय सूझा और वे अपने साथ केतकी के फूल को साक्षी बनाकर लाए कि उन्होंने ज्योतिर्लिंग का अंत खोज लिया है।

नाइट लैंडिंग से संबंधित बिलासा देवी एयरपोर्ट में सभी काम हुए पूरे

■ एयरपोर्ट प्रबंधन डीजीसीए को नाइट लैंडिंग लाइसेंस के लिए शीघ्र आवेदन करें

बिलासपुर/नवप्रदेश। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने जानकारी देते हुए बताया कि बिलासा देवी केवट एयरपोर्ट पर नाइट लैंडिंग सुविधा यानी आईएफआर श्रेणी में उन्नयन हेतु सभी आवश्यक कार्य पूरे हो चुके हैं। अब बिलासपुर एयरपोर्ट प्रबंधन को विधिवत फॉर्मेट में डीजीसीए यानि डायरेक्टर जनरल सिविल एविएशन के समक्ष नाइट लैंडिंग लाइसेंस के लिए आवेदन प्रस्तुत करना है। समिति ने मांग की कि यह आवेदन शीघ्र अति शीघ्र प्रस्तुत किया जाए जिस के एक समयबद्ध कार्यक्रम में इंस्पेक्शन आदि पूरा कर यह लाइसेंस जल्दी से जल्दी बिलासपुर एयरपोर्ट को मिल सके। हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति का महा धरना आज भी जारी रहा और आगमन के कम से सर्वश्री रवि बनर्जी बद्री यादव अनिल गुलहरे भय्यू सिंह गौतम नारद श्रीवास प्रतीक तिवारी विजय वर्मा राशिद बख्श डॉ प्रदीप राही संतोष पीपलवा दीपक कश्यप प्रकाश बारानी अमर बजाज मनोज तिवारी शिरीष कश्यप रमाशंकर बघेल संदीप बाजपेई अकील अली मोहसिन अली और सुदीप श्रीवास्तव शामिल थे।

समिति ने कहा-सुबह और रात की उड़ानों के संबंध में चर्चा शुरु करें

हवाई सुविधा जन संघर्ष समिति ने राज्य सरकार से यह मांग की है कि निकट भविष्य में मिलने वाले नाइट लैंडिंग लाइसेंस को देखते हुए अभी से एयरलाइन कंपनियों से सुबह और रात की उड़ानों के संबंध में चर्चा प्रारंभ करें। समिति ने कहा कि इस लाइसेंस के बाद बिलासपुर एयरपोर्ट से सुबह-सुबह या रात के समय भी महानगरों से सीधी उड़ान आना-जाना कर सकेगी और हवाई सुविधा के तहत 1 दिन में ही व्यक्ति किसी महानगर जाकर लौट सकेगा। समिति ने मांग की कि वर्तमान में 72 सीटर विमान रखने वाली सभी कंपनियों को राज्य सरकार एक ओपन टेंडर के माध्यम से आमंत्रित करें।

शक्ति सदन के लिए जारी विज्ञापन निरस्त

बिलासपुर/नवप्रदेश। महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा शक्ति सदन संचालन के लिए जारी विज्ञापन की सूचना निरस्त कर दी गई है। विभाग के डीपीओ सुरेश सिंह ने बताया की योजना के संचालन के लिए सेवा प्रदाता चयन हेतु विभाग द्वारा 29 दिसंबर को विज्ञापन जारी किया गया था। विज्ञापन के अनुसार आवेदन लेने की अंतिम तिथि 19 जनवरी तक निर्धारित की गई थी। जिसे अब एक आदेश जारी कर निरस्त कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि शासन के निर्देशानुसार अब ऑनलाइन माध्यम से आवेदन स्वीकार किया जाएगा।

आंध्रा समाज ने आर. मनोरथ का सेवानिवृत्ति पर किया सम्मान

बिलासपुर /नवप्रदेश। आंध्रा समाज, बिलासपुर के वरिष्ठ सदस्य एवं रेलवे के मुख्य कार्यालय अधीक्षक (निर्माण विभाग) आर. मनोरथ बाबू के सेवानिवृत्त होने के उपलक्ष्य में एक सम्मान समारोह का आयोजन आंध्रा समाज स्कूल ऑडिटोरियम में किया गया। श्री बाबू ने 26 जून 1990 से लेकर 31 दिसंबर 2025, दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर निर्माण विभाग में मुख्य कार्यालय अधीक्षक से सेवा में अपने दायित्वों का निर्वहन निष्ठा, ईमानदारी व कर्मठता से किया।

इसके साथ ही वे छत्तीसगढ़ तेलुगु महासंगम में सह-सचिव के रूप में भी सक्रिय रहे और समाज सेवा में सदैव अग्रणी भूमिका निभाई। सम्मान समारोह की अध्यक्षता समाज अध्यक्ष श्री एन. रमना मूर्ति ने की। महासचिव पी. श्रीनिवास राव, उपाध्यक्ष डी.एन. प्रसाद, कोषाध्यक्ष टी. रमेश बाबू, सह सचिव ए. सत्यनारायण, एवं सदस्यगण शिवाजी, रामकृष्णा, आर. प्रसाद राव, मधु, शैक्षिक क्षेत्र से पूर्व प्राचार्य डी.एस. लक्ष्मी, अंग्रेजी माध्यम प्राचार्य श्रीमती दयामणि, प्रधान पाठक बी.यू.बी. रेड्डी, आर. वरलक्ष्मी, एम. श्रीनिवास राव, ए. जयललिता, सी. विमला, विजयलक्ष्मी, डी. लक्ष्मी एम वी एम सत्यनारायण, मुरली सहित समाज के अन्य सदस्यगण उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने श्री बाबू के प्रशासनिक और सामाजिक योगदान की सराहना करते हुए उनके आगामी जीवन के लिए शुभकामनाएं एवं मंगलकामनाएं प्रेषित कीं। परिवारजन एवं समाजबंधुओं की उपस्थिति ने इस समारोह को आत्मीय और स्मरणीय बना दिया।

अरपा नदी पर बन रहा उच्च स्तरीय पुल, लोगों को मिलेगी राहत

बिलासपुर/नवप्रदेश। 12 करोड रुपए की लागत से शनिचरी रपटा के बगल में अरपा नदी पर एक उच्च स्तरीय पुल बनाया जा रहा है। इसके लिए पिलर बनाने का काम शुरू हो गया है। यह 8 मीटर चौड़ा और सवा तीन सौ मीटर लंबा होगा इससे भारी वाहन भी आना-जाना कर सकेंगे। रपटा का रखरखाव नहीं किए जाने के कारण वह जर्जर हो गया है। पिलर खड़ा करने पिछले दिसंबर मे रॉक टेस्टिंग सफल रहा जिसके बाद काम आगे बढ़ाया है। चाँटीडीह और चिंगराजपारा मे रहने वाले हजारों लोग रपटा से आना जाना करते है लेकिन कुछ साल हुए इसकी हालत ख़राब हो गई है। बैराज बन जाने से अरपा नदी मे रपटा डूब जायेगा। लोगों के सुरक्षित आवागमन कि सुविधा को ध्यान मे रखते हुए नये पुल कि आधारशील रखी है। लोक निर्माण का सेतु विभाग के देखरेख मे इसे तैयार किया जा रहा है।

आवागमन में मिलेगी सुविधा

मंत्री तोखन ने मां बम्लेश्वरी के दर्शन कर प्रदेशवासियों को छेरछेरा की दी शुभकामनाएं

बिलासपुर /नवप्रदेश। केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य राज्य मंत्री तोखन साहू ने डोंगरगढ़ स्थित माँ बम्लेश्वरी के दर्शन कर पूजा-अर्चना की। इस अवसर पर उन्होंने राष्ट्र, प्रदेश एवं समस्त जनमानस के सुख, समृद्धि और कल्याण की कामना की तथा माँ बम्लेश्वरी से सेवा, शक्ति और सद्मार्ग पर अग्रसर रहने की प्रेरणा प्राप्त होने की प्रार्थना की। उन्होंने कहा कि छेरछेरा का पर्व सामाजिक समरसता, दानशीलता और आपसी भाईचारे का प्रतीक है, जो हमारी समृद्ध लोक-संस्कृति को सुदृढ़ करता है। केंद्रीय राज्य मंत्री ने प्रदेश की खुशहाली की कामना करते हुए कहा कि ईश्वर की कृपा से सभी के घर-आँगन में सुख-समृद्धि बनी रहे और किसानों की धान की कोठियाँ सदैव भरी रहें।

कार्रवाई

कोनी में अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कलेक्टर के निर्देश पर कार्रवाई

दो जगह की जा रही थी अवैध प्लाटिंग, रास्ता, बाउंड्रीवाल और पोल उखाड़ा गया

बिलासपुर/नवप्रदेश। नगर निगम ने अवैध प्लाटिंग के खिलाफ एक बार फिर बड़ी कार्रवाई की है, शहर में चल रहे विकास कार्यों का जायजा लेने निकलें कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कोनी में हो रहे अवैध प्लाटिंग के खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए। जिसके बाद नगर निगम के अतिक्रमण शाखा और जोन 8 की टीम ने अवैध प्लाटिंग पर कार्रवाई करते हुए तैयार किए गए मार्ग को तोड़ा और लगाए गए पोल को हटाया।

कोनी में खसरा नंबर 235 भूमि स्वामी केशव पाण्डेय,वीणा, अभिषेक और अंकित पाण्डेय द्वारा लगभग दो एकड़ जमीन में

अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था, इसी तरह गुड़ाखू फैक्ट्री के सामने और कंचन विहार के पीछे खसरा नंबर 191/1, 191/6, 191/2, 191/5, 191/3 और 191/4 में धीरेन्द्र पाण्डेय की जमीन पर स्वयंराज बिल्डर द्वारा तीन एकड़ जमीन में अवैध प्लाटिंग किया जा रहा था। कलेक्टर संजय अग्रवाल और निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे के निर्देश पर इन दोनों भूमि पर कार्रवाई की गई। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा है कि आगे भी अवैध प्लाटिंग के खिलाफ लगातार कार्रवाई की जाएगी।

अवैध निर्माण पर दो को नोटिस

व्यापार विहार में प्लेनेटेरियम के पास नियम विरूद्ध भवन निर्माण पर कैलाश माघवानी और व्यापार में ही बी 9 की भूमि में अनुमति विपरीत निर्माण पर आशीष अग्रवाल,अमर अग्रवाल और अभिषेक अग्रवाल को नोटिस जारी किया गया है।

न्यूज गैलरी

अमेरिका ने वेनेजुएला पर किया बड़ा हमला, नेवी बेस और रक्षा मंत्री का घर तबाह

वॉशिंगटन । अमेरिका और वेनेजुएला के बीच चल रहा तनाव अब एक भीषण संघर्ष में बदल गया है। अमेरिका ने शनिवार तड़के वेनेजुएला की राजधानी काराकास में एक बड़े मिलिट्री ऑपरेशन को अंजाम दिया है। पेंटागन के निर्देश पर अमेरिकी सेना ने काराकास स्थित नेवी बेस पर हवाई हमला किया है। रिपोर्टों के मुताबिक, शहर में एक के बाद एक 7 जोरदार धमाके सुने गए, जिससे पूरी राजधानी दहल उठी।स्काई न्यूज अरेबिया ने दावा किया है कि इस हमले में सिर्फ सैन्य ठिकानों को ही नहीं, बल्कि वेनेजुएला के रक्षा मंत्री के आवास को भी निशाना बनाया गया है। शनिवार तड़के करीब 2 बजे हुए इन हमलों के बाद काराकास के आसमान में धुएं के विशाल गुबार उठते देखे गए। सीएनएन की टीम ने मौके से रिपोर्ट दी है कि पहला धमाका स्थानीय समयानुसार रात करीब 1ः50 बजे हुआ। सीएनएन की संवाददाता ओसमारी हर्नांडेज ने बताया, धमाका इतना जोरदार था कि मेरी खिड़की तक हिल गई। इन हमलों के तुरंत बाद काराकास के कई इलाकों में बिजली गुल हो गई (ब्लैकआउट) और आसमान में कई लड़ाकू विमान उड़ते देखे गए। धमाकों की आवाज से दहशत में आए लोग रात को ही अपने घरों से निकलकर सड़कों पर आ गए। इस हमले की पृष्ठभूमि लंबे समय से तैयार हो रही थी। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार चेतावनी दी थी कि वेनेजुएला में सक्रिय कथित ड्रग तस्करी नेटवर्क के खिलाफ अमेरिका सख्त कार्रवाई करेगा।

देश का सबसे बड़ा भ्रष्टाचार! पूर्व मेयर को सुनाई मौत की सजा

बीजिंग। चीन में भ्रष्टाचार के खिलाफ चल रही सख्त मुहिम के तहत एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने न केवल देश बल्कि पूरी दुनिया को चौंका दिया है। चीन के हाइहौ शहर के पूर्व मेयर झांग छी को बड़े भ्रष्टाचार मामले में दोषी पाए जाने के बाद मौत की सजा सुनाई गई है। जांच के दौरान उसके घर से जो कुछ बरामद हुआ, उसने सभी को हैरान कर दिया। एक न्यूज वेबसाइट 'जामिन' में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार, जब जांच एजेंसियों ने पूर्व मेयर के अपार्टमेंट पर छापा मारा तो वहां से करीब 13,500 किलोग्राम सोना और लगभग 3,400 करोड़ भारतीय रुपये के बराबर युआन नकद बरामद किए गए। इतनी बड़ी मात्रा में नकदी और सोना किसी सरकारी अधिकारी के घर से मिलना चीन के इतिहास में बेहद दुर्लभ माना जा रहा है। इसके अलावा, चीन और विदेशों में स्थित उसकी लग्जरी रियल एस्टेट संपत्तियां और महंगी कारों का कलेक्शन भी जब्त किया गया। जांच में सामने आया कि वर्ष 2009 से 2019 के बीच झांग छी ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए सरकारी ठेके दिलाने और जमीन से जुड़े सौदों को मंजूरी देने के बदले योजनाबद्ध तरीके से रिश्वत ली। इस दौरान उसने अवैध रूप से सैकड़ों अरब रुपये की संपत्ति जमा की।

उत्तराखंड के गंगोत्री में तापमान -22°C , नदी-झरने जमे: राजस्थान के 14 जिलों में कोहरा

नई दिल्ली। जम्मू-कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों में शनिवार को तापमान शून्य से नीचे चला गया। उत्तरकाशी के गंगोत्री क्षेत्र में न्यूनतम तापमान माइनस 22 डिग्री पहुंचने से भागीरथी नदी जम गई। राजस्थान में रविवार को 5 जिलों में शीतलहर और 9 जिलों में घने कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। राजस्थान के माउंट आबू में लगातार दूसरे दिन पारा 0 डिग्री पहुंचा। मध्य प्रदेश के भोपाल में सर्दी के इस सीजन में पहली बार पूरे दिन घना कोहरा रहा। 11 शहरों में दिन का तापमान 20 डिग्री से नीचे रहा। मौसम विभाग के अनुसार अगले 15 दिन शीतलहर का अलर्ट है। दिल्ली में रविवार सुबह कोहरा छाया रहा। इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर फ्लाइट्स में देरी हुई। एयरपोर्ट्स अथॉरिटी ऑफ इंडिया (ढ्ढ) ने कहा कि उत्तर भारत में घने कोहरे के चलते कई एयरपोर्ट्स पर फ्लाइट्स प्रभावित हो सकती हैं। 3पैसेंजर्स को सलाह दी जाती है कि एयरपोर्ट जाने से पहले अपनी फ्लाइट का स्टेटस जरूर चेक करें। एयरलाइन और एयरपोर्ट प्रशासन की ओर से जारी निर्देशों का पालन करें।

दक्षिणी मैक्सिको में 6.5 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस हुआ

मैक्सिको में भूकंप से दो की मौत और 12 घायल, राष्ट्रपति भवन कराया गया खाली

मेक्सिको सिटी। 2026 के दूसरे ही दिन शक्तिशाली भूकंप से दक्षिणी मैक्सिको दहल उठा। स्थानीय अधिकारियों ने बताया कि दक्षिणी मैक्सिको में 6.5 तीव्रता का भूकंप का झटका महसूस हुआ। इसमें दो लोगों की मौत हो गई, जबकि 12 अन्य घायल हो गए।स्टेट गवर्नर एवलिन सालगाडो ने बताया कि शुक्रवार को आए इस भूकंप का केंद्र गुएरेरो था। गुएरेरो राज्य में भूकंप के असर से एक घर ढह गया, जिसमें 50 साल की महिला की मौत हो गई। न्यूज एजेंसी सिन्हुआ ने म्युनिसिपैलिटी के एक ऑफिशियल बयान के हवाले से बताया कि भूकंप के बाद लोगों को बचाए जाने के दौरान बेनिटो जुआरेज म्युनिसिपैलिटी में 60 साल का एक बुजुर्ग ठोकर लगकर गिर गया और बाद में उसकी मौत हो गई। मैक्सिको सिटी की सरकार की प्रमुख क्लारा ब्रुगाडा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि भूकंप रिस्पॉन्स

प्रोटोकॉल को एक्टिवेट करने के बाद 12 लोगों के घायल होने की जानकारी सामने आई है। इसके साथ ही अलग-अलग इलाकों में बिजली सप्लाई सेवा बाधित हो गई है। इसकी 18 शिकायतें भी मिली हैं।उन्होंने कहा कि दो इमारतों के गिरने के खतरे की जांच की जा रही है और बचाव के तौर पर 34 इमारतों और पांच घरों की जांच की जा रही है। राष्ट्रपति क्लॉडिया शीनबाम को हर रोज की तरह सुबह की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान राष्ट्रपति भवन खाली करना पड़ा। मैक्सिको की नेशनल सीस्मोलॉजिकल सर्विस ने कहा कि भूकंप स्थानीय समय के हिसाब से सुबह 7ः58 बजे आया, जिसका केंद्र दक्षिणी राज्य गुएरेरो में सैन मार्कोस से लगभग 4 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम में था। भूकंप की गहराई लगभग 5 किलोमीटर रही। मैक्सिको सिटी में सड़कों पर लगे लाउडस्पीकरों से झटके महसूस होने से कई सेकंड पहले सीस्मिक अलर्ट सुनाया गया। इसके अलावा सोनोरा, बाजा कैलिफोर्निया और ओक्साका राज्यों में भी भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिनकी तीव्रता मध्यम से लेकर काफी थी।

एआई बदलेगा टेक जगत का खेल, खुद फैसले लेकर करेगा काम

नई दिल्ली। साल 2026 को लेकर टेक्नोलॉजी जगत में बड़े ही जोर-शोर से चर्चा चल रही है। माना जा रहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के मामले में यह साल एक बड़ा टर्निंग पॉइंट साबित हो सकता है। जिस तरह से एआई तेजी से रोजमर्रा की जिंदगी, कामकाज और इंडस्ट्री का हिस्सा बनता जा रहा है, उससे साफ है कि आने वाला समय केवल तकनीकी बदलाव का नहीं, बल्कि सोच और काम करने के तरीके में बड़े बदलाव का होगा।

अब तक लोग एआई से सवाल पूछते थे और वह जवाब देता था, लेकिन 2026 में 'एजेंटिक एआई' का दौर शुरू होने की उम्मीद है। ऐसा एआई जो खुद फैसले लेकर काम भी करेगा। उदाहरण के तौर पर, अगर आप कहेंगे कि अगले हफ्ते की मुंबई ट्रिप प्लान करनी है तो एआई अपने आप होटल बुक करेगा, फ्लाइट के विकल्प देखेगा और आपके कैलेंडर के हिसाब से मीटिंग्स को री-शेड्यूल भी कर देगा। बिजनेस की दुनिया में भी ऐसे टास्क-स्पेसिफिक एआई एजेंट्स का इस्तेमाल तेजी से बढ़ेगा, जो बिना इंसानी दखल के कई फैसले ले सकेंगे।

2026 तक ऑन-डिवाइस एआई का चलन बढ़ने की उम्मीद है। अभी ज्यादातर एआई मॉडल क्लाउड पर चलते हैं, लेकिन आने वाले समय में स्मार्टफोन और लैपटॉप इतने ताकतवर हो जाएंगे कि बड़े एआई मॉडल लोकल डिवाइस पर ही चल सकेंगे। इससे एक बड़ा फायदा यह होगा कि यूजर का डेटा डिवाइस से बाहर नहीं जाएगा और बिना इंटरनेट के भी एआई तेजी से काम कर सकेगा।

एआई अब केवल स्क्रीन तक सीमित नहीं रहेगा। 2026 में फिजिकल एआई और रोबोटिक्स का मेल देखने को मिलेगा। वेयरहाउस, फैक्ट्रियों और यहां तक कि घरों में भी स्मार्ट रोबोट्स दिखाई दे सकते हैं, जो इंसानों जैसी कुशलता से काम करेंगे। डिलीवरी ड्रोन और रोबोटिक टैक्सियों का इस्तेमाल बड़े शहरों में आम होने लगेगा।
इतना ही नहीं, एआई मॉडल हिंदी, तमिल, बंगाली जैसी भारतीय भाषाओं में कहीं ज्यादा सटीक और सहज हो जाएंगे।

खेल,व्यापार, मनोरंजन

डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर्स : वत्सल और हंसिनी ने किया उलटफेर, टॉप सीड को हरा क्वार्टर फाइनल में पहुंची

वडोदरा। डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर्स 2026 में शुक्रवार को वत्सल डुकलान और हंसिनी मथन ने बड़ा उलटफेर करते हुए क्रमशः लड़कों के अंडर 17 और लड़कियों के अंडर 17 के टॉप सीड को शिकस्त देकर क्वार्टर फाइनल में जगह बना ली है।
सामा इंडोर स्टेडियम में वत्सल डुकलान ने लड़कों के सिंगल्स प्री-क्वार्टर फाइनल में टॉप सीड ऋत्विक गुप्ता को 4-11, 11-5, 11-7, 18-16 से शिकस्त दी, जबकि लड़कियों के सिंगल्स राउंड ऑफ 16 में हंसिनी मथन ने 1-2 से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए डिफेंडिंग चैंपियन दिव्यांशी भौमिक को 5-11, 11-9, 9-11, 11-7, 11-4 से मात दी।

लड़कों के अंडर 17 सिंगल्स में दूसरे सीड आदित्य दास भी दूसरे राउंड में सोहम मुखर्जी से हारकर बाहर हो गए, जिन्होंने फिर राउंड ऑफ 16 में ऋषिकेश जगताप को 8-11, 11-5, 11-9, 10-12, 11-7 से हराया। वेद पंचाल को प्री-क्वार्टर फाइनल में साहिल रावत के खिलाफ 3-11, 4-11, 3-11 से हार का सामना करना पड़ा। भारत में डब्ल्यूटीटी यूथ कंटेंडर का दूसरा एडिशन शुक्रवार को अंडर-13 और अंडर-17 लड़कों और लड़कियों की सिंगल्स प्रतियोगिताओं के साथ शुरू हुआ, जिसके बाद अंडर-11, अंडर-15 और अंडर-19 प्रतियोगिताएं होंगी। लड़कियों के अंडर-17 सेक्शन में जापान की दूसरी सीड मिकू मात्सुशिमा और भारत की सिंड्रेला दास ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। राउंड ऑफ 16 में मात्सुशिमा ने भारत की सुकृति शर्मा को 11-7, 11-2, 11-6 से मात दी, जबकि सिंड्रेला ने इंदिरा सेन को 11-6, 11-6, 9-11, 11-6 से हराया। नैशा रेवास्कर और तनिष्का कालभैरव ने भी अंतिम आठ में जगह बना ली है। नैशा ने आरोही रॉय को 11-5, 11-3, 11-7 से हराया, जबकि तनिष्का ने एक गेम से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए अंकोलिका चक्रवर्ती को 5-11, 11-8, 11-9, 12-10 से मात दी। अब सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए दोनों एक-दूसरे का सामना करेंगी। इससे पहले, डिफेंडिंग चैंपियन दिव्यांशी भौमिक, सिंड्रेला दास, जापान की मिकू मात्सुशिमा और उभरती हुई स्टार तनिष्का कालभैरव ने शुक्रवार को ग्रुप स्टेज में आसान जीत के साथ अपने अंडर-17 गर्ल्स सिंगल्स कैंपेन की बेहतरीन शुरुआत की।

अंतरिक्ष में लंबी छलांग लगाने की तैयारी में भारत

इसरो के गगनयान मिशन से बढ़ेगी दुनिया में धाक

नई दिल्ली। साल 2026 मानव अंतरिक्ष उड़ान के इतिहास में एक बड़ा मील का पत्थर साबित होने वाला है। इस वर्ष भारत और अमेरिका दो ऐसे ऐतिहासिक मिशनों की तैयारी कर रहे हैं, जो अंतरिक्ष खोज की दिशा और रफ्तार दोनों बदल देंगे। जहां भारत का गगनयान कार्यक्रम देश को स्वतंत्र मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता वाले चुनिंदा देशों की कतार में खड़ा करेगा, वहीं अमेरिका का आर्टेमिस-ढ्ढढ्ढ मिशन करीब पांच दशक बाद इंसानों को एक बार फिर पृथ्वी की निचली कक्षा से बाहर यानी गहरे अंतरिक्ष की ओर ले जाएगा। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने अपने महत्वाकांक्षी गगनयान कार्यक्रम के तहत पहला बिना मानव वाला ऑर्बिटल टेस्ट मिशन 'जी1' वर्ष 2026 के मार्च के आसपास लॉन्च करने का लक्ष्य रखा है। यह मिशन मानव-रेटेड एलवीएम3 (गगनयान-एमके3) रॉकेट से प्रक्षेपित किया जाएगा और इसे भारत का पहला बड़ा ऑर्बिटल मानव मिशन टेस्ट माना जा रहा है। इस मिशन में 'व्योममित्रा' नामक एक मानवरूपी रोबोट को अंतरिक्ष में भेजा जाएगा, जिसे इस तरह तैयार किया गया है कि वह अंतरिक्ष यात्रियों जैसी गतिविधियों और प्रतिक्रियाओं का अनुकरण कर सके। गगनयान जी1 को लगभग 300 से 400 किलोमीटर की निम्न पृथ्वी कक्षा (एलईओ) में संचालित किया जाएगा, ताकि मानव मिशन से पहले सभी अहम प्रणालियों की कड़ी जांच की जा सके।गगनयान भारत के लिए केवल एक अंतरिक्ष मिशन नहीं, बल्कि पूरी तरह स्वदेशी मानव अंतरिक्ष उड़ान क्षमता का प्रमाण है। इस मिशन के दौरान जीवन-रक्षा प्रणाली, क्रू मॉड्यूल का सुरक्षित वायुमंडलीय पुनः प्रवेश, पैराशूट आधारित समुद्री रिकवरी, मिशन कंट्रोल और संचार व्यवस्था जैसी महत्वपूर्ण प्रणालियों का परीक्षण किया जाएगा।अगर जी1 और इसके बाद होने वाले परीक्षण सफल रहते हैं, तो भारत उन गिने-चुने देशों में शामिल हो जाएगा जो अपने दम पर अंतरिक्ष यात्रियों को भेजने और सुरक्षित वापस लाने की क्षमता रखते हैं। इससे भविष्य में भारतीय स्पेस स्टेशन, निजी मानव अंतरिक्ष सेवाओं और व्यावसायिक अंतरिक्ष मिशनों के नए रास्ते खुलेंगे, साथ ही विदेशी निर्भरता भी कम होगी।

एफएआईएफए ने तंबाकू पर बढ़े टैक्स को वापस लेने की मांग की

नई दिल्ली। अखिल भारतीय किसान संघों का महासंघ (एफएआईएफए) ने सरकार से तंबाकू उत्पादों पर लगाए गए भारी टैक्स वापस लेने और उनमें सुधार की अपील की है। एफएआईएफए का कहना है कि टैक्स को ऐसा रखा जाए, जिससे सरकार की आय पर असर न पड़े और तस्करी भी न बढ़े, साथ ही किसानों को नुकसान न हो। एफएआईएफए ने शुक्रवार को एक बयान में कहा है कि अगर कर नीति स्थिर और संतुलित रहेगी, तो इससे किसानों की आमदनी बनी रहेगी, रोजगार सुरक्षित रहेगा और लंबे समय में लोगों के स्वास्थ्य से जुड़े लक्ष्य भी पूरे किए जा सकेंगे। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना जारी कर तंबाकू से जुड़े कुछ उत्पादों पर 1 फरवरी से नया उत्पाद शुल्क लगाया है। इसके तहत सिगरेट की लंबाई के हिसाब से 1,000 सिगरेट पर 2,050 रुपए से 8,500 रुपए तक टैक्स लगेगा। एफएआईएफए का कहना है कि इतने ज्यादा टैक्स से कंपनियों को अपने उत्पादों की कीमत बढ़ानी पड़ेगी। इससे बिक्री घटेगी और अंत में किसानों से तंबाकू की खरीद कम हो जाएगी। इससे बाजार में तंबाकू ज्यादा होगा और किसानों को नुकसान हो सकता है। एफएआईएफए के अध्यक्ष मुरली बाबू ने कहा कि सरकार ने जीएसटी 2.0 की घोषणा करते समय भरोसा दिया था कि तंबाकू पर कुल टैक्स पहले जैसा ही रहेगा और जीएसटी खुदरा कीमत के 40 प्रतिशत पर ही लगेगा।

बॉर्डर-2 : वरुण धवन ने बिना नाम लिए दी पाकिस्तान और बांग्लादेश को चेतावनी



23 जनवरी को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली फिल्म बॉर्डर-2 का क्रेज सोशल मीडिया पर बना हुआ है। शुक्रवार को फिल्म का आइकॉनिक गाना घर कब आओगे जैसलमेर में तनोट माता मंदिर के पास लॉन्च किया गया। जहां बीएसएफ के जवानों को सम्मानित भी किया गया, लेकिन सॉन्ग लॉन्च के दौरान वरुण धवन ने बिना किसी का नाम लिए पाकिस्तान और बांग्लादेश दोनों को चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि जो देश दूसरे देश को आजादी दिला सकता है, वो अपनी आजादी के लिए भी लड़ सकता है। बॉर्डर-2 के आइकॉनिक गाने घर कब आओगे के सॉन्ग लॉन्च पर अभिनेता वरुण धवन पूरे जोश के साथ दिखे। उन्होंने लॉन्च पर कहा कि वे बचपन से ही देश की रक्षा में तैनात भारतीय जवानों के साहस पर बनी फिल्म में काम करना चाहते थे। उन्होंने कहा, मैंने बचपन में बॉर्डर देखी थी और तब मुझे पहली बार महसूस हुआ था कि मुझे भी देशभक्ति से भरी फिल्म में काम करना है। इस मंच पर खड़े होकर मैं देख रहा हूं कि हर जगह ऑपरेशन सिंदूर के पोस्टर्स लगे हुए हैं। वैसे तो हमारा देश बहुत अमन, शांति और प्यार वाला देश है, लेकिन कभी-कभी बहुत जरूरी है बॉर्डर-2 जैसी फिल्मों का आना, क्योंकि इससे हमारे देश के जो यूथ हैं, उन्हें हम सबको बता दें कि हमारे देश में वो जज्बा है, वो हिम्मत है, जब-जब हमारी धरती मां को कोई आंख भी उठाकर देखेगा, तो हम उन्हें मुंहतोड़ जवाब दे सकते हैं। वरुण ने साल 1971 में पाकिस्तान और बांग्लादेश के विभाजन का भी जिक्र किया और कहा, अगर हम एक ओर पर 1971 में दूसरे देश को आजादी दिला सकते हैं, तो उसी वक्त हम खुद के फ्रीडम के लिए लड़ भी सकते हैं। ये जज्बा और हिम्मत आज भी हमारी सेना में मौजूद है। अभिनेता ने सभी से फिल्म देखने की अपील की है।इससे पहले सनी देओल भी फिल्म को लेकर इमोशनल नजर आए। उन्होंने बताया कि वे अपने पिता धर्मेंद्र की फिल्म हकीकत को देखकर बहुत प्रेरित हुए थे और उन्होंने फैसला लिया था कि एक फिल्म ऐसी करनी है। बता दें कि साल की शुरुआत में भी भारत सरकार ने पहलगाम हमले के बाद ऑपरेशन सिंदूर लॉन्च किया और पाकिस्तान को मुंह तोड़ जवाब दिया था। वहीं आज बांग्लादेश में भी हालात ठीक नहीं हैं। वहां हिंदुओं पर अत्याचार हो रहा है। ऐसे में वरुण धवन ने अपनी फिल्म के जरिए दोनों देशों को कड़ा संदेश दिया है।

जयपुर पहुँचे आशीष चंचलानी, शो 'एकाकी' को मिल रहे प्यार पर मीडिया से की बातचीत

यूट्यूबर और कंटेंट क्रिएटर आशीष चंचलानी अपने हाल ही में रिलीज़ हुए शो 'एकाकी' को मिल रहे जबरदस्त प्यार से काफी उत्साहित नजर आए। शो को दर्शकों से शानदार रिस्पॉन्स मिल रहा है और रिलीज़ के बाद से ही इसकी चर्चा लगातार बढ़ती जा रही है। इसी सिलसिले में आशीष चंचलानी अपनी टीम के साथ जयपुर पहुँचे। जयपुर पहुँचने के बाद आशीष चंचलानी ने मीडिया से बातचीत करते हुए अपने शो 'एकाकी' को मिल रहे प्यार पर खुशी जाहिर की। इस दौरान आशीष के साथ उनकी टीम आकाश डोडेजा, हर्ष राणे, सिद्धांत सरफारे और रोहित साधवानी भी मौजूद रही।

न्यूज गैलरी

इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट 9 एवं 10 जनवरी को रायपुर में

रायपुर/नवप्रदेश। द राइस एक्सपोर्टर्स एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ द्वारा इंडिया इंटरनेशनल राइस समिट (आईआईआरएस) 2026 का द्वितीय संस्करण 9 एवं 10 जनवरी को रायपुर के मायरा रिसॉर्ट में आयोजित किया जाएगा। इस समिट में राइस को लेकर विशेषज्ञ सत्र, पैनल डिस्कशन के साथ तकनीकी प्रस्तुतियां भी होंगी। केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, एपीईडीए, फिक्की, सीआईआई, टीपीसीआई एवं एआईआरईए के सहयोग से आयोजित राइस समिट में केन्द्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल तथा छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय सम्मिलित होंगे। समिट का प्रमुख फोकस नॉन-बासमती चावल, जीआई टैग वाली पारंपरिक किस्मों तथा फोर्टिफाइड राइस कर्नेल्स के निर्यात को बढ़ावा देना होगा। साथ ही चर्चाओं के माध्यम से खरीदार-विक्रेता संवाद को सशक्त किया जाएगा। राइस समिट में पश्चिम अफ्रीका, पूर्वी अफ्रीका, दक्षिणी अफ्रीका, लैटिन अमेरिका एवं कैरिबियन, दक्षिण-पूर्व एशिया तथा मध्य पूर्व जैसे प्रमुख उपभोक्ता क्षेत्रों से राजनयिकों एवं चावल आयातकों को आमंत्रित किया गया है। भारत आज विश्व का सबसे बड़ा चावल उत्पादक एवं निर्यातक देश है, जो वैश्विक चावल व्यापार का लगभग 40 से 45 प्रश हिस्सा रखता है और वैश्विक खाद्य सुरक्षा में निर्णायक भूमिका निभाता है।

तीन गांजा तस्करों को 20-20 साल की कठोर सजा

रायपुर/नवप्रदेश। भारी मात्रा में मादक पदार्थ गांजा के साथ पुलिस ने दो मुख्य आरोपियों के साथ कुल छह को गिरफ्तार किया था। इस मामले में रायपुर के विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एक्ट ने सुनवाई करते हुए तीन आरोपियों को 20-20 साल कठोर कारावास और दो-दो लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई है। एक साथी को दोषमुक्त करते हुए अन्य दो आरोपियों को फरार घोषित कर गैर जमानती वारंट जारी किया है। वहीं अर्थदंड भुगतान न करने पर छह-छह माह अतिरिक्त कठोर सजा का प्रावधान है। यह मामला कबीरनगर थाना क्षेत्र का है। इस मामले में अंतिम सुनवाई 2 जनवरी, शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश किरण थवाइत की कोर्ट में पूर्ण हुई। मामले की पैरवी करते हुए विशेष लोक अभियोजक भुवनलाल साहू ने कोर्ट को बताया कि 29 मई, 2024 को पुलिस ने मुखबिर की सूचना के आधार पर बीएसयूपी कॉलोनी जरवाय के पास दो मुख्य आरोपी अजरूद्दीन कुरैशी और अजय गौर को कार के साथ गिरफ्तार किया था। कार्रवाई के दौरान कार से कुल 60.468 किलोग्राम मादक पदार्थ गांजा भी बरामद हुआ था। इस मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया। करीब एक साल तक रिमांड जेल में रहने के बाद सभी आरोपी जमानत पर रिहा हुए। सुनवाई के दौरान दो आरोपी सूरज वर्मा और पृथ्वी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए। पुलिस ने घटनास्थल पर मिले साक्ष्य और आरोपियों के बयान कोर्ट में पेश किये। अभियोजक द्वारा कोर्ट से निवेदन किया गया कि अभियुक्तों ने गंभीर अपराध किया है। अधिकतम दंड से दंडित किया जाए। कोर्ट ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद तीन अभियुक्त अजरूद्दीन कुरैशी, अजय गौर व कन्हैया सिंह को 20-20 साल कठोर सजा और दो-दो लाख रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई।

सीआरपीएफ अफसर बनकर के डॉक्टर के एकाउंट से 4 लाख रुपए उड़ाए

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में अब सीआरपीएफ अफसर बनकर कैम्प के जवानों की जांच और इलाज कराने के नाम पर एक होमियोपैथिक डॉक्टर के बैंक एकाउंट से 4 लाख रुपए पार कर दिए गए. अफसर ने सरकारी पैसे से बिल भरने के लिए एकाउंट वैलीडेट होना जरूरी बताते हुए पासवर्ड समेत अन्य जानकारियां ली और दो बैंक एकाउंट से रकम दूसरे एकाउंट में ट्रांसफर कर ली गई. करीब सवा महीने पहले हुई वारदात की शिकायत पर पुलिस जांच शुरू हो गई है. पुलिस सूत्रों के मुताबिक न्यू पुरैना मारुति रेसीडेंसी निवासी डॉ. शिवकुमार सिंह ने पांच घंटे के भीतर अपना एकाउंट ब्लॉक करा लिया. केन्द्रीय पोर्टल पर शिकायत भी की गई. कई एकाउंट सीज भी किए गए लेकिन इससे पहले ही फ्रॉड की रकम निकाली जा चुकी थी. सील एकाउंट में केवल तीन हजार रुपए ही होल्ड हुए हैं. डॉ. सिंह कालीबाड़ी इलाके में क्लिनिक चलाते हैं. 29 नवंबर को उनके सेलफोन पर एक अननोन मोबाइल नंबर से कॉल आया. फोन करने वाले ने खुद को सीआरपीएफ अफसर बताया. डॉक्टर से कहा गया कि कैम्प के 35 मरीजों-जवानों का इलाज कराना है. सोमवार से जांच शुरू कराई जाएगा. इसके बाद फीस आदि की जानकारी ली गई और शासकीय कार्य की राशि का भुगतान वैलीडेट एकाउंट पर ही किए जाने का झांसा दिया गया. डॉक्टर से एकाउंट की जानकारी मांगी गई. डॉ. सिंह ने अपने सहयोगी का नंबर दिया तो कथित अफसर ने दूसरे मोबाइल से उसे वीडियो कॉल किया. उससे भी एकाउंट समेत कई और जानकारियां ली गई. इसी दौरान पासवर्ड भी ले लिए गए. डॉक्टर ने पीएनबी और एसबीआई एकाउंट की जानकारी दी थी. इन्हीं दो एकाउंट से 3 लाख 98 हजार 984 रुपए दूसरे एकाउंट में ट्रांसफर कर लिए गए.

जशपुर में कड़ाके की ठंड और घना कोहरा, एनएच 43 पर थमी रफ्तार

जशपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले में इन दिनों कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सुबह से घना कोहरा छाए रहने के कारण विजिब्लिटी बेहद कम हो गई है, जिससे वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग NH-43 पर वाहन चालक धीमी रफ्तार में वाहन चलाने को मजबूर नजर आए। ठंड और कोहरे के कारण सुबह के समय सड़क पर वाहनों की रफ्तार थमी रही। कई स्थानों पर लोग अलाव जलाकर ठंड से बचाव करते दिखे। विशेषकर ग्रामीण इलाकों में ठंड का असर ज्यादा देखने को मिल रहा है। जशपुर जिले के सन्ना और पंडरापाठ क्षेत्र में तापमान गिरकर 7 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। अत्यधिक ठंड के कारण इन क्षेत्रों में बर्फबारी जैसी स्थिति भी देखी गई, जिससे ठंड और बढ़ गई है। ठंड के इस प्रकोप से आमजन के साथ-साथ स्कूली बच्चों, बुजुर्गों और दैनिक कामकाज करने वालों को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। मौसम विभाग के अनुसार, आगामी दिनों में ठंड और बढ़ने की संभावना है, ऐसे में लोगों को सावधानी बरतने एवं आवश्यक एहतियात अपनाने की सलाह दी गई है।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया

3 किलोवाट के सोलर रूफटॉप में बैटरी का झंझट खत्म, अब आसान हुआ रखरखाव

रायपुर/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना को लेकर छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने महत्वपूर्ण स्पष्टीकरण जारी किया है। विभाग ने उन भ्रांतियों को सिरे से खारिज कर दिया है जिनमें कहा जा रहा था कि सोलर प्लांट के रखरखाव का खर्च बिजली की बचत से अधिक है। पावर कंपनी के विशेषज्ञों के अनुसार, 3 किलोवाट तक के संयंत्रों में बैटरी की आवश्यकता ही नहीं होती, जिससे रखरखाव बेहद आसान और किफायती हो गया है।

भ्रामक प्रचार पर पावर कंपनी का प्रहार

हाल ही में सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से यह प्रचार किया जा रहा था कि सोलर पैनल

लगाने के बाद बैटरी और मेंटेनेंस पर भारी खर्च आता है। इस पर स्पष्टीकरण देते हुए कंपनी ने कहा कि 3 किलोवाट तक के ऑन-ग्रिड सिस्टम में बैटरी लगाने की जरूरत ही नहीं पड़ती। ऐसे में बैटरी बदलने या उसके खराब होने का सवाल ही पैदा नहीं होता। वर्तमान में छत्तीसगढ़ के हजारों उपभोक्ता इस योजना का लाभ उठाकर अपना बिजली बिल शून्य कर रहे हैं।

रखरखाव को लेकर ये हैं मुख्य बातें

बैटरी की लंबी उम्र: यदि कोई उपभोक्ता 'हाइब्रिड' सिस्टम चुनता है, तो उसमें आधुनिक लिथियम-आयन बैटरी दी जा रही है। इनका लाइफसाइकिल (6,000 बार चार्ज-डिस्चार्ज) बहुत अधिक है। 5 से 10 साल की वारंटी: वेंडर्स द्वारा बैटरी पर 5 से 10 साल तक की लंबी वारंटी दी जा रही है। अनिवार्य रखरखाव अनुबंध: योजना के नियमों के तहत वेंडर को 5 वर्ष तक वार्षिक रखरखाव देना अनिवार्य है। यानी 5 साल तक उपभोक्ता पर कोई अतिरिक्त वित्तीय बोझ नहीं आएगा। आसान सफाई: सोलर पैनल पर धूल जमने से बिजली उत्पादन में कमी आने की समस्या को सामान्य पानी से धोकर ठीक किया जा सकता है। इसके लिए किसी विशेष तकनीकी ज्ञान या महंगे खर्च की जरूरत नहीं है।

पुराने उदाहरणों पर न जाएं उपभोक्ता

पावर कंपनी ने स्पष्ट किया कि कुछ लोग वर्ष 2019 के पुराने उदाहरणों का हवाला देकर भ्रांति फैला रहे हैं। जबकि प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना 13 फरवरी 2024 को नए और कड़े तकनीकी मानकों के साथ शुरू की गई है। पुरानी और अप्रचलित तकनीकों के आधार पर वर्तमान योजना की गुणवत्ता पर सवाल उठाना पूरी तरह से गलत है।

सब्सिडी और ऋण की सुविधा

केंद्र और राज्य सरकार न केवल इस पर भारी सब्सिडी दे रही है, बल्कि बैंक भी महज 6 प्रतिशत ब्याज दर पर ऋण उपलब्ध करा रहे हैं। इससे सोलर प्लांट लगाना अब आम आदमी के बजट में आ गया है। हजारों लोग शून्य बिजली बिल का लाभ उठा रहे हैं। 3 किलोवाट तक बैटरी की जरूरत नहीं है।

खदान में दो गुटों के बीच भिड़ंत, मारपीट का वीडियो वायरल

वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल होने के बाद कार्रवाई में जुटी पुलिस

कोरबा/नवप्रदेश। एसईसीएल गेवरा खदान क्षेत्र में शनिवार को दो गुटों के बीच हुए विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। दोनों पक्षों के बीच कहासुनी के बाद मारपीट शुरू हो गई, जो देखते ही देखते बवाल में बदल गई। घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। बताया जा रहा है कि यह विवाद केसीपीएल और केके इंटरप्राइजेज के कर्मचारियों के बीच हुआ।

विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर लात-घूंसे बरसा दिए। घटना के दौरान मौके पर मौजूद सुरक्षा कर्मियों ने बीच-बचाव की कोशिश की, लेकिन झड़प इतनी तीव्र थी कि सुरक्षाकर्मी भी बीच में फंस गए और उन्हें भी हाथापाई का शिकार होना पड़ा। कर्मचारियों का कहना है कि खदान में इस तरह की

घटनाएं अब आए दिन घट रही हैं।

स्थानीय सूत्रों का आरोप है कि खदान में बढ़ते विवाद और दबंगई के बावजूद प्रबंधन हस्तक्षेप करने से बचता है। कर्मचारियों का कहना है कि खदान प्रबंधन के उदासीन रवैये के कारण परिस्थितियां नियंत्रण से बाहर होती जा रही हैं। पहले खदान परिसर में निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे और किसी भी मारपीट या लापरवाही पर संबंधित कंपनी पर जांच के बाद कड़ी कार्रवाई की जाती थी, यहां तक कि ब्लैकलिस्ट तक किया जाता था। लेकिन कथित तौर पर वह सिस्टम अब कमजोर पड़ गया है, जिससे कर्मचारियों में अनुशासन और कार्रवाई का भय खत्म होता दिख रहा है।

कर्मचारियों का कहना है कि यदि समय रहते सख्त कदम नहीं उठाए गए तो कभी भी खदान परिसर में बड़ी घटना घट सकती है। वहीं सूत्रों का दावा है कि एसईसीएल प्रबंधन को घटना की जानकारी दे दी गई है, लेकिन अब तक किसी बड़े कदम या आधिकारिक बयान का इंतजार किया जा रहा है। इस मामले में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू ने बताया कि शिकायत दर्ज की गई है, जहां घटनाक्रम की जानकारी लेते हुए कड़ी कार्रवाई की बात कही है।

5 लाख विद्यार्थी एक साथ एक समय में गाएंगे वंदे मातरम्

रायपुर/नवप्रदेश। वंदे मातरम् गीत की 150वीं वर्षगांठ पर रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 5 लाख विद्यार्थी एवं युवा 15 जनवरी को दोपहर 12:55 बजे एक साथ सामूहिक रूप से वंदे मातरम् गीत का गायन करेंगे। इसमें रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक स्कूल और कॉलेज के विद्यार्थी हिस्सा लेंगे। वहीं मुख्य आयोजन सुभाष स्टेडियम में होगा, जिसमें 20 हजार युवा गायन करेंगे। देशभक्ति गीत पर रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी होगा। इस दौरान हेलीकॉप्टर से फूलों की वर्षा की जाएगी।

इस कार्यक्रम की तैयारी के लिए शनिवार को सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों की बैठक लेकर दिशा-निर्देश जारी किये। कार्यक्रम संयोजक दानसिंह देवांगन ने बताया कि रायपुर भारत देश का पहला लोकसभा क्षेत्र हैं, जहां एक साथ एक ही समय पर 5 लाख युवाओं द्वारा वंदे मातरम् का गान किया जाएगा। रायपुर लोकसभा क्षेत्र के 3000 से अधिक स्कूल-कॉलेजों में देश की आजादी के दौरान गाये गए गीत का विद्यार्थियों द्वारा वाचन किया जाएगा। इस मौके पर सांसद श्री अग्रवाल ने कहा कि वंदे मातरम् गीत का रायपुर का यह आयोजन इतिहास रचेगा। बैठक में जिला पंचायत सीईओ कुमार विश्वरंजन, निजी विवि आयोग के अध्यक्ष वीके गोयल, पं. रविशंकर विवि के कुलसचिव एसके पटेल, कुलसचिव तकनीकी विवि के कुलसचिव दिनेश सिन्हा, आयुष विवि के कुलसचिव सूरज कुमार साहू, डिप्टी डायरेक्टर हेल्थ एएस कन्नौजे, एडिशनल कमिश्नर नगर निगम मनोज पांडेय, एनसीसी से स्क्वाड्रन लीडर एम जोरार, जिला स्कूल शिक्षा विभाग के सहायक संचालक एम मिंज, एनटीपीसी के डीजीएम कम्यूनिकेशन सहदेव सेठी, डॉ. लुकेश्वर सिंह गजपाल, प्रोग्राम कोआर्डिनेशन एनएसएस रायपुर, मृत्युंजय शुक्ला सचिव स्काउड गाइड, जिला खेल अधिकारी प्रवेश जोशी, कृषि विवि श्रीकांत चितले व जवाहर नवोदय विद्यालय माना लक्ष्मी सिंह आदि उपस्थित थे।

रेलवे स्टेशन के बाद थाने के भीतर पुलिसकर्मी को पीटा, 10 दिन बाद भी आरोपी फरार

रायपुर में कानून का खौफ खत्म!

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में खाकी का इकबाल खत्म होता नजर आ रहा है. रायपुर रेलवे स्टेशन पर नो-पार्किंग में खड़े वाहनों पर कार्रवाई करने गई ट्रैफिक पुलिस की टीम पर न केवल स्टेशन परिसर में हमला हुआ, बल्कि उपद्रवी भीड़ ने गंज थाने के भीतर घुसकर भी पुलिसकर्मी के साथ मारपीट की. हैरान करने वाली बात यह है कि घटना के 10 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस के हाथ खाली हैं.

फिलहाल, पुलिस सीसीटीवी फुटेज और वाहन नंबरों के आधार पर आरोपियों की शिनाख्त करने का दावा कर रही है, लेकिन 10 दिन बाद भी किसी की गिरफ्तारी न होना रायपुर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा है. घटना 22 दिसंबर की शाम की है. फाफाडीह ट्रैफिक थाने की टीम क्रेन लेकर रेलवे स्टेशन इलाके में गश्त पर थी. शाम करीब 5:30 बजे स्टेशन के मुख्य द्वार और एटीएम बूथ के पास अवैध रूप से खड़ी मोटरसाइकिलों के कारण जाम की स्थिति बन रही थी. जब आरक्षक मोतीलाल लहरे और उनकी टीम ने इन वाहनों को क्रेन से उठाना शुरू किया, तब 10-15 युवकों की भीड़ वहां पहुंच गई.

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, भीड़ ने कार्रवाई का विरोध करते हुए आरक्षक मोतीलाल लहरे के साथ धक्का-मुक्की और गाली-गलौज शुरू कर दी. उस वक्त आरपीएफ के जवानों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया, जिसके बाद ट्रैफिक पुलिस जब्त वाहनों को लेकर गंज थाना परिसर पहुंची. विवाद यहीं खत्म नहीं हुआ. आक्रोशित भीड़, जिसमें कुछ महिलाएं भी शामिल थीं, पुलिस का पीछा करते हुए गंज थाने के भीतर तक पहुंच गई. वहां आरोपियों ने पुलिस पर ही महिलाओं के साथ बदसलूकी का आरोप लगाते हुए हंगामा शुरू कर दिया. इसी गहमागहमी के बीच भीड़ ने आरक्षक मोतीलाल लहरे पर दोबारा हमला कर दिया और उनके साथ मारपीट की. इस मामले में गंज पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 132, 221, 296 और 3(5) के तहत शासकीय कार्य में बाधा और मारपीट का मामला दर्ज किया है. सूत्रों के अनुसार, हमलावरों में एक युवक खुद को पुलिसकर्मी का रिश्तेदार बता रहा था.

गोंदईया एनीकट को लेकर हुई शिकायत

एनीकट के टेंडर को अधिक दर पर मंजूर करने की कवायदों पर विवाद

रायपुर/नवप्रदेश। जल संसाधन विभाग में एनीकट के टेंडर अधिक दर पर स्वीकृत करने की अनुशंसा को लेकर अंदरूनी विवाद गहराने लगा है। जल संसाधन संभाग कोटा के दायरे में आने वाले गोन्दईया एनीकट के टेंडर में 18 फीसदी अधिक राशि की स्वीकृति की अनुशंसा कर राज्य शासन को स्वीकृति के लिए भेजे जाने की शिकायत हो गई है। मुख्य अभियंता कार्यालय हसदेव गंगा कछार द्वारा टेंडर स्वीकृति के सामान्य औसत पैमाने से अलग फाइल तैयार कर अनुशंसा करने के पीछे निजी फर्म को अतिरिक्त फायदा पहुंचाने का जिक्र किया गया है।

संबंधित कार्यालय द्वारा ही पूर्व में जल संसाधन संभाग पेंड्रा रोड के तहत माझी पारा स्टॉप डेम कम कॉजवे निर्माण के मामले में भी 8 फीसदी अधिक दर पर स्वीकृति देने का उल्लेख किया गया है। मुख्य अभियंता कार्यालय हसदेव गंगा कछार में पूर्व में भी टेंडर प्रक्रियाओं को लेकर इसी तरह की शिकायतें सामने आती रही हैं। इसकी पीएमओ और राज्य शासन के साथ मुख्यमंत्री कार्यालय में भी लिखित शिकायत भेजी गई है। इन शिकायतों में जल संसाधन संभाग कोरबा के तहत सेंदरी पाल जलाशय योजना के शीर्ष और नहर कार्य को 9.99 फीसदी अधिक दर पर स्वीकृत कराए जाने का उल्लेख किया गया है। बताया जा रहा है कि विभाग में अमूमन 10 से 20 फीसदी कम दर पर ही टेंडर स्वीकृत किए जाते रहे हैं। इसके बावजूद गोंदईया एनीकट के मामले में चहेते ठेकेदार को अफसरों द्वारा 8 से 10 फीसदी अधिक दर पर टेंडर स्वीकृत कराने की कोशिशें हो रही हैं। संबंधित क्षेत्र के पूरे टेंडर प्रक्रिया की जांच की भी मांग हो रही है।

विधायक और महापौर ने 5 घंटे बहाया पसीना

खारून को प्रदूषण मुक्त बनाने का मास्टर प्लान

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर को स्वच्छता और सुनियोजित विकास के मामले में इंदौर की तर्ज पर विकसित करने की कवायद तेज हो गई है। रायपुर पश्चिम विधायक व पूर्व कैबिनेट मंत्री राजेश मूणत, महापौर मीनल चौबे और निगम आयुक्त विश्वदीप ने रविवार सुबह लगातार 5 घंटे फील्ड पर रहकर शहर की ड्रेनेज व्यवस्था और डंपिंग यार्ड का निरीक्षण किया। विधायक मूणत ने स्पष्ट निर्देश दिए कि ऐसी ठोस कार्ययोजना बनाई जाए जिससे शहर के नालों का एक बूंद गंदा पानी भी खारून नदी में न मिले।

सरोना डंपिंग यार्ड: 80% कचरा साफ अब सीमांकन की बारी: निरीक्षण दल सबसे पहले सरोना डंपिंग यार्ड पहुंचा। यहां

पोकलेन मशीनों के जरिए कचरा हटाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है और लगभग 80 प्रतिशत क्षेत्र साफ किया जा चुका है। विधायक और महापौर ने अधिकारियों को शेष कार्य जल्द पूरा करने और सरोना क्षेत्र की रिक्त शासकीय भूमियों का तत्काल सीमांकन करने के निर्देश दिए। इन भूमियों पर जनहित की नई परियोजनाएं शुरू करने के लिए शासन को प्रस्ताव भेजा जाएगा।

नालों का गंदा पानी बनेगा निगम की कमाई का जरिया: चिंगरी और पीहर नाला के निरीक्षण के दौरान विधायक राजेश मूणत ने एक महत्वपूर्ण विजन साझा किया। उन्होंने कहा कि इन नालों की ऐसी सुव्यवस्थित सफाई हो कि पानी ओवरफ्लो न हो और सीधे सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट पहुंचे।

ट्रीटमेंट के बाद सप्लाई: एसटीपी में उपचारित होने वाले पानी को औद्योगिक समूहों को बेचा जाएगा। होगी आय: इससे नगर निगम के लिए राजस्व का एक नया और स्थायी स्रोत विकसित होगा।

'इंदौर जैसी घटना न हो' - महापौर की हिदायत: महापौर मीनल चौबे ने अधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि रायपुर में इंदौर जैसी (स्वच्छता या अव्यवस्था संबंधी) कोई भी अप्रिय स्थिति उत्पन्न नहीं होनी चाहिए। उन्होंने चंदनीडीह स्थित 75 एमएलडी एसटीपी और स्काडा सिस्टम कंट्रोल रूम का जायजा लिया। अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि खारून नदी की पवित्रता बनाए रखने के लिए यह सुनिश्चित करें कि नालों का गंदा पानी नदी में मिलने के बजाय सीधे प्लांट तक पहुँचे।

निरीक्षण दल में ये रहे शामिल: इस उच्च स्तरीय निरीक्षण के दौरान जोन 8 के अध्यक्ष प्रीतम सिंह ठाकुर, पार्षद महेंद्र औसर, अपर आयुक्त विनोद पाण्डेय, अधीक्षण अभियंता पी. राजेश नायडू, इमरान खान, जोन कमिश्नर राजेश्वरी पटेल सहित स्वच्छ भारत मिशन और स्वास्थ्य विभाग के तमाम अधिकारी उपस्थित थे।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक प्रधान संपादक यशवंत धोटे द्वारा, मिनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रीयल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पलेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, RNI NO.CHHHIN/2015/62431, संपादक-चन्द्रशेखर* (पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए उत्तरदायी), स्थानीय संपादक-विक्रम सिंह ठाकुर, फोन नंबर : 07752-468654, navpradeshbilaspur01@gmail.com